Page 11
खेल



# सोन वर्षा वाणी

जन-जन की वाणी...

हिन्दी दैनिक

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित

Page 09
देश



**टी-20 वर्ल्ड कप के बीच क्रिकेटर रिंकू सिंह पर टूटा दुखों का पहाड़, पिता का हुआ निधन**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन से पहले अजमेर में सुरक्षा का कड़ा कवच**

शुक्ल पक्ष, पुष्य, विक्रम संवत् 2082

• औरंगाबाद • शनिवार • 28 फरवरी 2026 • वर्ष 27 • अंक 89 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 1,48,100 | ₹ 2,85,000 |

## आज का इतिहास

**1707 :** भारतीयों ने दीरफील्ड मास पर हमला किया 40 मारे गए और 100 का अपहरण।

**1896 :** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में पहली बार वंदेमातरम गाया गया।

## न्यूज बाइट्स

### ईडब्ल्यूएस को उम्रसीमा में नहीं मिलेगी छूट

**पटना (नि.सं.)।** बिहार में आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के अभ्यर्थियों को नियुक्ति परीक्षा में उम्र सीमा में छूट नहीं मिलेगी। संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी ने विधानसभा में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बनाए गए एक्ट के अनुसार, किसी भी राज्य में ईडब्ल्यूएस के लिए उम्र सीमा में छूट का प्रावधान नहीं है। आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के अभ्यर्थियों को नियुक्ति परीक्षा या अन्य में उम्र सीमा में छूट नहीं मिलेगी। यह जानकारी संसदीय कार्य मंत्री विजय चौधरी ने विधानसभा में शुक्रवार को विधायक अनिल सिंह के गैरसरकारी संकल्प के जवाब में दी। उन्होंने कहा कि ईडब्ल्यूएस को आरक्षण देने के संबंध में केंद्र सरकार ने जो एक्ट बनाया है, उसे अपने यहां लागू करने के लिए राज्य सरकार ने नियमावली बनायी है।

बिहार में 10 मार्च तक 'खजाने' पर पहरा

# सख्त आदेश : वेतन-पेंशन के अलावा अन्य भुगतान पर रोक

• शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पथ निर्माण और ग्रामीण विकास योजनाओं के भुगतान प्रभावित।

निज संवाददाता | पटना

वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति से पहले बिहार सरकार ने वित्तीय अनुशासन को लेकर सख्त कदम उठाया है। बिहार वित्त विभाग ने निर्देश जारी करते हुए 10 मार्च तक वेतन और पेंशन जैसे अनिवार्य खर्चों को छोड़कर अन्य सभी मदों में राशि निकासी पर रोक लगा दी है। इस फैसले से विभिन्न विभागों के अरबों रुपये के बिलों का भुगतान फिलहाल अटक गया है। विभाग के विशेष सचिव मुकेश कुमार लाल द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि वित्तीय वर्ष के अंतिम चरण में कोषागारों पर अनावश्यक दबाव कम करने और बजट प्रबंधन को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है। आदेश सभी अपर मुख्य सचिवों, सचिवों, प्रमंडलीय आयुक्तों और जिलाधिकारियों को भेज दिया गया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि केवल 'स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय' से जुड़े भुगतान ही जारी रहेंगे। इनमें नियमित सरकारी कर्मचारियों का वेतन, सेवानिवृत्त कर्मियों की पेंशन, संविदा कर्मियों का मानदेय और अनिवार्य अनुदान (ग्रांट-इन-एड) शामिल हैं।

वित्त विभाग ने बिहार कोषागार संहिता, 2011 का हवाला देते हुए कहा है कि बजट राशि का उपयोग पारदर्शी और नियंत्रित तरीके से किया जाना चाहिए। मार्च के अंतिम दिनों में बजट खपत की होड़ ('मार्च रश') के कारण अनियमित भुगतान की आशंका बढ़ जाती है। सरकार इसी प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना चाहती है। आदेश के बाद कई विभागों ने ट्रेजरी में नए बिल भेजना फिलहाल रोक दिया है, जबकि पहले से जमा बिलों का भुगतान 10 मार्च के बाद नियमित जांच के उपरांत ही किया जाएगा। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें।

### इन भुगतानों को मिलेगी छूट



सरकार ने स्पष्ट किया है कि केवल स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय मदों के भुगतान ही जारी रहेंगे।

नियमित सरकारी कर्मचारियों का वेतन।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों की पेंशन।

संविदा कर्मियों का मानदेय।

### विकास योजनाओं पर असर

निकासी पर रोक के कारण शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पथ निर्माण और ग्रामीण विकास विभागों से जुड़े भुगतान प्रभावित हुए हैं। भोजपुर सहित कई जिलों में कार्य पूर्ण होने के बावजूद ठेकेदारों को भुगतान नहीं मिल पा रहा है। होली से पहले भुगतान अटकने से संबंधित ठेकेदारों और कर्मियों में नाराजगी देखी जा रही है।

### विभागों व ठेकेदारों का फंसा अरबों का बिल और राशि

भोजपुर जिले में शिक्षा विभाग, बिजली, स्वास्थ्य, पथ निर्माण, ग्रामीण सड़क निर्माण, पंचायती राज, भवन, अंचल और प्रखंड सहित दर्जनों विभाग के लोग अब राशि की निकासी दस मार्च तक नहीं कर पाएंगे। जिस कारण कई विभाग अब बिल ट्रेजरी में भेज ही नहीं रहे हैं, यहीं कई का ट्रेजरी में जाकर बिल जमा है। कार्य होने के बाद राशि नहीं मिलने के कारण अब इन लोगों की होली फीकी हो जाएगी।

दिल्ली शराब नीति केस

# अरविंद केजरीवाल और सिसोदिया बरी सीबीआई के आरोप कोर्ट में नहीं टिके

• दिल्ली के शराब घोटाला मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया समेत सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि आरोपों के समर्थन में ठोस और पर्याप्त सबूत नहीं थे।




एजेंसी | नई दिल्ली

अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को दिल्ली की कथित शराब नीति मामले में बड़ी राहत मिली है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (केंद्रीय जांच ब्यूरो) द्वारा दायर केस में दोनों समेत सभी आरोपियों को बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोप सिद्ध नहीं होते। इस मामले में सीबीआई ने कुल 23 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। हालांकि, अदालत ने आरोप तय करने से ही इनकार करते हुए सभी आरोपियों को डिस्चार्ज कर दिया। कोर्ट के फैसले के बाद आम आदमी पार्टी ने इसे "सत्य की जीत" बताया।

फैसले के बाद अरविंद केजरीवाल ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से उन पर और उनकी पार्टी पर शराब घोटाले के आरोप लगाए जा रहे थे, लेकिन आज अदालत ने सभी आरोप खारिज कर दिए। उन्होंने कहा कि उन्हें भारतीय न्याय प्रणाली पर हमेशा भरोसा था और न्याय मिलने पर उन्होंने न्यायाधीश का आभार व्यक्त किया।

केजरीवाल ने भावुक होते हुए कहा कि उन्हें छह महीने तक जेल में रखा गया, जबकि तत्कालीन उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को करीब दो वर्षों तक जेल में रहना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी को खत्म करने के उद्देश्य से यह "राजनीतिक षड्यंत्र" रचा गया।

केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्ता के लिए इस तरह संविधान और लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में महंगाई, बेरोजगारी, खराब सड़कें और प्रदूषण जैसी समस्याओं पर ध्यान देने की जरूरत है। वहीं, मनीष सिसोदिया ने कोर्ट के फैसले के बाद कहा कि उन्हें भारतीय संविधान और इसके निर्माता भीमराव अंबेडकर पर गर्व है। उन्होंने कहा कि यह सच की जीत है और न्यायपालिका पर उनका विश्वास और मजबूत हुआ है। यह फैसला दिल्ली की राजनीति में अहम माना जा रहा है और इसके दूरगामी राजनीतिक प्रभाव पड़ सकते हैं।

### क्या है पूरा मामला?

यह मामला दिल्ली सरकार की 2021-22 की आबकारी (शराब) नीति से जुड़ा है, जिसमें भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए थे। दिल्ली के मुख्य सचिव रहे नरेश कुमार की रिपोर्ट के बाद उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। बाद में सीबीआई ने मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू की थी। 26 फरवरी 2023 को सीबीआई ने इस मामले में मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार किया। 21 मार्च 2024 को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लंबी पूछताछ के बाद अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। इसके बाद 26 जून को सीबीआई ने उन्हें जेल से ही हिरासत में ले लिया।

## एक अप्रैल से शुरू होगी गेहूं, दलहन और तेलहन की सरकारी खरीद

**पटना (नि.सं.)।** केंद्र सरकार के निर्देश पर राज्य में एक अप्रैल से किसानों से गेहूं सरकारी अधिप्राप्ति होगी। साथ ही, राज्य में दलहन और तेलहन की भी अधिप्राप्ति होगी। केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य के आधार पर पैक्सों एवं व्यापार मंडलों के अलावा भारतीय खाद्य निगम के माध्यम गेहूं, दलहन और तेलहन की खरीद की जाएगी। इस वर्ष गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। गेहूं की सरकारी खरीद उन्हीं किसानों से होगी जिनका निबंधन कृषि विभाग के पोर्टल पर रहेगा। किसानों के लिए आनलाइन निबंधन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है।

## त्योहारी बसों को तीन दिनों में 52 लाख से अधिक का अनुदान

निज संवाददाता | पटना

बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (बीएसआरटीसी) द्वारा होली-ईद को देखते हुए दिल्ली, हरियाणा, झारखंड और पश्चिम बंगाल के लिए शुरू की गई त्योहारी अंतरराज्यीय बस सेवा को यात्रियों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने बताया कि 23 से 25 फरवरी के बीच इन बसों की टिकट बुकिंग पर यात्रियों को 52 लाख 22 हजार रुपये से अधिक की सब्सिडी दी गई है। इन तीन दिनों में करीब 8 हजार यात्रियों ने इस सेवा का लाभ उठाया। इस अवधि में 28 बसें अप रूट (बिहार से अन्य राज्यों की ओर) चलीं, जबकि 23 बसें डाउन रूट (अन्य राज्यों से बिहार की ओर) आईं। दिल्ली-मुजफ्फरपुर, दिल्ली-सीतामढ़ी और दिल्ली-सीवान मार्गों पर यात्रियों की संख्या सबसे अधिक रही।

निगम के अनुसार यह विशेष सेवा 23 मार्च तक जारी रहेगी। होली और ईद के मद्देनजर दिल्ली और हरियाणा के लिए कुल 118 एसी बसों का परिचालन किया जाएगा। इनमें पटना से 21, मुजफ्फरपुर से 38, पूर्णिया से 12, दरभंगा से 29 और गया से 18 बसें चलाई जाएंगी। यात्री टिकट बुकिंग निगम की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से कर सकते हैं। इसके अलावा बस स्टैंडों पर ऑफलाइन और ऑन-स्पॉट बुकिंग की सुविधा भी उपलब्ध है।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में पांच वर्षों में नौ फीसदी खर्च की हुई बढ़ोतरी

निज संवाददाता | पटना

बिहार के आंगनबाड़ी केंद्रों में पिछले पांच वर्षों में 9 फीसदी की वार्षिक वृद्धि दर से खर्च की बढ़ोतरी हुई है। आंगनबाड़ी केंद्रों की गतिविधियों पर खर्च के लिए वर्ष 2019 -20 में 1735.7 करोड़ का बजट निर्धारित था जो 2024-25 में यह राशि बढ़कर 2648. 47 करोड़ हो गया। यह 9.3 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर का प्रदर्शित करता है। राज्य में करीब 54 लाख बच्चे आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़े हैं। बच्चों की देखरेख और पोषण के मामले में आंगनबाड़ी केंद्रीय स्थान बन गया है। समाज कल्याण विभाग के तहत संचालित समेकित बाल विकास परियोजना निदेशालय के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों में नामांकित बच्चों के शिक्षण और पोषण के साथ, किशोरियों एवं महिलाओं के पोषण की भी व्यवस्था की गई है। 2024-25 में 2418 करोड़ केंद्र सरकार ने दिए विभाग के अनुसार, वर्ष 2024-25 में आंगनबाड़ी केंद्रों की कुल खर्च की तय राशि में 2648. 47 करोड़ केंद्र सरकार की ओर से उपलब्ध कराए गए।

शेष राशि राज्य सरकार की ओर से खर्च किया गया। केंद्र सरकार की ओर से दी गई राशि कुल तय खर्च की राशि का 90.15 प्रतिशत है। इस वित्तीय वर्ष में तय राशि में से कुल 2387.65 करोड़ खर्च किए गए। आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन में अधिकतम राशि बच्चों एवं किशोरियों के पोषण एवं स्वास्थ्य की देखभाल पर खर्च की गई। राज्य के आंगनबाड़ी केंद्रों को प्री-स्कूल की तर्ज पर शिक्षा का केंद्र बनाने की दिशा में तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके लिए सभी बच्चों को दो पोशाक दिए जाने को लेकर जीविका परियोजना के साथ करार किया गया है और उन्हें इसकी आपूर्ति अप्रैल से जून तक करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## इंटर की कॉपियों का मूल्यांकन शुरू, चलेगा 10 मार्च तक

निज संवाददाता | पटना

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बीएसईबी) की इंटर वार्षिक परीक्षा 2026 की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन 27 फरवरी से जारी है और यह 10 मार्च तक चलेगा। होली पर्व को देखते हुए 3 और 4 मार्च को मूल्यांकन कार्य स्थगित रहेगा। बोर्ड के अनुसार मूल्यांकन प्रतिदिन एक ही पाली में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक हो रहा है। आवश्यकता पड़ने पर परीक्षकों को शाम 6 बजे तक भी कार्य करना पड़ रहा है। सभी परीक्षक, सुपरवाइजर एवं संबंधित कर्मियों के लिए सुबह 8 बजे तक निर्धारित मूल्यांकन केंद्र पर उपस्थित होना अनिवार्य है।

समिति ने स्पष्ट किया है कि जिस दिन उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन हो रहा है, उसी दिन संबंधित अंकों को ऑनलाइन अपलोड किया जा रहा है। इंटर परीक्षा के लिए प्रतिनियुक्त शिक्षक एवं कर्मी अपने-अपने केंद्रों पर योगदान दे चुके हैं और प्रक्रिया सुचारु रूप से चल रही है।

### मैट्रिक की कॉपियों का मूल्यांकन 2 से 13 मार्च तक होगा

बीएसईबी की मैट्रिक वार्षिक परीक्षा 2026 की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन 2 मार्च से 13 मार्च तक किया जाएगा। बोर्ड ने विषयवार परीक्षक और प्रधान परीक्षकों की नियुक्ति कर दी है। नियुक्ति पत्र समिति की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। समिति ने संबंधित एमपीपी को निर्देश दिया है कि वे नियुक्ति पत्रों का वितरण सुनिश्चित करें और चयनित परीक्षकों को निर्धारित तिथि पर अनिवार्य रूप से योगदान देने के लिए निर्देशित करें। बोर्ड ने मूल्यांकन कार्य को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूरा करने पर जोर दिया है।

## बिहार में शिक्षकों के प्रमोशन की तैयारी, अप्रैल से प्रक्रिया संभव



निज संवाददाता | पटना

बिहार के सरकारी शिक्षकों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। राज्य सरकार ने लगभग एक दशक से सेवारत शिक्षकों को प्रमोशन देने का निर्णय लिया है। नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत के साथ अप्रैल से प्रमोशन प्रक्रिया शुरू होने की संभावना जताई जा रही है। प्रमोशन के साथ वेतन वृद्धि का भी रास्ता साफ होगा। विधान परिषद में एमएलसी प्रो. संजय कुमार सिंह ने शिक्षकों के प्रमोशन का मुद्दा उठाया। इस पर शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने जवाब देते हुए कहा कि चालू वित्तीय वर्ष समाप्त होने के बाद प्रमोशन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी।

बिहार विधानमंडल के बजट सत्र के अंतिम दिन धर्म परिवर्तन और तथाकथित 'लव जिहाद' का मुद्दा भी सदन में उठा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 12 विधायकों ने राज्य में धर्म परिवर्तन के खिलाफ कड़ा कानून बनाने की मांग की। ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के तहत भाजपा विधायक वीरेंद्र कुमार ने कहा कि धर्मांतरण के कारण राज्य में मुस्लिम और ईसाई आबादी में वृद्धि हुई है तथा सीमावर्ती जिलों में जनसंख्या संतुलन प्रभावित होने की आशंका है।

होली से पहले पटना में बर्ड फ्लू की दस्तक

## 6000 मुर्गियां दफन, एक किमी क्षेत्र इंफेक्शन जोन घोषित

निज संवाददाता | पटना



होली से ठीक पहले राजधानी पटना में बर्ड फ्लू का खतरा गहरा गया है। कौवों के बाद अब मुर्गियों में भी संक्रमण की पुष्टि हुई है। चितकोहरा स्थित कौशल नगर में बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के पोल्ट्री अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र के मुर्गी फार्म में करीब 6000 मुर्गियां संक्रमित पाई गईं। संक्रमण की पुष्टि होते ही डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग ने सभी मुर्गियों को वैज्ञानिक तरीके से दफना दिया और पूरे परिसर का व्यापक सैनिटाइजेशन कराया। संक्रमण सामने आने के बाद प्रशासन ने सख्त एहतियाती कदम उठाए हैं। मुर्गी फार्म क्षेत्र में बिना मास्क प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। यह इलाका एयरपोर्ट के पास चितकोहरा पुल के नीचे स्थित है और आसपास घनी आबादी होने के कारण प्रशासन अतिरिक्त सतर्कता बरत रहा है। पटना के जिलाधिकारी के आदेश पर नगर निगम क्षेत्र में मुर्गे और मुर्गियों को बाहर से लाने तथा बाहर ले जाने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लागू कर दिया गया है। पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान की छह सदस्यीय विशेषज्ञ टीम कौशल नगर स्थित पोल्ट्री रिसर्च एंड ट्रेनिंग सेंटर में जांच और सैंपलिंग के लिए पहुंची है।

प्रशासन ने संक्रमित क्षेत्र के एक किलोमीटर के दायरे को इंफेक्शन जोन घोषित किया है, जबकि नौ किलोमीटर के क्षेत्र को सर्विलांस एरिया बनाया गया है। इस दायरे में अंडा, मुर्गी और चारे के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। संबंधित गतिविधियों के लिए अब सैनिटाइजेशन प्रमाणपत्र अनिवार्य किया गया है। कौशल नगर में चेक पोस्ट स्थापित किया गया है और शास्त्रीनगर थाना तथा बाइपास थाना की पुलिस को निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

बिहार सरकार
बिहार सरकार
परिवहन विभाग
हर सफर का हमसफर
हेलमेट लगाना न भूलें, क्योंकि जिंदगी से बडी कोई मंजिल नहीं।




दोपहिया वाहन पर चालक एवं पिछली सवारी द्वारा हेलमेट लगाना अनिवार्य है।
उल्लंघन करने पर
1000 रुपये का जुर्माना।
तीन माह के लिए लाइसेंस धारण करने के लिए अयोग्य होंगे।
बिहार सड़क सुरक्षा परिषद्
PR No- 024980 (Transport)D. 2025-26

# चुनावी ड्यूटी में लगे वाहन मालिकों की बढ़ी मुश्किलें, तीन माह बाद भी भुगतान का इंतजार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**◆ रजौली विधानसभा के वाहन मालिकों में प्रशासन के खिलाफ गहरा रोष, आर्थिक तंगी से जूझ रहे चालक और मालिक**

**रजौली।** रजौली विधानसभा 235 में चुनावी प्रक्रिया संपन्न हुए तीन माह से अधिक का समय बीत चुका है,लेकिन इस लोकतांत्रिक उत्सव में अपनी सेवाएं देने वाले वाहन मालिकों और चालकों की सुध लेने वाला कोई नहीं है। चुनाव के दौरान अंचल कार्यालय द्वारा जिन निजी वाहनों को जब्त कर सरकारी कार्यों और सुरक्षा व्यवस्था में लगाया गया था, उनके मालिकों को अभी तक नियत राशि का भुगतान नहीं किया गया है।

प्रशासन की इस कथित उदासीनता के कारण अब वाहन मालिकों के सामने आर्थिक संकट गहराने लगा है।विदित हो कि विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए स्थानीय प्रशासन ने बड़े पैमाने पर निजी बस, बोलेरो, स्कॉर्पियो और अन्य छोटे-बड़े वाहनों का अधिग्रहण किया था। उस वक्त वाहन मालिकों को जल्द भुगतान का भरोसा दिलाकर वाहनों को अंचल कार्यालय के सुपुर्द किया गया था।चुनाव खत्म होने के बाद नियमतः तय समय सीमा के भीतर वाहनों के किराये और ईंधन के खर्च का भुगतान हो जाना चाहिए था,परंतु जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है।

अनेक वाहन मालिकों का कहना है कि वे पिछले कई हफ्तों से अंचल कार्यालय और संबंधित अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिलता है।कई मालिकों ने बैंक से कर्ज लेकर गाड़ियां खरीदी हैं, जिनका मासिक ईएमआई भरना अब उनके लिए दूभर होता जा रहा है। इसके अलावा, जिन चालकों ने दिन-रात एक कर चुनावी ड्यूटी की, उन्हें भी अब तक उनका पारिश्रमिक नहीं मिल सका है,जिससे उनके परिवारों के समक्ष भरण-पोषण की समस्या खड़ी हो गई है।



प्रखंड सह अंचल कार्यालय का फोटो

क्षेत्र के वाहन मालिकों का यह भी आरोप है कि प्रशासन उनके काम की महत्ता को भूल चुका है।चुनाव के समय दबाव बनाकर वाहनों को जब्त कर लिया जाता है,लेकिन जब मेहनताना देने की बारी आती है, तो फाइलें दफ्तरों की धूल फांकने लगती हैं। इस विलंब के कारण स्थानीय लोगों में व्यवस्था के प्रति असंतोष बढ़ता जा रहा है।यदि जल्द ही इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया,तो वाहन मालिक एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन करने की रणनीति बना रहे हैं।फिलहाल,रजौली अंचल के कर्मी इस मामले पर कागजातों की त्रुटि व सुधार कर परिवहन विभाग को दुबारा उपलब्ध कराने और प्रक्रियात्मक देरी का हवाला दे रहे हैं, लेकिन वाहन मालिकों की खाली जेबें अब और अधिक इंतजार करने की स्थिति में नहीं हैं।

क्या कहते हैं पदाधिकारी :- इस संबंध में रजौली अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी ने बताया कि अंचल से लॉग बुक के साथ वाहनों के सभी जरूरी दस्तावेज जिला मुख्यालय भेजा जा चुका है। वहीं जिला परिवहन पदाधिकारी नवादा नवीन कुमार पांडेय ने होली के बाद सभी वाहन मालिकों के खाते में भुगतान किए जाने का आश्वासन दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### जनसुनवाई में अंचल से जुड़े आठ मामलों का निबटारा, सीओ ने दिए आवश्यक निर्देश

**रजौली।** सात निश्चय पार्ट-थ्री के तहत सप्ताह में दो दिन सोमवार व शुक्रवार को जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों की समस्या का समाधान करने का पहल प्रारंभ किया गया है। इस पहल के तहत शुक्रवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गयी और समाधान का भरोसा दिलाया गया। जनसुनवाई के दौरान अंचल स्तर से जुड़े कुल आठ मामलों का मौके पर ही निपटारा किया गया।इनमें सभी सुनवाई अंचल कार्यालय से संबंधित थे।आए मामलों में सुनील कुमार साव को दाखिल खारिज,रामप्रसाद यादव को परिमार्जन,संजीव सिंह को सीमांकन,सहदेव मिस्त्री रैयती भूमि विवाद,प्रदीप मिस्त्री,शाहनवाज खान,शत्रुघ्न कुमार एवं राशिउद्दीन को दाखिल खारिज से संबंधित परेशानी थी।वहीं सीओ मो. गुफरान मजहरी ने बताया कि अंचल कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान आए सभी मामलों का निष्पादन कर दिया गया।वहीं ग्रामीणों से अपील की गई कि योजनाओं से संबंधित शिकायतों की जानकारी सीधे कार्यालय को दें,ताकि ससमय समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

### साली के साथ रेप के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नरहट (नवादा)।** थाना क्षेत्र के एक गांव में नानी घर आये एक लड़की से बलात्कार का मामला सामने आया है। पीड़ित लड़की के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को सीतामढ़ी से गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित लड़की को मेडिकल जांच एवं न्यायालय में बयान कराया गया है। घटना स्थल का एफएसएल टीम द्वारा जांच कराया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना 25 फरवरी की रात की है। घटना की सूचना पीड़ित लड़की द्वारा 26 फरवरी को दिन के चार बजे के करीब थाना में दिया गया है। सूचना के बाद आरोपी युवक को सीतामढ़ी से गिरफ्तार कर लिया गया है। लड़की एक माह से अपने नानी घर में रह रही थी। नानी घर के बधार में आरोपी युवक द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है। आरोपी युवक पीड़ित लड़की का रिश्ते में साली लगती है। आरोपी युवक दो बच्चे पिता है। लड़का द्वारा बताया गया है लड़की फोन कर बुलाई है जबकि लड़की इस बात से इनकार कर रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

### बड़ी पाली गांव में महिला की संदिग्ध मौत

**नरहट (नवादा)।** थाना क्षेत्र के बड़ी पाली गांव में एक 25 वर्षीय महिला पुष्पा कुमारी की संदिग्ध मौत हो गई है। थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि गुरुवार की रात करीब 10 बजे सूचना मिली कि बड़ी पाली गांव के एक घर में एक महिला मृत अवस्था में पड़ी हुई है। सूचना के बाद गस्ती पुलिस पदाधिकारी घटना स्थल पर गए। घर में महिला अकेली थी। आस पास से पता किए तो बताया कि 9 बजे रात में घर आई और मूर्क्षित होकर गिर गई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### तेजस्वी का बीजेपी पर हमला, बोले भाजपा का चाल-चरित्र बेनकाब, दिल्ली में फिर चुनाव कराओ

**पटना।** पटना से नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव दिल्ली के लिए रवाना हो गए। दिल्ली जाने से पहले मीडिया से बातचीत में तेजस्वी यादव ने आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजीरवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को कथित शराब नीति मामले में कोर्ट से राहत मिलने पर प्रतिक्रिया दी। तेजस्वी यादव ने कहा कि, 'इस फैसले से बीजेपी का चाल, चरित्र और चेहरा उजागर हो गया है। यह साफ हो गया है कि किस तरह विपक्षी नेताओं पर राजनीतिक दुर्भावना से मुकदमे किए जाते हैं।'

संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही केंद्र सरकार- तेजस्वी यादवः तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि, 'केंद्र सरकार संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग अपने चुनावी फायदे के लिए कर रही है। जांच एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्ष की आवाज दबाने के लिए किया जा रहा है।' उन्होंने मांग किया है कि दिल्ली में दोबारा चुनाव कराए जाएं।

विपक्षी दलों के नेताओं को बदनाम करने की कोशिश किया- तेजस्वीः तेजस्वी यादव ने आगे कहा कि, 'सिर्फ केजरीवाल ही नहीं, बल्कि पिता लालू यादव और राहुल गांधी के खिलाफ भी राजनीतिक साजिश के तहत कार्रवाई की गई।' उन्होंने भरोसा जताया कि वे और उनकी पार्टी भी कानूनी लड़ाई मजबूती से लड़ रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि न्यायपालिका से उन्हें भी इंसाफ मिलेगा। उन्होंने कहा कि, 'लोकतंत्र में न्यायपालिका पर जनता का विश्वास सबसे बड़ा सहारा है और सच की जीत तय है।'

### होली पर बिहार में बर्ड फ्लू का खतरा पटना के सरकारी पॉल्ट्री फॉर्म में 6000 मुर्गियों को दफनाया गया, जू में हाई अलर्ट

**पटना।** होली पर बिहार में बर्ड फ्लू का खतरा मंडरा रहा है। कौवों के बाद अब पटना में मुर्गियों में भी बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है। चितकोहरा स्थित कौशल नगर में बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के पोल्ट्री अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र के मुर्गी फार्म में 6000 मुर्गियां संक्रमित पाई गईं हैं। डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग ने सभी मुर्गियों को दफना दिया है। संक्रमण की पुष्टि के बाद पूरे इलाके को सेनिटाइज किया गया। लोगों को एहतियात बरतने की सलाह दी गई है। मुर्गी फार्म क्षेत्र में बिना मास्क प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। यह इलाका एयरपोर्ट के पास चितकोहरा पुल के नीचे स्थित है। क्षेत्र में बड़ी आबादी रहने के कारण प्रशासन सतर्क है। पटना डीएम के आदेश पर नगर निगम क्षेत्र में मुर्गे और मुर्गियों को बाहर से लाने और बाहर ले जाने पर रोक लगा दी गई है। पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान की 6 सदस्यीय टीम कौशल नगर स्थित पोल्ट्री रिसर्च एंड ट्रेनिंग सेंटर में जांच के लिए पहुंची है। कौशल नगर के सभी वीवीआईपी इलाके में सैनिटाइजेशन का काम शुरू किया गया है। संक्रमित क्षेत्र के एक किलोमीटर दायरे को इंफेक्शन जोन घोषित किया गया है। 9 किलोमीटर क्षेत्र को सर्विलांस एरिया बनाया गया है। इस क्षेत्र में अंडा, मुर्गी और चारे के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है। सेनिटाइजेशन प्रमाणपत्र मिलने के बाद ही उपयोग की अनुमति होगी।

# जिला किसान मेला में एक ग्रामीण किसान को सम्मलित होने का आग्रह


बैठक करते कृषि पदाधिकारी एवं अन्य

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नरहट (नवादा)।** शुक्रवार को प्रखंड कृषि कार्यालय, नरहट में प्रखंड किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष अमरजीत कुमार के अध्यक्षता में सभी सदस्यों का बैठक आयोजित की गई । उपरोक्त बैठक में नितिन किशोर प्रखंड तकनीकी प्रबंधक सह सदस्य सचिव प्रखंड किसान सलाहकार समिति, नरहट के द्वारा उपस्थित सभी सदस्यों को कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही है विभिन्न प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण कार्यक्रम के साथ साथ 28 फरवरी को हरिशचंद्र स्टेडियम, नवादा में आयोजित होने वाली किसान मेला सह प्रदर्शनी के बारे में जानकारी दी गई। सभी सदस्यों को यह बताया गया कि उन्हें अपने साथ एक ग्रामीण किसान को साथ में लेकर मेला में सम्मिलित होने के लिए आग्रह किया गया। उपरोक्त बैठक में प्रखंड कृषि पदाधिकारी आकाश जी, शिवनाथ केसवानी सहायक तकनीकी प्रबंधक, रंजीत कुमार, किसान सलाहकार शैलेश कुमार व समिति सदस्य कृष्ण मुरारी सिंह, संजय कुमार, लवकुश कुमार, सदानंद कुमार, राजेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आगाज, युवाओं में दिखा जोश और जज्बा

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नवादा।** युवा कार्यक्रम एवं खेल विभाग, भारत सरकार के मेरा युवा भारत केंद्र, नवादा के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ शुक्रवार को श्री कृष्णा प्रसाद खेल मैदान में उत्साहपूर्ण माहौल के बीच हुआ। 27 एवं 28 फरवरी तक चलने वाले इस आयोजन का संचालन युवा हिम्मत क्लब द्वारा किया जा रहा है।




कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित संतु कुमार कृति डिफेंस एकेडमी के संचालक श्री कीर्ति रंजन, शारीरिक शिक्षक एवं राष्ट्रीय कोच श्री संतोष कुमार वर्मा, राष्ट्रीय मेडलिस्ट सब इंस्पेक्टर विक्रम कुमार तथा मेरा युवा भारत के मनीष कुमार गिरि ने संयुक्त रूप से उद्घाटन कर सामूहिक राष्ट्रगान के साथ किया। उद्घाटन के दौरान खिलाड़ियों और दर्शकों में विशेष उत्साह देखा गया।

प्रतियोगिता के पहले दिन फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया, जिसमें नवादा की टीम ने कौवाकोल की टीम को रोमांचक मुकाबले में पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल, अनुशासन और खेल भावना का परिचय दिया, जिससे मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

इस अवसर पर मेरा युवा भारत के सहायक मनीष कुमार गिरि ने कहा कि इस प्रकार की जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के प्रतिभाशाली युवाओं को एक साझा मंच प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा, "खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं है, बल्कि यह युवाओं में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास भी करता है। हमारा उद्देश्य है कि नवादा के युवा राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाएं।"

राष्ट्रीय कोच श्री संतोष कुमार वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि खेल जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है और युवाओं को नशामुक्त एवं अनुशासित जीवन की ओर प्रेरित करता है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के अंतर्गत फुटबॉल, कबड्डी एवं एथलेटिक्स की विभिन्न स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी, जिनके माध्यम से जिले के उभरते खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। उन्होंने खिलाड़ियों से पूरी लगन और खेल भावना के साथ भाग लेने की अपील की।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में खिलाड़ी, अभिभावक, खेल प्रेमी एवं स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने बताया कि प्रतियोगिता के समापन पर शनिवार को विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

# इंस्टाग्राम पर खौफनाक अंजाम के बाद प्राथमिकी दर्ज फॉरेंसिक टीम ने जरूरी पूछताछ किया, जांच हुई तेज

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**रजौली।** रजौली थाना क्षेत्र के एक युवती को इंस्टाग्राम पर प्यार करने पर खौफनाक इंतजाम भुगतने को मिला है। घटना के बाद आसपास के लोगों में रोष व्याप्त है और घटना पर लोग चिंता व्यक्त कर रहे हैं। शुक्रवार को नवादा से फॉरेंसिक टीम भी रजौली पुलिस बलों के साथ पीड़ित परिजनों से बातचीत कर आवश्यक जानकारी व साक्ष्य इकट्ठा किया। फॉरेंसिक टीम के आगमन से पीड़ित परिजनों में न्याय मिलने की उम्मीद जागी है। दरअसल थाना क्षेत्र के एक युवती को 8 माह पूर्व इंस्टाग्राम पर अकबरपुर थाना क्षेत्र के देवरा गांव के छोटू यादव नामक युवक से दोस्ती और बाद में प्रेम हो जाता है। इसी रिश्ते को लेकर युवक और युवती बीते 12 फरवरी को मिलते हैं। मिलने के दौरान युवक द्वारा युवती की आपत्तिजनक फोटो खींच ली जाती है। पुनः बीते 23 फरवरी की शाम लगभग 6 बजे


पावापुरी अस्पताल में इलाजरत घायल युवती

युवक बाइक पर बैठाकर युवती को नवादा की ओर सुनसान जगह पर ले जाता है, जहां युवक के कुछ दोस्त पहले से मौजूद थे। युवती पर युवक और उसके दोस्तों के साथ जबरन संबंध बनाने का दवाब डाला जाता है। युवती उक्त लोगों के साथ संबंध बनाने से मना करती है,तो उक्त लोग टांगी समेत अन्य धारदार हथियार से हमला कर युवती के दाहिने पैर पर दो जगहों पर प्रहार कर पैर तोड़ दिया जाता है। पैर के कटने और हड्डियां टूटने से काफी मात्रा में खून जमीन पर बहने लगता है,जिससे युवती बेहोश हो जाती है। युवक और उसके दोस्तों द्वारा युवती को बेहोशी हालत में एक निजी अस्पताल में जैसे-तैसे पट्टी बंधवाकर मंगलवार की रात्रि को ही लगभग 12 बजे घर के समीप सड़क पर युवती को उतारकर भाग खड़ा हो गया। घायल युवती को परिजनों के सहयोग से बीते बुधवार को अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के बाद रजौली थाने में लगभग पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस मामले की सघन जांच में जुटी हुई है। पीड़ित परिजनों को विश्वास है कि पुलिस द्वारा जल्द ही अपराधकर्मियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# विभिन्न ज्वलंत मांगों को लेकर भाकपा का मुख्यालय पर धरना

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नरहट (नवादा)।** भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी की नरहट अंचल कमिटी के द्वारा विभिन्न ज्वलंत मांगों को लेकर प्रखण्ड मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खेत मजदूर यूनियन नरहट के प्रखण्ड अध्यक्ष अम्बिका राम ने किया। जिला किसान सभा के सचिव गोविंद प्रसाद ने जनता की ज्वलंत मांगों को बताया कि सरकार दलितों एवं भूमिहीनों के मकानों पर बुलडोजर चला कर घरों को ढाहना बंद करे। सभी भूमिहीनों एवं आवास विहीन परिवारों की सूची बनाकर पक्का मकान बनाया जाय। मजदूर विरोधी चारो लेवर कोड को रद्द किया जाय तथा पुराने मनरेगा कानून के सभी प्रवधानों को लागू किया जाय। सभी पर्चाधारियों को कब्जा दिलाया जाय तथा लम्बें समय से गैर मजरुआ आम तथा बिहार सरकार के जमीन पर घर बनाकर रह रहे एससी एसटी पिछड़ों एवं अतिपिछड़ों को उक्त जमीन का पर्चा दिया जाय। खाद बीज की कालाबजारी पर रोक लगाई जाय। बिहार के किसानों को फसलों का बीमा किया जाय। 20 घन्टा बिजली की आपूर्ति की जाय। अंचल एवं प्रखण्ड में व्याप्त भरस्टाचार पर रोक लगायी जाय समेत 15 सूत्री ज्वलंत मांगों से सम्बंधित समार पत्र बीडीओ को सौपा। कार्यक्रम को कई नेताओं ने सम्बंधित कर अपनी मांगों को पुरजोर तरीके से पेश किया। नेताओं ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सरकार की आलोचना की और कहा कि हमारी 15 सूत्री मांगों को पूरा नही करती है तो आगे वृहद आंदोलन किया जाएगा। मौके पर ब्रह्मदेव प्रसाद, श्याम सुंदर सिंह चौहान, राजेन्द्र प्रसाद, जयनन्दन प्रसाद सिंह आदि मौजूद थे।


अपनी मांगों को लेकर धरना देते भाकपा नेता एवं कार्यकर्ता

# पीएमसीएच गर्ल्स हॉस्टल में कमरों के आवंटन पर विवाद, पीजी–यूजी छात्राएं भड़कीं

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना।** पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) के गर्ल्स हॉस्टल में कमरों के आवंटन को लेकर विवाद गहरा गया है। 10 मंजिला इस हॉस्टल में कुल 560 कमरे हैं, जिनमें अब तक 280 कमरे पीजी (पोस्ट ग्रेजुएट) और 280 कमरे यूजी (अंडर ग्रेजुएट) छात्राओं को आवंटित थे। हाल ही में प्रशासन ने आवंटन व्यवस्था में बदलाव की सूचना जारी की है, जिसके बाद पीजी और यूजी की छात्राओं में असंतोष फैल गया है।

**नई व्यवस्था के तहत कमरा एलॉट करने की मांगः** पीजी और यूजी की छात्राओं का आरोप है कि नई व्यवस्था के तहत कमरों का पुनः आवंटन किया जा रहा है। उनका




कहना है कि इससे न केवल उनकी पढ़ाई प्रभावित होगी, बल्कि रिसर्च और थीसिस के कार्य पर भी असर पड़ेगा। छात्राओं के अनुसार, बिना किसी स्पष्ट नीति, लिखित आदेश या पूर्व सूचना के कमरों में बदलाव की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जो उचित नहीं है।

**पीजी की छात्राओं ने बताई अपनी समस्याः** पीजी की छात्राओं ने बताया कि, इस मुद्दे को लेकर कॉलेज के प्रिंसिपल नरेंद्र प्रताप सिंह से कई बार मुलाकात कर अनुरोध

**❑ स्वास्थ्य सचिव से हस्तक्षेप की मांग पारदर्शी नीति की मांग की**

किया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस आश्वासन नहीं मिला है। उनका कहना है कि परीक्षा और थीसिस सबमिशन के इस महत्वपूर्ण दौर में कमरा बदलने का दबाव मानसिक तनाव को बढ़ा रहा है। कई छात्राएं रिसर्च वर्क में लगी हैं, ऐसे में कमरा बदलना उनके लिए बेहद मुश्किल है।

**स्वास्थ्य सचिव से हस्तक्षेप की मांगः** मामले की गंभीरता को देखते हुए पीजी और यूजी छात्राओं का एक प्रतिनिधिमंडल बिहार सरकार के स्वास्थ्य सचिव लोकेश कुमार से मिला। छात्राओं ने उन्हें लिखित शिकायत सौंपते हुए हस्तक्षेप की मांग की। शिकायत में कहा गया है कि जब तक हॉस्टल आवंटन को लेकर स्पष्ट, पारदर्शी और सर्वसम्मत नीति नहीं बनाई जाती, तब तक वर्तमान व्यवस्था को यथावत रखा जाए।

**बदलाव से पहले सहमति बनाना जरूरीः** छात्राओं ने यह भी स्पष्ट किया कि हॉस्टल केवल रहने की जगह नहीं, बल्कि उनकी पढ़ाई, सुरक्षा और मानसिक स्थिरता से जुड़ा संवेदनशील मुद्दा है। ऐसे में किसी भी बदलाव से पहले सभी हितधारकों- पीजी और यूजी छात्राओं, प्रशासन और फैकल्टी के साथ बैठक कर सहमति बनाना जरूरी है। उनका कहना है कि अचानक लिए गए निर्णय से भ्रम और असुरक्षा की स्थिति बन रही है।

# पकरीबरावां में शांति समिति की बैठक

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**डीजे और अश्लील गानों पर पूर्ण प्रतिबंध**

**पकरीबरावां।** रंगों के महापर्व होली को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और आपसी भाईचारे के साथ संपन्न कराने को लेकर शुक्रवार को पकरीबरावां थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीडीओ मृत्युंजय कुमार, थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर रंजन चौधरी, एसआई कन्हैया लाल, एएसआई अशोक पाल सहित जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध नागरिक और शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

बैठक को संबोधित करते हुए अधिकारियों ने कहा कि होली के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यदि किसी भी गांव या टोले में नियमों की अनदेखी कर डीजे बजाया गया तो संबंधित संचालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए उपकरण जब्त कर लिए जाएंगे। प्रशासन ने इसे 'जीरो टॉलरेंस' की श्रेणी में रखा है और स्पष्ट किया है कि किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



अश्लील और भड़काऊ गानों पर भी सख्त रुख अपनाया गया है। अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के गीत सामाजिक समरसता को प्रभावित करते हैं और आपसी तनाव की स्थिति उत्पन्न कर सकते हैं। ऐसे मामलों में त्वरित कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए विशेष गश्ती दल का गठन किया गया है, जो संवेदनशील स्थलों पर लगातार निगरानी रखेगा।

प्रशासन ने असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने की बात कही। संदिग्ध व्यक्तियों और पूर्व में हुड़दंग कर चुके लोगों की सूची तैयार कर ली गई है। शराब पीकर उत्पात मचाने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। थानाध्यक्ष ने लोगों से अपील की कि वे अफवाहों से बचें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

बैठक में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने, अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती तथा नियमित गश्त बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने कहा कि होली खुशियों और प्रेम का पर्व है, इसे शांति और सद्भाव के साथ मनाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### राजगीर जू-नेचर सफारी 2 दिन रहेगा बंद, होली में 3-4 को पर्यटकों को नहीं मिलेगी एंट्री



**नालन्दा।** बिहार के प्रमुख पर्यटन स्थलों में शामिल राजगीर जू सफारी और नेचर सफारी होली के अवसर पर दो दिनों तक पर्यटकों के लिए बंद रहेंगे। प्रशासन ने सुरक्षा और प्रशासनिक दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया है। राजगीर जू सफारी के निदेशक और नालंदा वन प्रमंडल पदाधिकारी की ओर से जारी संयुक्त आदेश के अनुसार, 3 मार्च (मंगलवार) और 4 मार्च (बुधवार) को जू सफारी और नेचर सफारी का संचालन पूरी तरह बंद रखा गया है। इन 2 दिनों के दौरान किसी भी पर्यटक को परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। यह कदम त्योहार के दौरान विधि व्यवस्था को बनाए रखने के लिए उठाया गया है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के कार्यालय आदेश संख्या-69 के माध्यम से यह जानकारी सार्वजनिक की गई है। इस आदेश की प्रति जिला पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी और सफारी से जुड़े सभी पशु चिकित्सा पदाधिकारियों और कर्मियों को भेज दी गई है, ताकि पर्यटकों को किसी तरह की भ्रम की स्थिति न रहे। निदेशक राम सुन्दर एम और वन प्रमंडल पदाधिकारी राजकुमार एम ने पर्यटकों से अपील की है कि वे इस अवकाश को ध्यान में रखकर ही अपनी यात्रा की योजना बनाएं। 05 मार्च से फिर से निर्धारित समय पर सफारी का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। जू सफारी जहां घूमते हुए बाघ, शेर, भालू और अन्य जंगली जानवरों को देखने का मौका मिलता है। वहीं, नेचर सफारी में ग्लास ब्रिज, सस्पेंशन ब्रिज और अन्य एडवेंचर मौजूद हैं। जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं।

### अब एक छत के नीचे जुटेगा प्रजापति समाज, बियाबानी में समाज भवन निर्माण शुरू



**नालन्दा।** बिहार शरीफ प्रखंड के बियाबानी गांव में प्रजापति समाज के विकास और एकजुटता को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति के तत्वावधान में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान समाज भवन निर्माण के लिए नींव रखी गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के लोग और युवा उपस्थित रहे, जिन्होंने इस पहल को समाज के सर्वांगीण उत्थान के लिए मील का पत्थर बताया। समन्वय समिति के वर्तमान जिला अध्यक्ष सुबोध पंडित ने कहा कि समाज का अपना भवन होना समय की बड़ी जरूरत है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि भवन निर्माण से प्रजापति समाज के लोगों को एक साझा मंच प्राप्त होगा, जिससे एकजुट होने, महत्वपूर्ण रणनीतिक बैठकें करने, सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियों के आयोजन में काफी सहूलियत मिलेगी। उनके अनुसार, यह केंद्र आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक बनेगा। जिला सचिव ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि यह भवन मात्र एक ढांचा नहीं, बल्कि समाज के संगठन और विकास को नई मजबूती प्रदान करने का प्रतीक होगा। उन्होंने युवाओं से सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान संरक्षक मंगल पंडित, पूर्व जिला अध्यक्ष जनार्दन पंडित, सुजीत पंडित और दिनेश पंडित ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सैकड़ों लोगों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे सामूहिक सहयोग से भवन निर्माण कार्य को शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण कराएंगे। इस मौके पर समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने और शिक्षा के प्रसार पर भी चर्चा की गई।

### बिहार विधानसभा में गूंजी प्रजापति समाज की आवाज, विधायक डॉ. सुनील ने की 'माटीकला बोर्ड' के गठन की मांग

**नालन्दा।** बिहार विधानसभा के वर्तमान सत्र के दौरान बिहारशरीफ के विधायक डॉ. सुनील कुमार ने प्रजापति (कुम्हार) समाज के सामाजिक और आर्थिक उत्थान का मुद्दा प्रमुखता से सदन के सामने रखा। उन्होंने राज्य में विलुप्त हो रही पारंपरिक माटीकला को संरक्षित करने के लिए सरकार से 'माटीकला बोर्ड' के गठन और कारीगरों को विशेष आर्थिक पैकेज देने की जोरदार वकालत की। सदन को संबोधित करते हुए डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि बिहार में प्रजापति समाज की एक बड़ी आबादी सदियों से मिट्टी के बर्तन और मूर्ति निर्माण जैसे काम के जरिए हमारी लोक परंपराओं को जीवित रखे हुए है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक की कमी, पूंजी का अभाव और उचित सरकारी प्रोत्साहन न मिलने के कारण आज यह पारंपरिक उद्योग संकट में है। इस समाज के कारीगर आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं, जिससे उनकी कला और आजीविका दोनों पर खतरा मंडरा रहा है। विधायक ने राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां माटीकला बोर्ड के माध्यम से कारीगरों को प्रशिक्षण, आधुनिक उपकरण और बाजार की सुविधा प्रदान की जा रही है। उन्होंने बिहार सरकार से आग्रह किया कि यहां भी लाखों परिवारों के सर्वांगीण विकास के लिए जल्द से जल्द माटीकला बोर्ड का गठन किया जाए, ताकि इस क्षेत्र को योजनाबद्ध तरीके से पुनर्जीवित किया जा सके। रोजगार के नए अवसर सृजित करने के उद्देश्य से विधायक डॉ. सुनील कुमार ने सरकार के सामने एक ठोस प्रस्ताव भी रखा। उन्होंने मांग की कि प्रजापति समाज के युवाओं और कारीगरों को स्वरोजगार के लिए न्यूनतम ब्याज दर पर 10 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाए और इस राशि पर 25 प्रतिशत सब्सिडी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि आधुनिक मशीनों और संसाधनों की उपलब्धता से ही कारीगर आत्मनिर्भर बन सकेंगे। डॉ. सुनील कुमार ने अंत में कहा कि सरकार की एक सकारात्मक पहल न केवल पारंपरिक माटीकला को नया जीवन देगी, बल्कि इससे 'आत्मनिर्भर बिहार' के संकल्प को भी मजबूती मिलेगी।

# हरियाणा पुलिस की कस्टडी में सीआईएसएफ जवान की मौत

## परिजनों ने लगाया पिटाई से हत्या का आरोप



सीआईएसएफ जवान मुकेश सिंह की संदिग्ध मौत



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गयाजी।** गया एयरपोर्ट पर तैनात सीआईएसएफ के जवान मुकेश सिंह की हरियाणा पुलिस की कस्टडी में मौत हो जाने से मामला तूल पकड़ता जा रहा है। मृतक की पत्नी और बेटे ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि बिना वैध प्रक्रिया के हिरासत में लेकर उनके साथ मारपीट की गई, जिसके कारण उनकी मौत हुई। वहीं पुलिस ने प्रारंभिक तौर पर मौत की वजह हार्ट अटैक बताई है।

मृतक की पत्नी रीमा देवी का आरोप है कि 26 फरवरी को मुकेश सिंह गया एयरपोर्ट पर ड्यूटी पर थे। रात में उन्होंने फोन पर बताया था कि उनकी ड्यूटी गार्ड में लगी है। इसके बाद हरियाणा पुलिस उन्हें जबरन अपने साथ ले गई। परिजनों को इस कार्रवाई की कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई। रीमा देवी का कहना है कि उनके पति ने आशंका जताई थी कि वे जिंदा बचेंगे या नहीं, यह कहना मुश्किल है। आधी रात को परिवार को फोन पर उनकी मौत की सूचना दी गई। पत्नी का आरोप है कि पुलिस पिटाई के कारण उनके पति की जान गई।

मृतक के बेटे दुर्गेश सिंह ने कहा कि उनके पिता को किसी प्रकार की गंभीर बीमारी नहीं थी। ऐसे में अचानक हार्ट अटैक से मौत की बात संदेह पैदा करती है। उनका आरोप है कि बिना अरेस्ट वारंट के ही हरियाणा पुलिस उन्हें अपने साथ ले गई। उन्होंने मगध मेडिकल थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज करने की मांग की, लेकिन अब तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है।

परिवार के अनुसार, हरियाणा के बहादुरगढ़ में वर्षों पहले मुकेश सिंह के खिलाफ फ्रॉड का मामला दर्ज हुआ था। वे कई बार पुलिस के समक्ष पेश भी हुए थे। परिजनों का कहना है कि लंबे समय से चल रहे मामले में उन्हें न्याय नहीं मिला और अंततः उनकी मौत हो गई। मृतक मूल रूप से वैशाली जिले के मुकुंदपुर गांव के रहने वाले थे।

घटना की सूचना मिलते ही सीआईएसएफ के जवान मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे, हालांकि इस मामले में CISF के किसी अधिकारी ने आधिकारिक बयान देने से परहेज किया। मगध मेडिकल थानाध्यक्ष कृष्ण सिंह ने बताया कि हरियाणा पुलिस ने सीआईएसएफ अधिकारियों से संपर्क कर वारंट की जानकारी दी थी और नियमानुसार आरोपी को सुपुर्द किया गया था। उन्होंने कहा कि पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी की जाएगी और यदि पीड़ित पक्ष लिखित आवेदन देता है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद से परिजनों में आक्रोश है और वे मामले की निष्पक्ष जांच तथा जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और आगे की कानूनी प्रक्रिया के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों पर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## शेरघाटी थाना में शांति समिति की बैठक, सौहार्दपूर्ण माहौल में होली मनाने की अपील



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**शेरघाटी।** होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर शुक्रवार को शेरघाटी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी मोहन कुमार ने की, जिसमें शहर के विभिन्न वर्गों के गणमान्य लोग शामिल हुए। थाना प्रभारी मोहन कुमार ने उपस्थित लोगों से अपील की कि होली आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता के साथ मनाई जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और यदि कहीं कोई असामाजिक गतिविधि दिखे तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। प्रशासन पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह सतर्क है।

बैठक में निर्णय लिया गया कि होली के दौरान संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। इसके साथ ही लगातार गश्ती अभियान चलाकर हर गतिविधि पर नजर रखी जाएगी, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। पुलिस ने स्पष्ट किया कि शांति भंग करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर थाना प्रभारी ने उपस्थित लोगों के साथ एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया। बैठक में बेला पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सतीश कुमार भारती, कांग्रेस नेता अजित सिंह, लोजपा नेता रमेश पासवान, दीनानाथ पांडेय, बबन पासवान, दिलीप यादव, किशोर यादव, उपप्रमुख लाल बहादुर शास्त्री, भाजपा नेता राधेश्याम सिंह, तालकेश्वर पांडेय, मो. कजरु, महमूद आलम, कंचन गुप्ता, सोहराव खान और अरुण चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। इसके अलावा रैपिड एक्शन फोर्स के अधिकारी दिनकर कुमार भी बैठक में शामिल हुए।

## गया नगर निगम का 572 करोड़ का बजट पारित, बुनियादी ढांचे से रोजगार तक पर फोकस



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया।** गया नगर निगम ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 572 करोड़ 18 लाख 68 हजार 305 रुपये का बजट पारित कर दिया है। यह बजट प्रस्ताव नगर निगम सभागार में आयोजित सशक्त स्थायी समिति की बैठक में सर्वसम्मति से मंजूर किया गया। बैठक की अध्यक्षता मेयर वीरेन्द्र कुमार उर्फ गणेश पासवान ने की। अब इस बजट को अंतिम स्वीकृति के लिए निगम बोर्ड की बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा। बैठक में डिप्टी मेयर चिंता देवी, नगर आयुक्त अभिषेक पलासिया तथा सशक्त स्थायी समिति के सदस्य अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव, विनोद यादव, मनोज कुमार, स्वर्णलता वर्मा, चुन्नू खां और तबस्सुम प्रवीण मौजूद रहे।

मेयर गणेश पासवान ने बताया कि यह बजट 'न फायदा, न नुकसान' के सिद्धांत पर आधारित है। उनका कहना था कि इसका उद्देश्य बिहार की धार्मिक राजधानी गयाजी को आधुनिक और सुव्यवस्थित शहर के रूप में विकसित करना है। बजट में बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण, स्वच्छता व्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण, यातायात सुधार और नागरिक सुविधाओं के विस्तार पर विशेष जोर दिया गया है। सशक्त स्थायी समिति के सदस्य अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव ने कहा कि शहर को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल की गई हैं। 15वें और 16वें वित्त आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, जल-जीवन-हरियाली मिशन और 12वीं अनुसूची से जुड़े विषयों पर बड़े पैमाने पर खर्च किया जाएगा।

प्रस्तावित बजट में शहर के बड़े और छोटे मार्गों तथा नालों का निर्माण, जलापूर्ति व्यवस्था को मजबूत करना, स्ट्रीट लाइट और हाई मास्ट लाइट की स्थापना, जल निकासी प्रणाली का विकास और नालों की नियमित सफाई को प्राथमिकता दी गई है। साथ ही निर्माण एवं ध्वस्तीकरण अपशिष्ट के निस्तारण, लीचेट ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना और उसके संचालन-रखरखाव की व्यवस्था भी शामिल है। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत कंप्यूटर, सिलाई और ब्यूटी पार्लर जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से हजारों लोगों को रोजगार से जोड़ने की योजना बनाई गई है। इसके अलावा वृद्धा आश्रम का संचालन, सभी वार्डों में सामुदायिक भवनों का निर्माण, विशेषकर स्लम क्षेत्रों में प्राथमिकता, स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना तथा आवास योजनाओं के अंतर्गत नए घरों का निर्माण भी बजट का हिस्सा है। शहर के सौंदर्यीकरण और प्रदूषण नियंत्रण के लिए प्रमुख चौक-चौराहों के गोलंबरों का विकास, फव्वारों और सार्वजनिक स्थलों का उन्नयन, हरित क्षेत्र का विस्तार, निगरानी प्रणाली की स्थापना और स्मॉग टॉवर लगाने की योजना है। सम्राट अशोक भवन के द्वितीय तल का निर्माण, गांधी स्मारक का जीर्णोद्धार और प्रमुख मार्गों पर बस पड़ावों के निर्माण का भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नगर निगम का यह 572 करोड़ रुपये का बजट गया शहर को स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक स्वरूप देने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

# रमजान और होली का पर्व एक साथ पढ़ना हिन्दू-मुस्लिम एकता व भाईचारे का देता है संदेश-प्रभाकर

## वजीरगंज थाना परिसर में होली और रमजान को लेकर शांति समिति की बैठक हुई संपन्न





सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**वजीरगंज।** होली और रमजान का त्योहार आपसी भाईचारा और शांतिपूर्ण माहौल में मनाने को लेकर वजीरगंज थाना परिसर में शांति समिति की बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बीडीओ प्रभाकर सिंह ने कहा कि रमजान और होली का त्योहार एक साथ पढ़ना हिन्दू-मुस्लिम एकता और भाईचारे का संदेश देता है अतः इस पावन मौके पर आपसी भाईचारे के साथ होलीऔर रमजान का पर्व संपन्न कराने में आपकी सहयोग प्रार्थनीय है| बैठक में जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्ध नागरिकों ने अपने विचार रखते हुए पुलिस प्रशासन के साथ सहयोग करने का वचन दिया।बैठक में मुखिया संघ जिलाध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ डब्लू यादव, कांग्रेस नेता रामाश्रय सिंह, राजद प्रखंड अध्यक्ष दिनेश यादव, माकपा नेता शम्भु शरण शर्मा, समाजसेवी अमर शंकर, सरपंच महेश कुमार सुमन, सरपंच प्रतिनिधि मो आरिफ, दिनेश सिंह आदि ने प्रखंड क्षेत्र के महादलित टोलों में अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने के लिए विशेष छापामारी अभियान चलाने की मांग की।उन्होंने कहा कि शराबबंदी कानून लागू होने के बावजूद कुछ लोग अभी भी शराब बेचने के कारोबार में लिप्त हैं, जो अपराध और अशांति का कारण बनता है। पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीण क्षेत्रों में होलिका दहन में विवाद का निपटारा स्थानीय प्रशासन द्वारा गंभीरता से करने पर सहमति जताई।

पुलिस प्रशासन ने स्थानीय स्तर पर अशांति फैलाने वाले मनचलों पर कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिया। थानाध्यक्ष नीरज कुमार ने प्रखंड क्षेत्र में गश्ती वाहन द्वारा लगातार निगरानी रखने और होली एवं रमजान जैसे त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए सक्रिय पुलिसिया कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

बैठक में भंगोसा, भरेती, मदरडीह, अमैठी आदि गांवों में होलिका दहन के दौरान पुलिस की विशेष नजर रखने पर चर्चा की गई। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि रामाशंकर यादव उर्फ हप्पू यादव, अमरेश कुमार, क्रांतिवीर शर्मा, छोटन साव, महेश सिंह, बजरंगी सिंह, अरविन्द लोहानी आदि सहित अनेकों गण्यमान्य आम नागरिक मौजूद थे।

# अकौना पेट्रोल पंप के पास कार तालाब में गिरी, एक की मौत, दूसरा गंभीर



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया।** गयाजी जिले के शेरघाटी प्रखंड अंतर्गत आमस थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना अकौना स्थित पेट्रोल पंप के समीप हुई, जहां कोलकाता से दिल्ली जा रही एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे तालाब में पलट गई। मृतक की पहचान औरंगाबाद जिले के रफीगंज थाना क्षेत्र के चंदौल गांव निवासी संतोष शर्मा (पुत्र उदय शर्मा) के रूप में हुई है। बताया गया कि हादसे में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कार में सवार नई दिल्ली के द्वारिका मोड़ मेट्रो स्टेशन क्षेत्र निवासी विशाल सिंह (34), पुत्र स्वर्गीय गोविंद सिंह, गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें तालाब से बाहर निकाला और तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार चालक ने सामने चल रहे एक टेंपो को बचाने के प्रयास में अचानक वाहन मोड़ दिया। तेज रफ्तार और अचानक ब्रेक के कारण वाहन का संतुलन बिगड़ गया और कार सीधे तालाब में जा गिरी। हादसे के बाद कुछ देर के लिए घटनास्थल पर अफरातफरी मच गई। आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई और राहत-बचाव कार्य शुरू किया गया। सूचना मिलते ही आमस थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी विनय सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस तालाब में कार गिरी, वह भारत पेट्रोलियम के पेट्रोल पंप परिसर के बगल में स्थित है और उसमें मछली पालन किया जाता है। हालांकि तालाब के किनारे किसी प्रकार की बैरिकेडिंग या सुरक्षा घेरा नहीं लगाया गया था। ग्रामीणों का कहना है कि यदि किनारे सुरक्षा व्यवस्था होती तो संभवतः इतना बड़ा हादसा टल सकता था।

# इंटर कॉपियों की जांच शुरू, 6 केंद्रों पर 3 लाख उत्तरपुस्तिकाएं जांची जाएगी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नालन्दा।** नालंदा में इंटर परीक्षा की कॉपियों की जांच आज से 6 केंद्रों पर शुरू हो चुकी है। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग ने इसके लिए सभी तैयारियां कर ली हैं। इस बार जिले में कुल 3,01,420 कॉपियों की जांच बार-कोडिंग प्रणाली से होनी है. जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने बताया कि मूल्यांकन का कार्य 10 मार्च तक करने का टारगेट है। रिजल्ट तैयार करने में देरी न हो, इसके लिए हर केंद्र पर 14 कंप्यूटर सेट लगाए गए हैं। ये कंप्यूटर सीधे इंटरनेट से जुड़े होंगे, जिससे कॉपियों की जांच के तुरंत बाद डाटा एंट्री पोर्टल पर कर दी जाएगी। अंकों के मिलान के लिए 2 स्तरों पर क्रॉस-चेकिंग की व्यवस्था भी की गई है। कुल छह केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा के बीच मूल्यांकन कार्य को समय सीमा में पूरा करने का टारगेट है, ताकि बोर्ड समय पर परिणाम घोषित कर सके।

**सीसीटीवी निगरानी और धारा 144 लागूः** जिलाधिकारी के अनुसार, मूल्यांकन कक्ष और वज्रगृह (स्ट्रांग रूम) की निगरानी सीसीटीवी से की जाएगी। केंद्रों की सुरक्षा के लिए सभी मूल्यांकन केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू कर दी गई है। मूल्यांकन कार्य में लगे सभी कर्मियों ने अपना योगदान दे दिया है और उन्हें सुबह 8:00 बजे तक केंद्र में जाने का निर्देश दिया गया है।

# राजगीर मलमास मेला 17 मई से शुरू होगा, ड्रोन और सीसीटीवी से होगी निगरानी, श्रद्धालुओं के लिए बनेगी वाटरप्रूफ टेंट सिटी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**नालन्दा।** राजगीर मलमास मेला की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन तैयार है। 17 मई से 15 जून तक चलने वाले मेले में सुरक्षा, सुविधा और सुव्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने उच्च स्तरीय दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि मेले की हर गतिविधि पर सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन के जरिए पैनी नजर रखी जाएगी ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

श्रद्धालुओं के रहने के लिए राजगीर पीएचईडी कैंपस में एक विशाल वाटरप्रूफ टेंट सिटी का निर्माण होगा। रेलवे स्टेशन, मेला थाना, ब्रह्म कुंड घाट, बस स्टैंड और वैतरणी सहित विभिन्न प्रमुख स्थलों पर वाटरप्रूफ यात्री शेड बनाए जाएंगे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा में इन निर्माण कार्यों को पूरा करने का आदेश दिया है। साथ ही वैतरणी घाट के सौंदर्यीकरण और शाही स्नान के दौरान उमड़ने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विशेष सुरक्षा घेरा बनाने की योजना है।

**बस-टोटो की सुविधा दी जाएगीः** मेला क्षेत्र में ट्रैफिक सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए श्रद्धालुओं को निर्धारित शुल्क पर बस और टोटो की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। वाहनों की पार्किंग के लिए अलग स्थल चिह्नित किए जाएंगे। यातायात को सुचारू रखने के लिए वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था होगी। सुरक्षा के लिहाज से पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी, पुलिस बल, महिला पुलिस और स्वयंसेवकों की तैनाती की जा रही है। असामाजिक तत्वों पर नकेल कसने के लिए विशेष निगरानी दल सक्रिय रहेंगे।

**खान-पान के लिए कैंटीन की व्यवस्थाः** इस बार मलमास मेला तकनीक के मामले में भी उन्नत होगा। श्रद्धालुओं की सहायता के लिए एआई (AI) काउंटर, मोबाइल एप और विशेष वेबसाइट का प्रबंध किया जा रहा है। खोए हुए व्यक्तियों को उनके परिजनों से मिलाने के लिए सूचना केंद्र बनेंगे। खान-पान की सुविधा के लिए कैंटीन, 'दीदी की रसोई' और सस्ती रोटी काउंटर उपलब्ध रहेंगे। इसके साथ ही आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एंबुलेंस, स्ट्रेचर और मेडिकल कैंप के साथ चिकित्सकों की टीम 24 घंटे तैनात रहेगी। मेले में साफ-सफाई, पेयजल, हाई मास्ट लाइटिंग और अग्निशमन की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने का आदेश संबंधित विभागों को दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### छापेमारी करके घर से बरामद किया शराब

**राजपुर**। बघैला पुलिस ने गुप्त सूचना के अधार पर छापेमारी करते हुए शुक्रवार को रामपुर गांव के एक घर से देशी महुआ शराब बरामद किया. थानाध्यक्ष करन कुमार ने बताया कि रामपुर निवासी स्वर्गीय वकील पासवान के बेटा बिफेंद्र पासवान के घर में शराब होने की सूचना पर छापेआरी किया गया.इस दौरान घर से दस लीटर देसी महुआ शराब बरामद किया गया.मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपित के विरूद्ध में आगे की कार्रवाई शुरू की गई है.

### द डिवाइन प्राइमरी स्कूल में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का भव्य आयोजन,छात्रों की प्रतिभा ने मोहा मन

**बिक्रमगंज /रोहतास** । अनुमंडल मुख्यालय सासाराम रोड पानी टंकी समीप स्थित द डिवाइन प्राइमरी स्कूल में गुरुवार की संध्या विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता,वैज्ञानिक सोच और सांस्कृतिक प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया । कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के चेयरमैन अखिलेश कुमार ने गुब्बारा उड़ाकर किया । इस अवसर पर आईआईटीयन अमितेश्वर आनंद तथा सन राइजिंग स्कूल डेहरी के निदेशक प्रशांत कुमार भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे ।उद्घाटन के पश्चात छात्राओं द्वारा हनुमान तांडव स्तोत्र का भावपूर्ण गायन प्रस्तुत किया गया । इसके बाद कक्षा सातवीं की छात्रा अर्पिता सिंह ने "द्रौपदी की पुकार" कविता का प्रभावशाली पाठ किया । कक्षा आठवीं के छात्र आयुष कुमार ने नाना पाटेकर की मिमिक्री प्रस्तुत कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया । वहीं कक्षा आठवीं की छात्रा अनुपमा कुमारी ने मनमोहक शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति दी । इसके पश्चात आदित्य एवं शिवम द्वारा राम-रावण संवाद का सशक्त मंचन किया गया,जिसे दर्शकों ने खूब सराहा । अपने संबोधन में चेयरमैन अखिलेश कुमार ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बधाई दी और उनका आभार व्यक्त किया । उन्होंने कहा कि अधिकांश लोग विद्यालय व्यवसाय के लिए चलाते हैं,लेकिन हमारा उद्देश्य विद्यालय को राष्ट्र निर्माण का माध्यम बनाना है ।उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए प्रोजेक्ट्स का निरीक्षण किया और उनकी सराहना की । प्रदर्शनी में जूनियर वर्ग के अंतर्गत कक्षा चार के छात्र आर्यन कुमार एवं शुभम कुमार द्वारा जलविद्युत बांध हाइड्रो इलेक्ट्रिसी डैम का मॉडल,कक्षा चार की छात्रा वैष्णवी कुमारी द्वारा रेन वाटर हार्वेस्टिंग तथा कक्षा दो के छात्र चंद्र प्रकाश द्वारा वाटर कूलर का मॉडल प्रस्तुत किया गया । वहीं सीनियर वर्ग में कक्षा आठ के छात्र आयुष राज, आदित्य कुमार,शिवम कुमार एवं अंकित कुमार द्वारा निर्मित मैकबोट दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहा ।कला वर्ग में अनुष्का कुमारी (कक्षा 8),शान्वी कुमारी (कक्षा 7) एवं सृष्टि कुमारी (कक्षा 7) द्वारा बनाई गई सुंदर चित्रकलाओं ने सभी का मन मोह लिया । कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को चेयरमैन अखिलेश कुमार द्वारा मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया । उसके उपरांत राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का सफल समापन हुआ ।यह विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी विद्यार्थियों की प्रतिभा,नवाचार और आत्मविश्वास को बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय पहल साबित हुई ।

### सबका सम्मान जीवन आसान कार्यक्रम में फरियादियों की समस्याओं का त्वरित समाधान

**बिक्रमगंज /रोहतास**। राज्य सरकार के 7 निश्चय-3 के तहत संचालित सबका सम्मान जीवन आसान कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को विद्युत विभाग के विभिन्न कार्यालयों में जनता दरबार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने पहुंचकर अपनी समस्याएं दर्ज कराईं, जिनका अधिकारियों द्वारा प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया गया। विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सासाराम के विद्युत कार्यपालक अभियंता ई. ब्रवीम ने बताया कि जनता दरबार में उपभोक्ताओं ने मुख्य रूप से गलत रीडिंग, एकमुश्त रीडिंग, गलत औसत बिल, खराब मीटर तथा बिल सुधार से संबंधित शिकायतें प्रस्तुत कीं। कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि जिन शिकायतों का तत्काल समाधान संभव नहीं था, उनके आवेदन प्राप्त कर सात कार्यदिवस के भीतर सुधार का आश्वासन दिया गया। उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का समाधान निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए ताकि उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। सेवा-संवाद समाधान कार्यक्रम के माध्यम से विभाग और आम जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ है, जिससे न केवल शिकायतों के निपटारे की प्रक्रिया तेज हुई है, बल्कि विद्युत विभाग के प्रति लोगों का विश्वास भी मजबूत हुआ है। विद्युत विभाग का लक्ष्य है कि उपभोक्ताओं को बिजली से संबंधित सभी योजनाओं और सेवाओं का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी लाभ उपलब्ध कराया जाए, ताकि नागरिकों का जीवन और अधिक सुगम बन सके।

### गोडारी बाजार में बच्चा चोर समझकर पकड़ा गया मुकेश कुमार, पुलिस ने खोला राज- मानसिक रूप से बीमार कोई चोरी का केस नहीं

**काराकाट /रोहतास** ।थाना क्षेत्र के गोडारी मुख्य बाजार में शक के आधार पर नगरवासियों ने एक अज्ञात व्यक्ति को बच्चा चोर समझकर पकड़ लिया। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही बच्चा चोरी की अफवाहों के चलते लोगों ने पहले पूछताछ की, फिर थाने सौंप दिया। जांच में खुलासा हुआ कि व्यक्ति मानसिक रूप से विचलित है और नौबत के नउवा गोपालपुर का मुकेश कुमार गंगा निवासी है।घटना की जानकारी देते हुए प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि मुकेश किसी घर में घुस गया था और पूछताछ पर उल्टा-सीधा जवाब दे रहा था। बच्चा चोरी की अफवाहों से घबराए लोगों ने उसे पकड़कर थाने भेज दिया। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने स्पष्ट किया, "जांच के बाद पता चला कि वह मानसिक रूप से बीमार है। काराकाट थाने में आज तक कोई बच्चा चोरी का केस दर्ज नहीं हुआ।

"अफवाहों से बचें, अन्यथा अपराधः थानाध्यक्ष ने लोगों से अपील की कि बिना जांच के किसी पर आरोप लगाना या मारपीट करना अपराध है। सोशल मीडिया पर वायरल बच्चा चोरी के वीडियो अक्सर अफवाह साबित होते हैं। फेरी वालों-कबाड़ी वालों को भी इसी तरह पीटे जाने के मामले सामने आ चुके हैं। उन्होंने कहा, "बच्चा चोरी का शक हो तो थाने में शिकायत करें, अफवाह न फैलाएं।"रोहतास सहित बिहार में बच्चा चोरी की अफवाहें तेजी से फैल रही हैं, जिससे निर्दोष लोग परेशान हो रहे। पुलिस ने जागरूकता अभियान तेज करने का संकेत दिया है।

### शराब काण्ड के नौ आरोपितों को बघैला पुलिस ने मजिस्ट्रेट के समक्ष किया प्रस्तुत



**राजपुर**। बघैला थाना अंतर्गत अवैध शराब के विरुद्ध छापामारी के दौरान विभिन्न काण्डों में गिरफ्तार करके पूर्व मे जेल गये नौ लोगों को शुक्रवार को अनुमंडल दण्डाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया. थानाध्यक्ष करन कुमार ने बताया कि घोरडिही गांव निवासी चालीस वर्षिय सुनिल पासवान,रोतवां निवासी वीर बहादुर सिंह पड़रिया निवासीअमित कुमार,महुअरी निवासी करण कुमार सिंह उर्फ मगरुआ,कुशधर गांव के संजय चौधरी,बिशुनपुर के कामेश्वर सिंह,चनकी गांव निवसी उपेंद्र राम,धनंजय पासवान एवं लिलारी गांव के विंध्याचल शर्मा,मुरली शर्मा बीएनएसएस धारा 126/170 के तहत अग्रिम कार्रवाई हेतु अनुमंडल दंडाधिकारी के समक्ष उपस्थापन कराया गया.

# करगहर में होली को लेकर सख्ती

## डीजे व अश्लील गीतों पर रोक, प्रशासन पूरी तरह अलर्ट

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**करगहर (रोहतास)**। होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से करगहर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष कमल नयन पांडेय ने की। इसमें विभिन्न गांवों के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक में थानाध्यक्ष ने स्पष्ट रूप से कहा कि होली के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। अश्लील गीत बजाने वालों, हुड़दंग करने वालों और शराब के नशे में उत्पात मचाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**सुरक्षा के व्यापक इंतजामः** प्रशासन द्वारा संवेदनशील स्थलों की पहचान कर वहां अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। होलिका दहन स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। गश्ती दलों की संख्या बढ़ाई जाएगी तथा प्रमुख चौक-चौराहों पर लगातार निगरानी की व्यवस्था रहेगी। चिन्हित उपद्रवी तत्वों से बांड डाउन की प्रक्रिया भी की जा रही है। थानाध्यक्ष ने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत प्रशासन को दें। उन्होंने यह भी कहा कि छोटे बच्चे यदि उत्साह में कोई शरारत कर बैठें तो बड़े लोग संयम और समझदारी से काम लें। पर्व के दौरान पदाधिकारी लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहेंगे।


अंचलाधिकारी अजीत कुमार ने कहा कि रमजान का पवित्र महीना और होली का त्योहार एक साथ होने के कारण सभी समुदायों को आपसी सद्भाव, भाईचारे और सम्मान के साथ पर्व मनाना चाहिए। जिला शांति समिति से प्राप्त सुझावों के अनुरूप आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं।

प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) अजीत कुमार ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि होली का त्योहार पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो। सभी विभागों को अलर्ट मोड में रखा गया है। बिजली, पेयजल, साफ-सफाई और स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर विशेष व्यवस्था की जा रही है, ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि प्रशासन और जनता के सहयोग से ही त्योहार सफल बनाया जा सकता है।

बैठक में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सुशील मिश्रा, पूर्व जिला परिषद सदस्य शकील अहमद, सीपीआई नेता महेंद्र प्रसाद, मुखिया राजू सिंह, सरपंच संघ अध्यक्ष अयोध्या पासवान, सरपंच सरोज राय, सरपंच संतोष कुमार सिंह, सुदामा प्रजापति, खलीफा सनौवर राईन, सरपंच संगीत देवी, फेकु सेठ, जगनारायण गुप्ता, धनंजय पांडेय, सरपंच प्रतिनिधि जयप्रकाश गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य स्पष्ट रहा—होली का पर्व शांति, सौहार्द और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हो।

# करगहर में अंधविश्वास की आड़ में महिला पर हमला

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



♦ 'डायन' कहकर की गई पिटाई, पांच नामजद आरोपितों पर केस दर्ज

करगहर (रोहतास)। थाना क्षेत्र के अररुआं ग्राम पंचायत अंतर्गत अकोढ़ी गांव में गुरुवार को एक महिला को डायन बताकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पति की शिकायत पर पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। पीड़िता के पति भुवन राम के अनुसार, गांव के कुछ युवक उनके घर के सामने से गुजरते समय उनकी पत्नी को 'डायन' कहकर अपमानित करते थे। जब उन्होंने इस हरकत की शिकायत संबंधित युवकों के परिजनों से की, तो मामला और बढ़ गया। आरोप है कि इसके बाद कई लोग उनके दरवाजे पर पहुंच गए और गाली-गलौज करने लगे।

विरोध करने पर आरोपितों ने दंपति के साथ मारपीट की। महिला को सार्वजनिक रूप से अपमानित करते हुए पिटाई की गई। भुवन राम का कहना है कि इस तरह की घटना पहले भी दो-तीन बार हो चुकी है, जिससे परिवार दहशत में था। अंततः उन्होंने थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। थानाध्यक्ष कमल नयन पांडेय ने बताया कि आवेदन के आधार पर अकोढ़ी गांव के मनोज राम, श्रीकांत राम, भोलाराम, विकास राम और एक अन्य मनोज राम के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

पुलिस का कहना है कि अंधविश्वास फैलाकर किसी के साथ मारपीट करना गंभीर अपराध है और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# श्री शिवशक्ति महायज्ञ की हुई पुर्णहुती

## हजारों भक्तों ने ग्रहण किया भण्डारा का प्रसाद



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**राजपुर**। प्रखंड मुख्यालय राजपुर के दयालगंज स्थित चौधरी चरण सिंह महाविद्यालय प्रांगण में पंचदशनाम जूना अखाड़ा के महामण्डलेश्वर केको आईकावा उर्फ कैला देबी के सानिध्य में संचालित श्री शिवशक्ति महायज्ञ शुक्रवार को पुर्णहुती के साथ सम्पन्न हो गया. पुर्णहुती के दौरान आस पड़ोस,दुर-दराज एवं देश-विदेश से पहुंचे हजारों भक्त एवं संत जनों ने लंगर के दौरान भण्डारा का महाप्रसाद ग्रहण किया.

जपान, अमेरिका, रुस जर्मनी यूक्रेन नेपाल समेत कई अन्य देश से पधारे विदेशी साध्वी एवं संतो से संचालित 27 कुण्डीय श्री शिव शक्ति महायज्ञ क्षेत्र के लोगों के लिए श्राद्धा भक्ति के साथ साथ आकर्षण का केंद्र रहा. विदेशी संतो द्वारा किये जा रहे महामृत्युंजय तथा दूर्गा सप्तशती एवं गायत्री मंत्र के उच्चारण से भक्तिमय बने माहौल को देखने सुनने के लिए काफी लोग आकर्षित रहे.

महायज्ञ की मुख्य यजमान महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सुनिता कुमारी ब्रह्मलीन अंननत श्री विभूषित स्वामी सोमनाथ गिरी जी महाराज उर्फ महायोगी पायलट बाबा पीठाधीश्वर श्री पंचदशनाम जूना आखाडा के वर्तमान महामण्डलेश्वर जपान निवासी श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर श्री जूना आखाडा योग माता केको आईकावा उर्फ कैला देवी,भारत की महामण्डलेश्वर चेतना माता,महामण्डलेश्वर श्रद्धा माता,इटली निवासी महामण्डलेश्वर विष्णु देवानंद जी एवं सोवियत रूस निवासी महामण्डलेश्वर संत प्रभु जी के साथ यज्ञशाला के मध्य बने प्रधान कुण्ड पर विराजमान रही.

नौ दिनों तक चले महायज्ञ के दौरान लगे मेले व चरखे का बच्चे भरपूर लुत्फ उठाये. मीना बाजार में महिलाओं ने मनपसंद वस्तु की खरीदारी की. भीड़ को नियंत्रित करने के लिए यज्ञ कमेटी सदस्य एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन चौकस दिखे.

# होली को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण बनाने के लिए सूर्यपुरा थाना में प्रखंड स्तरीय शांति समिति की बैठक

## पुलिस ने संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के दिए निर्देश

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**सूर्यपुरा/रोहतास**। सूर्यपुरा थाना परिसर में होली पर्व को लेकर प्रखंड स्तरीय शांति समिति की बैठक बिक्रमगंज पुलिस इंस्पेक्टर शेर सिंह यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई । बैठक में प्रखंड स्तरीय अधिकारी, थानाध्यक्ष चंदन कुमार भगत,मीडिया प्रतिनिधि,पीस कमेटी के सदस्य एवं जनप्रतिनिधि लोग मौजूद रहे । बैठक दौरान उपस्थित सदस्यों ने पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए अपने-अपने सुझाव रखे । अधिकारियों ने सभी सुझावों को गंभीरता से सुना और आपसी सहयोग से होली को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की अपील की । पुलिस इंस्पेक्टर शेर सिंह यादव ने अपने संबोधन में कहा कि होली आपसी प्रेम,भाईचारे और सामाजिक समरसता का पर्व है । हमारी प्राथमिकता है कि पूरे प्रखंड क्षेत्र में यह त्योहार शांति और सौहार्द के साथ मनाया जाय । संवेदनशील एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर विशेष पुलिस बल की तैनाती की जाएगी । गश्ती दल लगातार भ्रमण करेंगे और किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी । आम नागरिकों से अनुरोध है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें ।

प्रशासन पूरी तरह सतर्क और तैयार है । वहीं थानाध्यक्ष चंदन कुमार भगत ने कहा कि सरकार द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा । होलिका दहन स्थल की विशेष निगरानी की जाएगी । डीजे और हुड़दंग करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी । शराब के नशे में उत्पात मचाने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी । हम सभी जनप्रतिनिधियों और समाज के प्रबुद्ध लोगों से अपील करते हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में शांति बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें, ताकि त्योहार का उल्लास किसी भी अप्रिय घटना से प्रभावित न हो ।बैठक के अंत में अधिकारियों ने एक बार फिर सभी से मिल-जुलकर कानून व्यवस्था का पालन करते हुए और सामाजिक सौहार्द बनाए रखते हुए होली मनाने की अपील की ।मौके पर स्थानीय अधिकारी,मीडिया प्रतिनिधि,पीस कमेटी सदस्य एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

# यूजीसी जैसे काले कानून को खत्म करने के लिए सामान्य जाति के लोगों ने की बैठक

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बिक्रमगंज/रोहतास**। नगर स्थित डॉ नागेंद्र झा महिला महाविद्यालय के प्रांगण में सामान्य जाति के लोगों ने बैठक कर सरकार को संदेश दिया कि जो सामान्य वर्ग को जातीय आधार पर सरकार के तरफ से शोषण किया जाता है । उसे अभिलंब रोक लगाई जाए कोई भी जातीय आधार पर अपराधी नहीं हो सकता । जबकि सरकार सामान्य जाति के लोगों को अपराधी घोषित कर दिया यही नहीं सामान्य जाति के पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को भी जातीय आधार पर अपराधी घोषित किया जा रहा है । जो कहीं से भी सत्य नहीं है एक तरफ सरकार ढिंढोरा पीटी है कि हिंदू राष्ट्र घोषित करना है और दूसरी तरफ विकास अवरोध करने के लिए सामान्य जाति को अपराधी घोषित करता है । हमें आरक्षण नहीं मिला फिर भी बिना आरक्षण के अपने परिश्रम और शिक्षा के बल पर मुकाम हासिल करते आ रहे हैं । फिर भी सरकार की आंख की किरकिरी बन गए हैं । किसी भी प्रकार से शिक्षा के मंदिर में भी भेदभाव करके सामान्य जाति के बच्चों को अपराधी घोषित किया जा रहा है । जिसे हम पुरजोर विरोध करते हैं वक्ताओं ने कहा कि अब यह बर्दाश्त से बाहर हो रही है । सभी वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार काले कानून को अभिलंब रोक नहीं लगती है तो हम आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे और तब तक आंदोलन करेंगे । जब तक यूजीसी एससी एसटी जातीय आधार पर आरक्षण जैसे कानून खत्म नहीं किए जाते हैं हम आरक्षण के विरोधी नहीं । मगर आरक्षण आर्थिक आधार पर हो इसके पक्षधर हैं । मौके पर डॉ नागेंद्र झा महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अमरेंद्र मिश्रा, राकेश कुमारी, प्रवीण शर्मा,मानवता सेवा संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण दुबे ,सचिव अखिलेश तिवारी, संस्थापक रजनीकांत पांडेय, सक्रिय सदस्य कुंदन पांडेय, पत्रकार कौशलेश पांडेय, रवि पाण्डेय ,रूबी कुमारी, अविनाश मिश्रा, सीमा राय, चांदनी कुमारी,सरपंच अरुण पांडेय सहित कई लोग थे ।

# बाबू तपेश्वर सिंह की 35 वीं पुण्यतिथि धूमधाम से मनी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बिक्रमगंज, रोहतास** । स्थानीय इन्दु तपेश्वर सिंह महिला महाविद्यालय बिक्रमगंज में संस्थापक स्मृति शेष बाबू तपेश्वर सिंह की 35 वीं पुण्यतिथि धूमधाम पूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए डॉ. बिनोद कुमार सिंह प्रधानाचार्य ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 40-50 दशक पूर्व तपेश्वर बाबू ने महिला शिक्षा एवं सहकारिता के क्षेत्र में उदवंतनगर प्राथमिक शाख सहयोग समिति से शुरू कर जिला, प्रदेश एवं देश ही नहीं विदेशों में भी सहकारिता के शीर्ष पदों को सुशोभित किया एवं देश विदेश में सहकारिता का परचम लहराया सहकारिता को शून्य से शिखर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई एवं सहकारिता सम्राट के नाम से विख्यात हुए यहीं नहीं उन्होंने महिला शिक्षा के प्रति भी काफी सचेत एवं प्रयासरत रहें इसी कड़ी में बिक्रमगंज, आरा, दिनारा डुमरी छपरा अनेक स्थानों पर महिला महाविद्यालय एवं बालिका विद्यालय की स्थापना कर महिला सशक्तिकरण को काफी आगे बढ़ाया आज इन शैक्षणिक संस्थानों से शिक्षा ग्रहण कर बालिकाएं अपनी अपनी योग्यता की परचम लहरा रहीं हैं श्रद्धांजली सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ताओं में डॉ. उमेश्वर प्रसाद सिंह (नेहरू जी) डॉ . उपेंद्र प्रसाद सिंह, डॉ. पुष्पा राणा रसिक, प्रो. शशि रंजन, डॉ. हरेंद्र सिंह, प्रो. राकेश सिंह, सोनू कुमार सिंह उनके कार्य एवं कृति अपने अपने संस्मरण से व्यक्त किया एवं अल्पाहार किया प्रधानाचार्य ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम आरा में है।

# पुलिस टीम ने पत्रकारों को 17 रनों से पराजीत कर ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

## मैन आफ द मैच काराकाट थानाध्यक्ष को मिला

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**सूर्यपुरा /रोहतास** । सूर्यपुरा प्रखंड मुख्यालय राज राजेश्वरी प्लस टू उच्च विद्यालय के खेल मैदान में गुरूवार को पुलिस सप्ताह के तहत पुलिस एवं पत्रकारों के बीच क्रिकेट मैच खेला गया । क्रिकेट मैच में पुलिस ने पत्रकारों को 17 रनों से पराजीत कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया । पुलिस टीम के कैप्टेन बिक्रमगंज पुलिस इंस्पेक्टर शेर सिंह यादव व पत्रकार टीम के कैप्टेन बीरेंद्र कुमार शर्मा के बीच टॉस किया गया । जिसमें पुलिस टीम टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया । निर्धारित 10 ओवरों के खेल में पुलिस टीम ने पांच विकेट खो कर 92 रनों का लक्ष्य दिया । वहीं लक्ष्य को पार करने के उद्देश्य से उतरी पत्रकारों की टीम ने 10 ओवरों में महज 74 रन पर ही सिमट गई ।इस तरह पुलिस की टीम 18 रनों से जीत दर्ज कर ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया । मैन आफ द मैच पुलिस टीम के काराकाट थानाध्यक्ष विवेक कुमार को मिला । खेल में नासरीगंज इंस्पेक्टर कुणाल कृष्ण, सूर्यपुरा थानाध्यक्ष चंदन कुमार भगत, एसआई तरुण कुमार, निरज कुमार, पत्रकारों में राहुल मिश्रा, जयराम, मुकेश सिंह, संतोष चंद्रकांत, रवि कुमार, राजू पाठक, अमित कुमार, अंकित कुमार, प्रिंस कुमार, संजय पांडेय, राजू रंजन दुबे के अलावा अतिथियों में प्रमुख पति सुनील कुमार, सरपंच शिवयश भगत, सुदामा पांडेय, अभय कुमार, धनेश्वर प्रसाद सहित कई लोग मौजूद थे ।

## संक्षिप्त समाचार

### इंटर की कॉपियों का मूल्यांकन शुरू

**बांका।** बांका में इंटरमीडिएट परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुक्रवार से शुरू हो गया है। यह कार्य 27 फरवरी से 10 मार्च तक तीन निर्धारित केंद्रों पर चलेगा। जिला शिक्षा विभाग के अनुसार, इस दौरान लगभग डेढ़ लाख उत्तर पुस्तिकाओं की जांच की जाएगी।

**प्रत्येक केंद्र पर 50 हजार उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन:** मूल्यांकन के लिए बांका के आरएमके उच्च विद्यालय, एसएस बालिका उच्च विद्यालय और सर्वोदयनगर हाई कॉलेज को केंद्र बनाया गया है। प्रत्येक केंद्र पर लगभग 50-50 हजार उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जिम्मेदारी है। इस कार्य के लिए करीब 730 शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

**केंद्र पर दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी तैनात:** जिला शिक्षा पदाधिकारी देवनारायण पंडित ने बताया कि मूल्यांकन केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रत्येक केंद्र पर दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी तैनात किए गए हैं। केंद्रों के आसपास शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 लागू कर दी गई है। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में मूल्यांकन कार्य होगा। बिना पहचान पत्र और अनुमति के किसी भी बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर सख्त प्रतिबंध रहेगा।

**मूल्यांकन कार्य प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शुरू होगा:** आरएमके उच्च विद्यालय केंद्र पर अंग्रेजी और हिंदी विषय की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाएगा। एसएस बालिका उच्च विद्यालय में साइंस संकाय की कॉपियों की जांच होगी, जबकि सर्वोदयनगर हाई कॉलेज में आर्ट्स संकाय की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाएगा। इसी क्रम में, जिले में मैट्रिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 2 मार्च से शुरू होकर 13 मार्च तक चलेगा। मैट्रिक मूल्यांकन के लिए टीआरपीएस ककवारा, एमआरडी हाई स्कूल और एसएनएस हाई स्कूल मोहनपुर को केंद्र बनाया गया है।हालांकि, मैट्रिक की कुल उत्तर पुस्तिकाओं की संख्या और शिक्षकों की ड्यूटी सूची अभी अंतिम रूप में तैयार की जा रही है।

### कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं को मिलेगा मुफ्त सोलर पैनल

**बांका।** गरीब परिवारों को बिजली बिल से राहत देने और ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार ने एक अहम फैसला लिया है। इसके तहत बांका जिला में कुटीर ज्योति योजना के अंतर्गत आने वाले बीपीएल बिजली उपभोक्ताओं को मुफ्त सोलर पैनल उपलब्ध कराया जाएगा। योजना लागू होने के बाद इन परिवारों को बिजली बिल की चिंता से काफी हद तक मुक्ति मिलेगी। सरकार ने गरीब परिवारों को बिजली बिल से राहत देने और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इसके तहत बांका जिले में कुटीर ज्योति योजना के अंतर्गत आने वाले बीपीएल बिजली उपभोक्ताओं को मुफ्त सोलर पैनल उपलब्ध कराए जाएंगे।

**1.1 केवीए का सोलर पैनल किया गया स्थापित:** इस योजना के तहत, बीपीएल उपभोक्ताओं की छत पर 1.1 केवीए क्षमता का सोलर पैनल निशुल्क स्थापित किया जाएगा। बिजली कंपनी ने उपभोक्ताओं से इसके लिए सहमति मांगी है। इच्छुक उपभोक्ता, जिनके पास कम से कम 64 वर्ग फीट की पक्की और छायामुक्त छत है, वे 28 फरवरी तक 'सुविधा ऐप' के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। 1.1 केवीए क्षमता के सोलर पैनल में दो सोलर प्लेट लगाई जाएंगी। सोलर पैनल और उसके इंस्टॉलेशन का पूरा खर्च विद्युत विभाग द्वारा वहन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, एक से दो किलोवाट के कनेक्शन पर केंद्र सरकार की ओर से 30 हजार रुपये की सब्सिडी भी प्रदान की जाती है। जिले में बिजली विभाग के दो डिवीजन हैं। अमरपुर डिवीजन में लगभग 40 हजार कुटीर ज्योति उपभोक्ता हैं, जबकि बांका डिवीजन में 53,338 उपभोक्ता शामिल हैं।

# पत्रकार टीम के सामने हारी जिला प्रशासन की टीम

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर में बिहार पुलिस सप्ताह के तहत शहर के ऐतिहासिक सैनडिस कंपाउंड मैदान में जिला प्रशासन और पत्रकार एकादश के बीच दोस्ताना क्रिकेट मुकाबला खेला गया। खेल और सौहार्द के इस आयोजन में पत्रकार एकादश ने 17 रनों से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। मैच को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह रहा। मैच से पूर्व जिला प्रशासन की ओर से कप्तान सह वरीय पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव और पत्रकार एकादश के कप्तान कुणाल शेखर ने मैदान के बीच टॉस किया।

**टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का किया था फैसला:** टॉस जीतकर पत्रकार एकादश ने पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। निर्धारित 12 ओवर के मुकाबले में टीम की शुरुआत कमजोर रही और शुरुआती विकेट जल्दी गिर गए। इसके बाद बल्लेबाज चंदू ने आक्रामक अंदाज में 60 रनों की शानदार पारी खेल टीम को संभाला। शैलेन्द्र मणि संदेश ने 38 रनों का महत्वपूर्ण योगदान देते हुए पारी को मजबूती दी। दोनों की दमदार पारियों की बदौलत पत्रकार एकादश ने 12 ओवर में 128 रनों का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया।

**प्रशासन की टीम ने भी संघर्षपूर्ण प्रदर्शन किया:** 129 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिला प्रशासन की टीम ने भी संघर्षपूर्ण प्रदर्शन किया। डीडीसी प्रदीप कुमार ने 37 रनों की उपयोगी पारी खेली। एसएसपी प्रमोद कुमार यादव ने भी आकर्षक शॉट लगाकर दर्शकों का उत्साह बढ़ाया।

**पत्रकार एकादश ने 17 रनों से मुकाबला जीता:** हालांकि निर्धारित ओवर में टीम 5 विकेट पर 111 रन ही बना सकी और पत्रकार एकादश ने 17 रनों से मुकाबला जीत लिया। गेंदबाजी में शैलेन्द्र मणि संदेश और अविनाश ने दो-दो विकेट चटकाए। कप्तान कुणाल शेखर ने भी किफायती गेंदबाजी करते हुए एक अहम विकेट लिया। समापन समारोह में एसएसपी प्रमोद कुमार यादव और डीडीसी प्रदीप कुमार ने विजेता टीम को कप प्रदान किया। इस अवसर पर एसएसपी ने कहा कि पुलिस सप्ताह के दौरान ऐसे आयोजन प्रशासन और समाज के बीच विश्वास व सामंजस्य को मजबूत करते हैं।

# खाटू श्याम मंदिर में दो दिवसीय फाल्गुनोत्सव

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर के मंदरोज़ा स्थित खाटू श्याम मंदिर में दो दिवसीय फाल्गुनोत्सव का आयोजन किया गया। यह महोत्सव श्याम भक्त मंडल और श्याम भक्त मंडल न्यास के संयुक्त देखरेख में संपन्न हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। फाल्गुनोत्सव के पहले दिन स्थानीय गोशाला प्रांगण से निशांत शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें महिला, पुरुष, युवा और बच्चों सहित हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। भक्त हाथों में ध्वज-पताका लिए "श्याम बाबा की जय" के जयकारे लगाते हुए ढोल-नगाड़ों और भजन-कीर्तन की धुन पर झूमते हुए चल रहे थे।

**शोभा यात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत:** नगर भ्रमण के दौरान शोभा यात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। यात्रा शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से मंदिर परिसर पहुंची, जहां विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। संध्या 8 बजे से बाबा की ज्योत प्रज्वलित कर भजन संध्या और कीर्तन कार्यक्रम शुरू हुआ। प्रसिद्ध भजन गायकों ने श्याम भक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां दीं, जिस पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। मंदिर परिसर को आकर्षक रोशनी और रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया था। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी फाल्गुनोत्सव को सफल बनाने का प्रयास किया गया। समाज के सभी वर्गों ने इसमें बढ़-चढ़कर सहयोग किया। पूरे आयोजन के दौरान प्रशासन का भी सहयोग रहा, जिससे सुरक्षा और यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रही।

# हाईवा ने बाइक सवारों को रौंदा, पिता की मौत

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर।** भागलपुर के बरारी थाना क्षेत्र स्थित विक्रमशिला सेतु पहुंच पथ पर एक तेज रफ्तार हाईवा ने बाइक सवार पिता-बेटे को टक्कर मार दी। हादसे में पिता की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बेटा आंशिक रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान नवगछिया पुलिस जिला के झंडापुर थाना क्षेत्र के ओलियाबाद गांव निवासी विनोद सिंह के रूप में हुई है। उनके बेटे सुशील सिंह को हल्की चोटें आई हैं। बताया गया कि विनोद सिंह हरनिया और पथरी की बीमारी से पीड़ित थे और इलाज के लिए भागलपुर आए थे। देर रात इलाज के बाद वह अपने बेटे के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार हाईवा ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

**पुलिस ने हाईवा को जब्त किया:** सूचना मिलते ही बरारी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हाईवा को जब्त कर लिया। हालांकि, दुर्घटना के बाद ड्राइवर वाहन छोड़कर फरार हो गया।

# डेढ़ साल की बच्ची का हत्यारोपी आंध्र प्रदेश से गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बेगूसराय।** बेगूसराय में 10 महीने पहले 19 महीने की बच्ची की गोली मारकर हत्या की गई थी। मर्डर के मुख्य आरोपी छोटू कुमार को पुलिस ने आंध्र प्रदेश के निजामाबाद से गिरफ्तार लिया है। आरोपी ने बच्ची के नाना से बदला लेने के लिए मासूम का मर्डर किया था। दरअसल, नाना ने महिला से छेड़खानी करने पर आरोपी को डांटा था। इस पर उसने अपमानित महसूस किया था और बदला लेने का फैसला किया था। हत्या के बाद एसपी के निर्देश पर गठित DIU और भगवानपुर पुलिस विशेष टीम ने उसे पकड़ा है। घटना भगवानपुर थाना क्षेत्र स्थित मोख्तियारपुर गांव की है।

**डेढ़ साल की बेटी को लेकर मायके गई थी मां:** एसपी मनीष ने बताया कि 7 मई 2025 की शाम मृतका की मां निर्जला कुमारी अपने मायके में थी। बदमाश ने डेढ़ साल की बेटी निकिता की गोली मारकर हत्या कर दी थी। मामले में मानोपुर गांव के रहने वाले इंद्रदेव महतो उर्फ रुदल महतो के बेटे छोटू कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था, लेकिन वह फरार चल रहा था।

**आंध्र में नाम बदलकर रहने की सूचना मिली थी:** एसपी ने बताया कि सूचना मिली थी कि हत्या का आरोपी छोटू कुमार आंध्र प्रदेश के निजामाबाद में नाम बदलकर छिपकर रह रहा है। दरअसल, किसी ने आरोपी को पहचान लिया था और पुलिस को उसके छिपे होने की सूचना दी। एसपी ने आगे बताया कि तेघड़ा डीएसपी के नेतृत्व में भगवानपुर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह और बेगूसराय DIU टीम ने संयुक्त छापेमारी करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जिले में लाया है। **एससी-एसटी एक्ट के तहत पहले से मामले दर्ज:** आरोपी से पूछताछ और आगे की कार्रवाई चल रही है छोटू कुमार के खिलाफ भगवानपुर, मंसूरचक और बछवाड़ा थाना में संगीन अपराध के सात मामले दर्ज हैं।

# पेट्रोल टैंकर से 3773 लीटर शराब बरामद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**भागलपुर।** भागलपुर में वाहन जांच के दौरान पुलिस ने संदिग्ध पेट्रोल टैंकर को रोकने की कोशिश की गई, पर उसने गाड़ी नहीं रोकी। ड्राइवर ने गाड़ी की स्पीड बढ़ा दी। सड़क पर जाम लगा था, इसलिए वो भाग नहीं पाया। विक्रमशिपा टीओपी के पास फिर से घेराबंदी कर वाहन को रोका गया। टैंकर से पेट्रोल की गंध नहीं आने पर जवानों को शक हुआ। इसके बाद वाहन को थाने पर लाया गया। टैंकर खोलने पर 416 कार्टन (3773 लीटर) विदेशी शराब बरादम हुई। पुलिस ने मौके से मो. इरफान (25) और मो. जावेद (23) को गिरफ्तार किया गया। दोनों मुजफ्फरपुर के रहने वाले हैं। सिटी एसपी शैलेंद्र सिंह ने कहा कि पुलिस जांच में पता चला कि शराब की खेप झारखंड के कोडरमा घाटी से लाई जा रही थी और समस्तीपुर के दलसिंहसराय में डिलीवनी देनी थी।

**पहले भी शराब तस्करी मामले में पकड़े जा चुके हैं:** गिरफ्तार मो. जावेद हाल ही में दिल्ली के तिहाड़ जेल से आर्म्स एक्ट मामले में जमानत पर बाहर आया था। दोनों पहले भी शराब तस्करी के मामलों में पकड़े जा चुके हैं। 2021 में बांका और बाद में गोपालगंज में भी इनकी गिरफ्तारी हो चुकी है। इधर, होली से पहले शराब की डिमांड बढ़ने के साथ तस्कर फिल्मी अंदाज में तस्करी के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। उत्पादन निरीक्षक मनोज ने बताया कि यदि तस्कर चाल बदल रहे हैं तो पुलिस भी सख्ती और तकनीकी जांच के सहारे लगातार कार्रवाई कर रही है। शराबबंदी कानून के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर प्रशासन ने चेकिंग अभियान और तेज कर दिया है। भागलपुर में पिछले 25 दिनों की बड़ी कार्रवाई कहलगांव: पिकअप वैन में तहखाना बनाकर लाई जा रही अवैध शराब को उत्पाद विभाग ने जब्त किया। नवगछिया: ट्रक से लगभग 100 कार्टन विदेशी शराब बरामद की गई। बाइपास पर पुलिस ने करीब 20 लाख रुपए की विदेशी शराब जब्त की। बरारी पेट्रोल टैंकर से 3773 लीटर शराब बरामद, 2 तस्कर गिरफ्तार।

## 60 लाख खर्च के बाद सड़क किनारे जल रहा कचरा

**मुंगेर।** मुंगेर में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर हर महीने 60 लाख 60 हजार रुपए खर्च किए जा रहे हैं। इसके बावजूद कई पंचायतों में घर-घर से उठाया गया कचरा डंपिंग यार्ड तक पहुंचने के बजाय सड़कों किनारे फेंककर जलाया जा रहा है। यह स्थिति अभियान की प्रभावशीलता पर सवाल उठाती है। खुले में कचरा जलाने से न सिर्फ पर्यावरण को गंभीर नुकसान हो रहा है, बल्कि आम लोगों के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा है। यह कचरा प्रबंधन के लिए आवंटित भारी भरकम राशि के बावजूद हो रहा है। भास्कर टीम की पड़ताल में हवेली खड़गपुर, जमालपुर और तारापुर अनुमंडल क्षेत्रों में कई जगहों पर खुले में कचरा डंप कर उसमें आग लगाने की तस्वीरें सामने आईं। खड़गपुर प्रखंड की नाकी पंचायत में सति स्थान जाने वाली सड़क पर बने कचरा भवन के बजाय करीब 500 मीटर दूर तक कचरा फेंककर जलाया जा रहा है।

**समाहरणालय, औरंगाबाद**
बिहार सरकार
(जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय)

**इस विज्ञप्ति के माध्यम से औरंगाबाद जिले में वर्ष–2025 में मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक विद्यार्थी प्रोत्साहन योजान्तर्गत शेष बचे हुए छात्र–छात्राओं को प्रोत्साहन राशि का लाभ देने के संबंध में "आम सूचना"**

वर्ष–2025 में मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक विद्यार्थी प्रोत्साहन योजान्तर्गत शेष बचे हुए छात्र–छात्राओं को प्रोत्साहन राशि का वितरण किया जाना है।

औरंगाबाद जिलान्तर्गत वर्ष–2025 में मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक विद्यार्थी प्रोत्साहन योजान्तर्गत शेष बचे हुए छात्रो को सूचित किया जाता है कि वर्ष–2025 में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना (उच्च माध्यमिक) से इन्टरमिडिएट प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण मुस्लिम छात्रा एवं बिहार राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड, पटना से प्राप्त मौलवी (इन्टर समकक्ष) मुस्लिम छात्रा तथा फौकानियॉ (मैट्रिक समकक्ष) के छात्र एवं छात्रा को प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए वें अपना बैंक पासबुक जिस पर स्पष्ट बैंक खाता सं० एवं IFSC CODE अंकित हो, आाधार कार्ड, अंक पत्र, प्रवेश पत्र, मोबाईल नं० आदि की प्रति के साथ अपना आवेदन संबंधित शिक्षण संस्थान से अग्रसारित कराकर स्वयं या संस्थान के माध्यम से पन्द्रह दिनों के अन्दर अचूक रूप से जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, औरंगाबाद में जमा करें।

निर्धारित तिथि के अन्दर आवेदन समर्पित नहीं करने पर यह माना जायेगा कि आप उक्त प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने के इच्छुक नहीं है।

कृपया इसे अन्तिम अवसर माना जाए क्योंकि उक्त राशि अगले वित्तीय वर्ष में नहीं दी जायेगी।

सहायक निदेशक
अल्पसंख्यक कल्याण
औरंगाबाद

PR- 025250 (Welfare) 2025-26

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

**पूर्व रेलवे**

**हावड़ा मंडल के तहत**
**पार्सल जगह को लीज पर देने के लिए ई–नीलामी**

**सं. : कॉम/पार्सल/लीजिंग/लाँग टर्म ई–ऑक/एचडब्ल्यूएच/2024/पीटी–III दिनांक 24.02.2026**
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा, पिन–711101 द्वारा तीन वर्षों के लिए हावड़ा मंडल से शुरू होने वाली 03 यात्रीवाही ट्रेनों के 03 एसएलआर और 03 यात्रीवाही ट्रेनों के 03 आरटीवीपी की लीजिंग के लिए दो चरणों में आईआरईपीएस वेबसाइट के ई–नीलामी माड्यूल के माध्यम से ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है। विस्तृत नियम और शर्तों से संलग्न नीलामी कैटलॉग **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। मौजूदा ई–नीलामी के लिए बोली ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से **www.ireps.gov.in** पर जमा की जाएगी। ई–नीलामी प्रक्रिया में भागीदारी के लिए, वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से व्यापारियों का एक बार के लिए पंजीकरण अनिवार्य है। व्यापारियों के लिए क्लास–III का डिजिटल हस्ताक्षर भी लेना आवश्यक है। **नीलामी कैटलॉग का विवरण: नीलामी कैटलॉग सं.:** पीसीएल–एचडब्ल्यूएच–26–3ए। **कम्पार्टमेंट :** ट्रेन नं. 13023 का एफएसएलआर–I, **नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 05.03.2026, 14.00 बजे। **नीलामी कैटलॉग सं.:** पीसीएल–एचडब्ल्यूएच–26–3बी। **कम्पार्टमेंट :** 02 यात्रीवाही ट्रेनों के 02 एसएलआर और 03 यात्रीवाही ट्रेनों के 03 आरटीवीपी। **नीलामी शुरू होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 10.03.2026, 13.30 बजे।
HWH-650/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएएच/604, दिनांक 26.02.2026,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम ऑफिस, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई–निविदा सं. : एसडीएसटीई/एसआईजी/टी/48/25–26/एसएफ, आरआरएसके। कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** सियालदह मंडल में रि–गर्डरिंग के संबंध में सिग्नलिंग कार्य (1) एसडीएएच–डीडीजे खंड में स्टेशन बीएनएक्सआर और डीडीजे के बीच अप मेन, डाउन मेन, लाइन नंबर 7 और कॉमन लाइन पर ब्रिज नंबर 27, (2) एसडीएएच–डीडीजे खंड में स्टेशन एसडीएएच और बीएनएक्सआर के बीच अप मेन और डाउन मेन लाइन पर ब्रिज नंबर 7, (3) एनसीसी यार्ड में ब्रिज नंबर 1ए, (4) बीआरपी–एलकेपीआर खंड में स्टेशन डीबीटी–बीएआरयू के बीच ब्रिज नंबर 17, (5) एसपीआर–सीजी खंड में स्टेशन पीएलएफ–सीएचटी के बीच ब्रिज नंबर सी/9, (6) केजीके कॉर्ड खंड में स्टेशन एसजीबीए और पीक्यूएस के बीच अप और डाउन लाइन पर ब्रिज नंबर X/15 (आरयूबी), (7) एसडीएएच–डीडीजे खंड में ब्रिज नंबर 20, (8) डीडीजे–केओएए खंड में ब्रिज नं. 1सीपी (9) केजीके–बीएलएन खंड में ब्रिज नं. X–23 (आरयूबी) (10) डीडीजे–डीकेएई खंड में बालीघाट स्टेशन लिमिट में अप और डाउन लाइन पर ब्रिज नं. 14सीसीआर और (11) डीडीजे–डीकेएई खंड में स्टेशन बीएआरएन–डीएकेई के बीच अप और डाउन लाइन पर ब्रिज नं. 5सीसीआर (आरयूबी)। **निविदा मूल्य :** रु.2,35,30,129.07, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी :** रु.2,67,700/–, **कार्य की समापन अवधि:** 9 माह। **निविदा जमा देने की प्रारंभिक तिथि:** 11.03.2026, **निविदा जमा देने की अंतिम तिथि:** 25.03.2026 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली के खोलने की तिथि:** 25.03.2026 को 14.30 बजे। विवरण यहाँ से देखा जा सकता है: **www.ireps.gov.in तकनीकी पात्रता मानदंड:** निविदाकार ने निविदा आमंत्रण से पूर्व महीने के अंतिम दिन को समाप्त, पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य का सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से निष्पादन किया है: (i) तीन समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की समान राशि से कम न हो, या (ii) दो समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की समान राशि से कम न हो, या (iii) एक समरूप कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की समान राशि से कम न हो। **वित्तीय पात्रता मानदंड:** निविदाकार का न्यूनतम औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार V/N या 'V' होना चाहिए, जो भी कम हो, जहाँ V = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, N = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकाजनित भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन–पत्र अभी तैयार किया जाना है/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन–पत्र को विचार में लिया जाएगा। निविदाकार जीसीसी 2022 के अनेक्सर–VIबी (मौजूदा निविदा कागजात का फॉर्म–6) के अनुसार आवश्यक जानकारी के साथ सनदी लेखापाल द्वारा यथा प्रमाणित लेखापरीक्षित तुलन पत्र की प्रतियाँ/लेखापरीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथा समर्थित सनदी लेखापाल से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। **जमा किए जाने वाले अन्य कागजात:** निविदा कागजात में उल्लिखित अनुसार। **समरूप कार्य की प्रकृति:** सिग्नल या टेलीकम का कोई भी कार्य जिसमें सिग्नल या टेलीकम केबलों की खुदाई, बिछाना और परीक्षण या कोई अन्य विविध आउटडोर एस एंड टी कार्य शामिल हैं। **टिप्पणी:** निविदाकार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा कागजात में उल्लिखित पात्रता मानदंड को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में कागजात प्रस्तुत करेंगे। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्रों के समर्थन में कागजातों/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकार या निविदाकारी फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व–सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा। स्व–सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तिथि (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होंगे।
SDAH-425/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222–एस/1/डब्ल्यू–II, दिनांक 19.02.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता–700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं. 1, निविदा सं.: टीएन–187–25–26, कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/बारासात के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत टीएसआर(पी)–11.699 टीकेएम, टीएफआर–14.729 और टीटीआर–30 सेट तथा अन्य सहायक कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 2,91,08,115.81, **बयाना राशि :** रु.2,95,600/–, **क्रम सं. 2, निविदा सं.: टीएन–189–25–26, कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/बारुईपुर के कार्यक्षेत्र में बारुईपुर यार्ड का सुधार एवं अन्य सहायक कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 1,60,06,647.28, **बयाना राशि :** रु.2,30,000/–, **कार्य की समापन अवधि:** 09 (नौ) माह (प्रत्येक हेतु)। भारतीय रेलवे मानक अनुबंध 2022 की सामान्य शर्तों के अनुसार **ई–निविदा प्रपत्र की लागत** शून्य है। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 24.03.2026 को 15.00 बजे (प्रत्येक हेतु)। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 24.03.2026 को 15.00 बजे (प्रत्येक हेतु)। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई–निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।
SDAH-417/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई–टेली–वर्क–एचडब्ल्यूएच2025, दिनांक: 24.02.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा सं.: एसडीएसटीई–टेली–वर्क–एचडब्ल्यूएच2025 के तहत खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** अनुसूची ए– पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में हावड़ा बैण्डेल खंड में कोन्नगर, श्रीरामपुर, भद्रेश्वर और हुगली में स्विचिंग पोस्ट का नवीनीकरण, अनुसूची बी–पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में सेक्शनिंग व्यवस्था में सुधार के लिए विभिन्न यार्ड, साइडिंग में सर्किट ब्रेकर (सीबी) का प्रावधान, अनुसूची सी–सेक्शन बिल्डिंग और कारशेड स्टोर के लिए कार्य, फेज–1, अनुसूची डी–हावड़ा मंडल के बैण्डेल–कटवा खंड में दांईहाट और कटवा जंक्शन स्टेशनों के बीच सुखदेव हॉल्ट का निर्माण (टेलीकम), अनुसूची ई–हावड़ा मंडल में पुराने और जीर्ण–शीर्ण ओएफसी कंटेनर को नए ओएफसी रूम से बदलना (फेज–I), अनुसूची एफ– ओल्ड कोयलाघाट भवन, पूर्व रेलवे में पीसीसीएम/पूर्व रेलवे के तहत कार्यालय की लोकल एरिया नेटवर्किंग सिस्टम का विस्तार। अनुसूची जी–बीडीसी यार्ड में बीसीएन रेकों के प्रीमियम और एंड–टू–एंड जांच सुविधाओं के लिए टेलीकॉम लागत, अनुसूची एच–हावड़ा मंडल के बोलपुर और रामपुरहाट में स्टेशन सिक्योरिटी प्लान (एसएसपी) के लिए सुरक्षा आइटमों का प्रावधान, अनुसूची आई– हावड़ा मंडल के बोलपुर और रामपुरहाट में स्टेशन सिक्योरिटी प्लान (एसएसपी) के लिए सुरक्षा आइटमों का प्रावधान। **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 2,93,72,208.05, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 2,96,900/–, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00, **समापन अवधि:** 9 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 10.03.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** 24.03.2026 को 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps. gov.in** में देखा जा सकता है। HWH-649/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सं. : 283_2025-26, दिनांक 26.02.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से **वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा** के अधीन निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है। **ई–निविदा सं. 283_2025-26, कार्य का विवरण :** एडीईएन/एजेड के तहत आजिमगंज स्टेशन में 03 वर्ष के लिए 3.2 एमएलडी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का परिचालन एवं रखरखाव। **अनुमानित मूल्य :** रु. 87,77,028.08, **बयाना राशि:** रु. 1,75,600/– **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 36 (छत्तीस) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 19.03.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान–ई–निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई–निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्स्ड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा। HWH-653/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सं.: 280_2025-26, दिनांक 24.02.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 (**वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा** के क्षेत्राधिकार हेतु) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/ एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **एनआईटी सं.: 280_2025-26, कार्य का विवरण :** हावड़ा मंडल–वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के अधीन एईएन/लिलुआ के कार्यक्षेत्र में टीआरआर(पी)–11.00 टीकेएम, इन स्थानों में: जीएनजेपी–वीएसयू एसएल 112–115 =3.000 टीकेएम, एसएल 115–117=2.000 टीकेएम, एसएचई–जीओजीटी एसएल 52–55 =3.000 टीकेएम, एसएल 55–58=3.000 टीकेएम। **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,40,74,276.64, **बयाना राशि:** रु. 2,20,400/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 06 (छह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 18.03.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान–ई–निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। HWH-647/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

संक्षिप्त समाचार

### महिला कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या बनीं प्रो. सियामती

**आरा**| तपेश्वर सिंह इंदु महिला महाविद्यालय में गुरुवार को प्रभारी प्राचार्या के रूप में वरीय शिक्षिका प्रो. डॉ. सियामती राय ने पदभार ग्रहण किया। अवकाश ग्रहण करने के उपरांत पूर्व प्रभारी प्राचार्या प्रो. डॉ. सुनीता राय ने औपचारिक रूप से पदभार प्रो. डॉ. सियामती राय को सौंपा। महाविद्यालय के सचिव एवं पूर्व विधान पार्षद डॉ. अजय कुमार सिंह की उपस्थिति में पदभार ग्रहण की प्रक्रिया संपन्न हुई। सचिव डॉ. सिंह ने कहा कि महाविद्यालय के समग्र विकास के लिए प्रबंधन की ओर से हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। मौके पर प्रो. अनुभा सिंह, प्रो. शीला सिंह, प्रो. डॉ. इन्द्राणी सिंह, प्रो. डॉ. निभा परमार, प्रो. डॉ. रागिनी कुमारी, प्रो.सीमा कुमारी, प्रो. कल्याणी सिंह, प्रो. रामेश्वर सिंह, प्रो. सुरेश सिंह, प्रो. धर्मेंद्र कुमार सिंह, प्रो. डॉ. शिवशक्ति कुमार, प्रो. मनोज कुमार, प्रो. विजय कुमार सिंह,प्रो. डॉ. सुरेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव,प्रो. अशोक कुमार सिंह, प्रो. विजेंद्र पाठक, प्रो. सत्येंद्र कुमार, प्रो.लालती कुमारी,सुनील कुमार सिंह, गोपाल सिंह, राकेश कुमार, निशु कुमारी, रीता सिंह, शैलेश कुमार, राम बाबू और विजय सिंह आदि थे।

### अच्छी उपज के लिए फसलों में डालें नैनो यूरिया व डीएपी

**आरा**। जिला कृषि कार्यालय सभागार में इफको द्वारा नैनो उर्वरक उपयोग जागरुकता अभियान के तहत बिक्री केंद्र प्रभारियों के लिए प्रशिक्षण हुआ। प्रशिक्षण में नैनो उर्वरक के वैज्ञानिक उपयोग, संतुलित मात्रा, फसल उत्पादन में वृद्धि तथा लागत में कमी के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि इफको नैनो यूरिया व नैनो डीएपी से खेती की लागत घटती है और पैदावार बढ़ती है। ये तरल उर्वरक पौधों द्वारा अधिक आसानी से अवशोषित होते हैं, मिट्टी की सेहत सुधारते हैं और पर्यावरण को कम नुकसान पहुंचाते हैं। कम मात्रा में उपयोग, भंडारण व छिड़काव आसान होने से किसानों को सुविधा मिलती है। जिला कृषि पदाधिकारी डॉ. नीरज कुमार ने कहा कि नैनो उर्वरक के उपयोग से कम मात्रा में अधिक पोषक तत्व उपलब्ध कराए जा सकते हैं, जिससे किसानों की लागत घटेगी और उत्पादन बढ़ेगा। जिला सहकारिता पदाधिकारी लवली कुमारी ने किसानों तक आधुनिक उर्वरक तकनीक पहुंचाने के बारे में बताया। प्रशिक्षण का उद्देश्य किसानों को उन्नत कृषि तकनीक से जोड़कर कृषि उत्पादन बढ़ाना बताया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. सचितानंद सिंह ने नैनो उर्वरक के सही छिड़काव और उपयोग की विधि समझाई। वहीं आत्मा के डॉ. रमेश एवं इफको भोजपुर के क्षेत्र प्रबंधक शिशिर कुमार ने नैनो उर्वरक के लाभ और उपयोगिता को बताया ।

### डांस इज लाइफ आर्ट एंड स्टडी सेंटर में होली मिलन

**आरा**| डांस इज लाइफ आर्ट एंड स्टडी सेंटर, चंदवा में होली मिलन समारोह हुआ। अतिथियों, अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। मौके पर संस्था के निदेशक आशुतोष दीक्षित थे। उद्घाटन उप विकास आयुक्त गुंजन सिंह, कला एवं संस्कृति पदाधिकारी अनुप्रिया, ज्ञान ज्योति की प्रिंसिपल सीपी जैन, संस्था की संरक्षिका शशिकला दीक्षित एवं मधुलिका सिंहा,कावेरी मोहन,स्वयम्बरा ,संजय शाश्वत,राकेश पाठक ने किया। उपविकास आयुक्त ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से बच्चों का हौसला बढ़ता है और वह अपनी संस्कृति और संस्कार को जानते है और समझते है। मौके पर शुभिका अंजलि, वामिका कौशल, राजा अविनाश, आरण्या शिवाली, अभिषेक, साहिल, गोलू, अदिति आदि थीं।

### ब्रह्मेश्वरनाथ मंदिर तालाब से डूबने से युवती की मौत

**ब्रह्मपुर**। ब्रह्मपुर में गुरुवार अहले सुबह एक हृदयविदारक हादसे में युवती की डूबने से मौत हो गई। घटना ऐतिहासिक धार्मिक स्थल बाबा ब्रह्मेश्वर नाथ मंदिर परिसर स्थित शिव सरोवर की है। मृतका की पहचान ब्रह्मपुर गांव निवासी द्वारिका राम की पुत्री नेहा कुमारी के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर फैल गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार नेहा कुमारी अहले सुबह पूजा-अर्चना के लिए मंदपहुंची थी। मंदिर में प्रवेश से पहले वह परंपरा के अनुसार सरोवर में हाथ-पैर धोने गई। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चली गई। आसपास मौजूद लोगों को जब तक घटना का पता चलता, तब तक वह पानी में डूब चुकी थी। स्थानीय लोगों ने शोर मचाते हुए उसे बाहर निकालने का प्रयास किया और काफी मशक्कत के बाद उसे पानी से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी स्थिति गंभीर हो चुकी थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बक्सर भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला पैर फिसलने से डूबने का प्रतीत हो रहा है, हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### मिट्टी संरक्षण और पौधारोपण की दी गई ट्रेनिंग

**ब्रह्मपुर**| कन्या मध्य विद्यालय निमेज में प्राचार्य सीमा ओझा के नेतृत्व में यूको क्लब के छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मिट्टी संरक्षण एवं पौधारोपण की विशेष ट्रेनिंग दी गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मिट्टी के कटाव को रोकने, पौधों की देखभाल करने तथा हरित वातावरण बनाने के उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान प्रशिक्षकों ने छात्रों को बीज का बॉयल (सीड बॉल) बनाकर पौधा तैयार करने की विधि भी सिखाई। छात्रों ने उत्साह के साथ मिट्टी, खाद और बीज को मिलाकर सीड बॉल तैयार किए और उन्हें विद्यालय परिसर में लगाने का अभ्यास किया। शिक्षकों ने बताया कि इस तरह की गतिविधियों से बच्चों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और पर्यावरण संरक्षण की भावना विकसित होती है। विद्यालय परिवार ने कहा कि आने वाले दिनों में भी यूको क्लब के माध्यम से पर्यावरण से जुड़ी जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाती रहेंगी, ताकि छात्र-छात्राएं प्रकृति के संरक्षण में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकें। शिक्षकों में कुमार आनंद मिश्रा, प्रीत यादव,ज्ञानसुधा सहित यूको क्लब के राज कुमार, रौशन कुमार यादव, मनीष कुमार, तान्या, अंतरा, म धु, नाजिया, नर्गिस, रीमा, सपना, रान ी, राजनंदिनी, कशिश, अंज लि, रौशनी व अन्य रहे ।

### आग के चपेट में आने से मासूम बच्चे की मौत

**बक्सर**| धनसोई थाना क्षेत्र के मटकीपुर गांव में आग के चपेट में आने से पांच वर्षीय मासूम बच्चे की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। मिली जानकारी के मुताबिक मटकीपुर गांव के राजकुमार और उनके परिवार वाले खेती कार्य में व्यस्त थे। पांच वर्षीय मासूम आदित्य कुमार घर के समीप खेल रहा था। इसी दौरान पास स्थित पुआल के ढेर में आग लग गई। आग के चपेट में आने से आदित्य बुरी तरह से झुलस गया। घर के परिजन जब आग बुझाए तब उन्होंने देखा कि आग में बच्चा झुलसा हुआ है। परिजन बच्चे को लेकर तत्काल सदर अस्पताल पहुंचे। सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने जांच के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

### भूकम्प और प्राकृतिक आपदा से बचाव को लेकर किया मॉक ड्रिल

**बक्सर**। गुरूवार को भूकम्प व प्राकृतिक आपदा से बचाव को लेकर किया मॉक ड्रिल किया गया। आपदा प्रबंधन विभाग के संयुक्त सचिव के निर्देश पर राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण , नई दिल्ली द्वारा भूकम्प मॉक एक्सरसाइज फिजिकल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 08:00 बजे अपर समाहर्ता बक्सर अरुण कुमार सिंह के संबोधन से हुआ। मॉक एक्सरसाइज में एनडीआरएफ की 2 टीमों के साथ एसडीआरएफ यूपी, बिहार अग्निशमन सेवा, बिहार गृहरक्षा वाहिनी बक्सर, पुलिस पदाधिकारी व बल, जिला स्वास्थ्य विभाग, विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, DEOC बक्सर, NCC, रेडक्रॉस सोसायटी बक्सर, रोटरी क्लब बक्सर तथा हिन्दुस्तान स्काउट एंड गाइड के सदस्यों सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी व प्रबुद्धजन शामिल हुए। अभ्यास के लिए किला मैदान को स्टेजिंग एरिया तथा समाहरणालय परिसर को सिमुलेशन साइट बनाया गया। संभावित भूकम्प की स्थिति को ध्यान में रखते हुए NDRF व टीमों ने बचाव, राहत एवं आपदा प्रबंधन से संबंधित प्रभावी प्रदर्शन किया। मॉक ड्रिल के दौरान किला मैदान में सभी स्टेकहोल्डर आवश्यक उपकरणों के साथ एकत्र हुए।

# होली मिलन समारोह गुलाल-गीतों से सजी शाम

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। होली के रंग में सराबोर शहर में इस बार उत्साह का अनोखा नजारा देखने को मिला, जब शहर के एक निजी रिसॉर्ट में कोहिनूर ब्रदर्स की ओर से भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। रंग, गुलाल, संगीत और आपसी सौहार्द से सजे इस आयोजन में शहर के प्रतिष्ठित नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और युवाओं की बड़ी भागीदारी रही। कार्यक्रम का माहौल पूरी तरह उत्सवी रहा, जहां हर ओर अबीर-गुलाल की खुशबू और लोकगीतों की गूंज सुनाई देती रही।

**गायक ने होली गीतों की प्रस्तुति दीः** प्रसिद्ध गायक विशाल गगन, छोटे बाबा, आर्यन बाबू, दीपक तिवारी, मनीष सम्राट और सोना सिंह ने एक से बढ़कर एक होली गीतों की प्रस्तुति दी। जैसे ही कलाकारों ने अपने सुर छेड़े, दर्शक झूम उठे और माहौल नाच-गाने से सराबोर हो गया। लोगों ने एक-दूसरे को अबीर लगाकर होली की बधाई दी और गले मिलकर प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। आयोजन के संयोजक सुधांशु ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाकर आपसी प्रेम और भाईचारे को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने का अवसर है और इसी भावना के साथ इस मिलन समारोह का आयोजन किया गया। वहीं सह-संयोजक रत्नेश नंदन ने कहा कि कोहिनूर ब्रदर्स का प्रयास है कि हर साल इस तरह का आयोजन कर समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया जाए। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में युवाओं की भागीदारी खास रही और सभी ने मिलकर इसे सफल बनाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आदित्य सिंह, सन्नी सिंह, विकास गुप्ता सहित अन्य सहयोगियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा और व्यवस्थाओं का भी विशेष ध्यान रखा गया, जिससे लोगों ने पूरे आनंद और उत्साह के साथ इस रंगारंग होली मिलन समारोह का लुत्फ उठाया।



# बिहार विधानसभा में उठा पूर्व सैनिकों का मुद्दा

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बक्सर**। बिहार विधानसभा के शून्यकाल में बक्सर सदर के विधायक आनंद मिश्रा ने पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों से संबंधित एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया। उन्होंने बक्सर में पूर्व सैनिकों के लिए मूलभूत सुविधाओं की कमी पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। विधायक मिश्रा ने बताया कि बक्सर जिले में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक और उनके परिवार निवास करते हैं, लेकिन उन्हें आवश्यक सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। उन्होंने मांग की कि जिले में सीएसडी कैंटीन, जिला सैनिक बोर्ड कार्यालय, ईसीएचएस क्लिनिक और सैनिक विश्राम गृह के निर्माण के लिए लगभग 50 डिसमिल भूमि उपलब्ध कराई जाए।

**सैनिकों का सम्मान राष्ट्र का सम्मान हैः** इसका उद्देश्य पूर्व सैनिकों को एक ही स्थान पर सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान करना है। आनंद मिश्रा ने सदन में कहा कि यह केवल सुविधाओं का नहीं, बल्कि उन जवानों के सम्मान और अधिकार का विषय है जिन्होंने देश की रक्षा में अपना योगदान दिया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सैनिकों का सम्मान राष्ट्र का सम्मान है और सरकार को इस दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए।

**भूमि चिह्नित कर निर्माण प्रक्रिया शुरू करने की मांगः** विधायक ने राज्य सरकार से जल्द से जल्द भूमि चिह्नित कर निर्माण प्रक्रिया शुरू करने की मांग की। इससे बक्सर के पूर्व सैनिकों को अपने ही जिले में सम्मानजनक और सुलभ सेवाएं मिल सकेंगी। विधायक के इस वक्तव्य के बाद सदन में इस मुद्दे को गंभीरता से लिया गया। अब यह देखना होगा कि सरकार इस दिशा में क्या कार्रवाई करती है।

## होली पर हुड़दंग रोकने को प्रशासन सख्त

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बक्सर**। होली पर्व के अवसर पर बक्सर में सांप्रदायिक सौहार्द और विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। शुक्रवार को नगर भवन बक्सर में जिला पदाधिकारी श्रीमती साहिला और पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य ने संयुक्त रूप से प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और संबंधित अधिकारियों को ब्रीफिंग दी। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि वे 2 मार्च की दोपहर से अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर उपस्थित होकर 4 मार्च तक या स्थिति सामान्य होने तक डटे रहेंगे। अनुमंडल पदाधिकारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बक्सर व डुमरांव को अपने-अपने क्षेत्रों में विधि-व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**होलिका दहन के दौरान विशेष सतर्कता बरतने की अपीलः** सभी थानाध्यक्ष, ओपी अध्यक्ष, अंचलाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी को क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर आसूचना संकलन करने और हालात पर नजर रखने का निर्देश दिया गया है। होलिका दहन के दौरान विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया है। जिला अग्निशमन पदाधिकारी को समाहरणालय स्थित जिला नियंत्रण कक्ष, मॉडल थाना बक्सर और डुमरांव थाना में अग्निशमन वाहन व दल तैनात रखने का




निर्देश दिया गया है। वहीं, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल को चिन्हित स्थलों पर लटकते व खुले तारों की मरम्मत सुनिश्चित करने को कहा गया है।

**'साइबर सेनानी' व्हाट्सऐप ग्रुप के माध्यम से लगातार मॉनिटरिंग करेंगेः** सोशल मीडिया पर निगरानी के लिए साइबर थाना और प्रशासनिक अधिकारी 'साइबर सेनानी' व्हाट्सऐप ग्रुप के माध्यम से लगातार मॉनिटरिंग करेंगे। सदर अस्पताल बक्सर, अनुमंडलीय अस्पताल डुमरांव सहित सभी स्वास्थ्य केंद्रों को अलर्ट मोड में रखते हुए चिकित्सक दल, दवाइयों व एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए QRT (क्विक रिस्पांस टीम) का गठन किया गया है, जो सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंचेगी।

## ट्रक ने 2 बच्चियों को रौंदा, 1 की मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। भोजपुर में गुरुवार रात ट्रक ने सड़क किनारे 2 बच्चियों को रौंद दिया। हादसे में एक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी गंभीर रूप से घायल है। परिजन उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले गए। घटना के बाद ट्रक ड्राइवर भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन स्थानीय ग्रामीणों ने खदेड़ कर उसे पकड़ लिया। मौके पर तब तक पुलिस भी पहुंच गई और चालक-खलासी को गिरफ्तार किया। ट्रक भी जब्त कर लिया। मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने करीब 3 घंटे तक सड़क जाम रखा। जख्मी बच्ची अनुष्का कुमारी की चचेरी दादी रामवती देवी ने बताया कि दोनों बिस्किट खरीदने के लिए दुकान जा रही थी। इसी दौरान ट्रक ने उन्हें रौंद दिया। रोहिणी कुमारी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पोती अनुष्का कुमारी जख्मी हो गई। घटना सकड्डी-नासरीगंज मार्ग चांदी



थाना क्षेत्र के कोसीहान गांव की है।

**पुलिस के आने के बाद जाम हटाः** मृत बच्ची चांदी थाना क्षेत्र के कोसीहान गांव निवासी कुंदन नट की 9 वर्षीय बेटी रोहिणी कुमारी है। जबकि जख्मी बच्ची उसी गांव के निवासी इंदल नट की 6 वर्षीया बेटी अनुष्का कुमारी है। स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर कोसीहान गांव में सड़क जाम कर दिया। जिसके कारण सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग गई। आवागमन पूरी तरह ठप रहा। सड़क जाम की सूचना पर चांदी थानाध्यक्ष राकेश रौशन पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को समझा-बूझाकर जाम को हटवाया। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया।

**दो भाई और एक बहन में दूसरे स्थान पर थी मृतकाः** मृत बच्ची अपने दो भाई और एक बहन में दूसरे स्थान पर थी। उसके परिवार में मां काजल देवी, एक बहन अंजली कुमारी और एक भाई आशीष कुमार है। घटना के बाद मृत बच्ची की मां काजल देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए सीसीटीवी खंगाल रही पुलिसज

♦ भोजपुर में बाइक सवार युवक को मारी थी गोली, घायल के बयान पर एफआईआर दर्

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। भोजपुर जिले के चरपोखरी थाना क्षेत्र में आरा-सासाराम हाईवे पर बुधवार की रात बाइक सवार युवक को गोली मारी गई थी। मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच तेज कर दी है। गोलीबारी में कनई गांव निवासी जय गोपाल सिंह के बेटे चंदन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल के बयान पर बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। हालांकि घटना के 24 घंटे के बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। घटना सेमरांव-ध्यानी टोला के बीच की है।

**बाइक सवार 3 ने मारी थी गोलीः** प्राथमिकी के अनुसार चंदन कुमार अपने दोस्त यशवंत की बारात में शामिल होने के लिए गड़हनी थाना क्षेत्र के लहरपपा गांव जा रहा था। इसी दौरान पहले से घात लगाए बाइक सवार 3 बदमाशों ने उनकी बाइक को ओवरटेक कर नजदीक से फायरिंग कर दी। गोली चंदन के गर्दन के दाहिने हिस्से में लगी, जिससे वे सड़क पर गिर पड़े। वारदात के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और घायल को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल भेजा गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया। फिलहाल उनका इलाज जारी है।



**फेसबुक पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर बढ़ा विवादः** पुलिस जांच में पता चला है कि फेसबुक पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर विवाद बढ़ा। बदमाशों ने साजिश रचकर हमला किया। पुलिस तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय जानकारी के आधार पर आरोपियों की पहचान में जुटी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है। थानाध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही इस मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

## आपातकाल पर बोलने को मिलेंगे 3 मिनट




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। मेरा युवा भारत, भोजपुर कार्यालय परिसर में विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट के आयोजन को लेकर प्रेसवार्ता हुई। जिला युवा अधिकारी निकिता सिंह ने बताया कि विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट-2026 का आयोजन 27 फरवरी को जिनवाणी मैनेजमेंट कॉलेज, सिकंदरपुर, बिहिया रोड में किया जाएगा। इसमें 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवा शामिल होंगे। इसका विषय "आपातकाल के 50 वर्षः भारतीय लोकतंत्र के लिए एक सबक" रखा गया है। प्रतिभागियों को अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए तीन मिनट का समय दिया जाएगा। आज के युवा ही कल के भारत के भविष्य हैं। युवाओं को देश के इतिहास और लोकतांत्रिक मूल्यों की जानकारी आवश्यक है। प्रतियोगिता के टॉप पांच विजेताओं को राज्य स्तर पर भाग लेने का अवसर मिलेगा। जबकि राज्य स्तर के विजेताओं को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भेजा जाएगा। जिला युवा अधिकारी ने भी बताया कि ऐसे कार्यक्रम में युवाओं को नीतिगत चर्चा, नेतृत्व और वक्तृत्व कौशल विकसित करने का अवसर मिलता है। माई भारत पोर्टल के माध्यम से आयोजित यह कार्यक्रम युवाओं को जिला से राष्ट्रीय स्तर तक अपनी प्रतिभा दिखाने और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को समझने का मंच देता है।

## कर्मचारी प्रशासनिक व्यवस्था की रीढ़




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ ने गुरुवार को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने जेपी प्रतिमा के समक्ष एकत्र होकर पुरानी पेंशन योजना बहाल करने समेत विभिन्न मांगों के समर्थन में नारेबाजी की और मुख्य सचिव, बिहार सरकार को संबोधित मांग पत्र जिला पदाधिकारी को सौंपा। जिला मंत्री विनोद यादव के नेतृत्व में कर्मचारी शामिल हुए। महासंघ के प्रदेश महामंत्री सुबेश सिंह ने कहा कि सरकार को पीएफआरडीए कानून वापस लेकर पुरानी पेंशन योजना बहाल करनी चाहिए। उन्होंने रिक्त पदों पर स्थायी नियुक्ति करने, ठेका एवं अनुबंध व्यवस्था पर रोक लगाने, आठवें वेतन आयोग के टर्म ऑफ रेफरेंस की समीक्षा करने और 18 माह के लंबित महंगाई भत्ता का भुगतान करने की मांग की। कर्मचारियों ने चारों लेबर कोड को रद्द करने सहित कुल दस सूत्री मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग उठाई। अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर देशभर में राष्ट्रीय मांग दिवस मनाया गया। प्रदर्शन में कुंदन कुमार, बबलू कुमार, कन्हैया यादव, रामाकांत सिन्हा, सुमन कुमारी, राजीव रंजन, प्रदीप कुमार, प्रकाश कुमार, गोविंद जी, आलोक वर्मा, रश्मि खलखो और राजेश सिन्हा थे। बिहार राज्य के अराजपत्रित कर्मचारी प्रशासनिक व्यवस्था की रीढ़ हैं। ये क्लर्क, चपरासी और तकनीकी कर्मचारी जमीनी स्तर पर सरकारी योजनाओं को लागू करते हैं।

# भगवान हनुमान पुस्तक पर की गयी परिचर्चा, फूलों से खेली गयी होली

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**आरा**। आनंद नगर, प्रो. के राय वाचनालय सह शोध संस्थान में गुरुवार को भगवान हनुमान पुस्तक पर परिचर्चा हुई। अध्यक्षता विकास राय ने की। कार्यक्रम में पुस्तक के लेखक प्रख्यात साहित्यकार सह शाहाबाद बुद्धिजीवी मंच के संचालक डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि यह पुस्तक एक शोधग्रंथ है, जिसके माध्यम से पाठक हनुमान जी के पुरुषार्थ, समर्पण और श्रीराम के कार्यों में उनके योगदान को समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि हनुमान जी रामकार्य पूर्ण होने तक विश्राम नहीं करते थे। डॉ. प्रसाद ने बताया कि कुछ अंग्रेजी संस्करणों में हनुमान जी के लिए मंकी शब्द का प्रयोग किया गया है, जबकि इसके स्थान पर हनुमान, कपी या वानर शब्द का उपयोग होना चाहिए। इसके लिए धर्माचार्यों को एकजुट होकर आवाज उठाने की जरूरत है। अध्यक्षीय संबोधन में विकास राय ने कहा कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की दीर्घ साधना का परिणाम भगवान हनुमान पुस्तक है। इस पुस्तक में वसुधैव कुटुंबकम् की भावना को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने बताया कि डॉ. प्रसाद को थावे विद्यापीठ से विद्यासागर (डी.लिट) की उपाधि, हिंदी रत्न सम्मान तथा बीएचयू वाराणसी में अटल साहित्यकार सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। डॉ. अभिलाषा ने बताया कि डॉ. उर्मिला पाल को थावे विद्यापीठ से विद्या वाचस्पति (पीएचडी) की उपाधि प्राप्त हुई है, जो गौरव की बात है। वहीं विजय बहादुर राय और राम सुदर्शन सिंह ने डॉ. प्रसाद की शैक्षणिक एवं साहित्यिक सक्रियता की सराहना की। डॉ. उर्मिला पाल ने कहा कि वह आजीवन साहित्य सेवा करती रहेंगी तथा शाहाबाद बुद्धिजीवी मंच की ओर से साहित्यकारों और विद्वानों को सम्मानित करने का कार्य जारी रहेगा। कार्यक्रम के अंत में शाहाबाद बुद्धिजीवी मंच के बैनर तले पहली बार फूलों के माध्यम से होली मिलन समारोह हुआ, जिसमें उपस्थित बुद्धिजीवियों ने बढ़ चढ़कर एक दूसरे पर फूलों के होली की वर्षा की। फूलों से होली खेलना सुरक्षित और प्राकृतिक है। इससे त्वचा को नुकसान नहीं होता, निखार बढ़ता है और एलर्जी का खतरा कम रहता है। फूलों की खुशबू मानसिक शांति देती है तथा यह पर्यावरण के अनुकूल पारंपरिक होली का तरीका है।



## संक्षिप्त समाचार

### बिहार विधानसभा में धर्म परिवर्तन पर कड़े कानून की मांग, सरकार ने फिलहाल प्रस्ताव से किया इनकार

**पटना**। बिहार विधानमंडल के बजट सत्र के अंतिम दिन विधानसभा में धर्म परिवर्तन को लेकर कड़ा कानून बनाने की मांग उठी। ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से सत्तापक्ष के कई विधायकों ने इस मुद्दे को सदन में उठाते हुए राज्य में धर्मांतरण पर नियंत्रण के लिए सख्त कानून लागू करने की मांग की। इस मुद्दे को उठाने वालों में मिथिलेश तिवारी, वीरेंद्र कुमार जनक सिंह, संजय कुमार सिंह, जीवेश कुमार मिश्रा सहित कुल 18 विधायक शामिल थे। सदस्यों ने कहा कि उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड और गुजरात जैसे राज्यों में धर्म परिवर्तन विरोधी कानून लागू हैं, जहां धोखाधड़ी, प्रलोभन या बाल विवाह के माध्यम से धर्म परिवर्तन कराने पर कठोर सजा का प्रावधान है। विधायकों ने दावा किया कि बिहार में ईसाई और मुस्लिम आबादी में असामान्य वृद्धि दर्ज की गई है तथा राज्य में बड़ी संख्या में चर्च स्थापित हुए हैं। सीमावर्ती जिलों में जनसंख्या संरचना में बदलाव की बात कहते हुए उन्होंने धर्म परिवर्तन की घटनाओं पर चिंता जताई और कहौ कि बिहार में 5000 से अधिक चर्च की स्थापना हो चुकी है। ईसाइयों का राष्ट्रीय स्तर पर ग्रोथ रेट 15.5 प्रतिशत है, जबकि बिहार में 143.23 प्रतिशत है। भाजपा विधायक मिथिलेश तिवारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की तर्ज पर बिहार में भी सख्त कानून बनाया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि बक्सर जिले में बड़ी संख्या में (लगभग 1000) दलित परिवारों ने धर्म परिवर्तन किया है तथा सीमांचल क्षेत्र के कई जिलों (कटिहार, पूर्णिया, किशनगंज, अररिया) का डेमोग्राफी चेंज हो गया है। इसलिए इस कानून की जरूरत है, सरकार को इस पर विचार करना चाहिए। जाले से भाजपा विधायक जीवेश कुमार मिश्रा ने धर्म परिवर्तन के बाद आरक्षण लाभ मिलने के मुद्दे को उठाते हुए इस पर स्पष्ट कानूनी व्यवस्था की आवश्यकता बताई। वहीं विधायक संजय सिंह ने धर्मांतरण को गंभीर राष्ट्रीय विषय बताते हुए कड़े कानून की मांग दोहराई।

हालांकि, सरकार की ओर से जवाब देते हुए पर्यटन, कला एवं संस्कृति मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने स्पष्ट किया कि फिलहाल राज्य सरकार के पास धर्म परिवर्तन को लेकर कोई नया कानून लाने का प्रस्ताव नहीं है। मंत्री के जवाब के बाद विपक्षी सदस्यों ने हंगामा किया, जिस पर विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कहा कि विषय को नियमन दे दिया गया है और सरकार आवश्यकता अनुसार इसकी समीक्षा करेगी।

### बकरी चराने को लेकर 2 पक्षों में मारपीट, खेत में बकरियों के जाने पर लड़कों ने किया गाली-गलौज



**हाजीपुर**। वैशाली जिले के महुआ थाना क्षेत्र के करियो गांव में बकरी चराने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस घटना में दोनों पक्षों से करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए महुआ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह विवाद तब शुरू हुआ जब जेनाराम की बेटी शाम को अपनी बकरियां चराकर घर लौट रही थी। इसी दौरान पप्पू सिंह के बेटे ने कुछ अन्य लड़कों के साथ मिलकर विरोध किया कि बकरियां उसके खेत में क्यों आईं। जेनाराम की पत्नी सरस्वती देवी ने बताया कि पप्पू सिंह के बेटे ने पहले गाली-गलौज की। जब उनके पति और परिवार के सदस्यों ने इसका विरोध किया, तो उनके साथ मारपीट की गई। घटना की सूचना मिलते ही महुआ थाने की पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया। महुआ एसडीपीओ संजीव कुमार ने बताया कि यह एक मामूली विवाद था, जो बकरी के खेत में चले जाने के कारण हुआ और मारपीट में बदल गया। एसडीपीओ संजीव कुमार ने पुष्टि की कि पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत किया है और घायलों का इलाज जारी है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है। दोनों पक्ष से कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है जिससे पूछताछ की जा रही है।

### स्कूल में लगे ठुमके, नेम बोर्ड को पेपर से ढका, शिक्षा समिति के अध्यक्ष ने ताला तोड़कर कैंपस में करवाया आर्केस्ट्रा

**हाजीपुर**। वैशाली के हाजीपुर प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुरलिया चक में स्कूल परिसर के भीतर एक आपत्तिजनक नृत्य कार्यक्रम आयोजित किए जाने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसके बाद शिक्षा विभाग और स्थानीय प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठने लगे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह कार्यक्रम स्कूल की शिक्षा समिति के अध्यक्ष मलाई सिंह की बेटी की शादी के अवसर पर आयोजित किया गया था। वायरल वीडियो में स्कूल परिसर में मंच बनाकर तेज ध्वनि में बज रहे गानों पर नर्तकियों द्वारा भड़काऊ अंदाज में प्रस्तुति देते हुए देखा जा सकता है। कार्यक्रम देर रात तक चलने की बात भी सामने आ रही है। स्कूल के सहायक शिक्षक संजय सिंह ने आरोप लगाया कि अध्यक्ष मलाई सिंह ने विद्यालय के मुख्य गेट का ताला तोड़कर परिसर में स्टेज कार्यक्रम का आयोजन कराया। उन्होंने यह भी बताया कि स्कूल के नाम और शिक्षा समिति से संबंधित लिखे गए स्लोगन को कार्यक्रम के दौरान कागज से ढक दिया गया था, ताकि पहचान छिपाई जा सके।' इस संबंध में सदर थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार ने कहा कि विद्यालय की ओर से अब तक कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि आवेदन मिलने पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर मामले की प्रारंभिक जांच कर रही है। घटना को लेकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक और अन्य शिक्षक सार्वजनिक रूप से कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। वहीं, जब इस मामले में जिला शिक्षा पदाधिकारी से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं थी और वे मामले की जानकारी जुटा रहे हैं। स्कूल जैसे शैक्षणिक संस्थान में इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन से स्थानीय लोगों में नाराजगी है। सवाल उठ रहे हैं कि क्या किसी निजी समारोह के लिए सरकारी विद्यालय परिसर का इस तरह उपयोग किया जा सकता है? साथ ही, यदि आरोप सही हैं तो जिम्मेदार लोगों पर क्या कार्रवाई होगी। इस संबंध में वैशाली जिलाधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनके पर्सनल ओएसडी के द्वारा बताया गया कि इसकी जानकारी प्राप्त नहीं है प्राप्त की जा रही है।

### एलएस कॉलेज मैदान में अज्ञात शव मिला, मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने देखा शव

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर के लंगट सिंह कॉलेज (एलएस कॉलेज) के खेल मैदान में शुक्रवार सुबह एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ। सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने मैदान के एक छोर पर व्यक्ति को बेसुध पड़ा देखा। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पहले उन्हें लगा कि कोई सो रहा है, लेकिन पास जाकर आवाज देने और हिलाने पर कोई हलचल नहीं हुई, जिससे अनहोनी की आशंका हुई। तत्काल इसकी सूचना यूनिवर्सिटी थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही यूनिवर्सिटी थाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल पर ही जांच कर उसके मृत होने की पुष्टि की। मृतक की उम्र लगभग 45 से 50 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने मृतक की पहचान के काफी प्रयास किए हैं, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस ने आसपास के लोगों और कॉलेज प्रशासन से भी पूछताछ की है। मामले की आगे की जांच जारी है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारण का पता चलेगा नगर डीएसपी सुरेश कुमार ने बताया कि 'यूनिवर्सिटी कैंपस स्थित एलएस कॉलेज मैदान में एक अज्ञात शव मिलने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया है। प्रथम दृष्टया मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और मृतक की शिनाख्त की कोशिशें जारी हैं।' पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट हो पाएगी। फिलहाल, पुलिस की टीम कॉलेज कैंपस और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि यह पता चल सके कि मृतक कैंपस में कब और कैसे पहुंचा था।

# बेतिया में सिलेंडर ब्लास्ट से 10 लोग झुलसे

## दो महिलाएं और एक बच्ची की हालत गंभीर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बेतिया**। नगर पंचायत लौरिया के हनुमान चौक पर शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे खाना बनाने के दौरान ठेले पर रखे गैस सिलेंडर में जोरदार विस्फोट हो गया, जिसमें 10 लोग गंभीर रूप से झुलस गए। धमाका इतना तेज था कि आसपास अफरा-तफरी मच गई और कुछ लोगों को लगा मानो बम फट गया हो। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल लौरिया स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। आग पर करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सुबह से ही ठेले पर इस्तेमाल हो रहे सिलेंडर में हल्की गैस लीकेज की शिकायत थी, लेकिन भीड़ और काम के दबाव में इस पर ध्यान नहीं दिया गया। दोपहर तक सिलेंडर काफी गर्म हो चुका था और अचानक तेज धमाके के साथ फट पड़ा। उस समय ठेले के आसपास 12–15 लोग मौजूद थे, जिनमें से 10 सीधे आग की चपेट में आ गए। कई लोगों के कपड़ों में आग लग गई और वे गंभीर रूप से झुलस गए।

घायल कृष्णा ठाकुर ने बताया कि वे सैलून में काम कर रहे थे और खाना खाने के लिए ठेले पर



पहुंचे थे। ऑर्डर देने के कुछ ही मिनट बाद धमाका हुआ, जिससे उनका चेहरा बुरी तरह जल गया। वहीं विनय कुमार शुक्ला ने बताया कि वे अपनी बहन का परीक्षा दिलाकर घर लौट रहे थे, तभी हादसे की चपेट में आ गए। उनके हाथ-पैर झुलस गए, हालांकि उनकी बहन बाइक से कूदकर बच गई। अखिलेश कुमार ने बताया कि उनके साथी प्रेमनाथ पासवान खाना लेने ठेले पर गए थे, तभी हादसा हो गया।

धमाके के बाद कुछ लोग डरकर भागे, लेकिन कई युवकों ने साहस दिखाते हुए पानी की बोतलों और बाल्टियों से आग बुझाने का प्रयास किया। एंबुलेंस को सूचना दी गई, लेकिन गंभीर स्थिति को देखते हुए कई घायलों को ऑटो और बाइक से ही अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल परिसर में लोगों की भीड़ जुट गई।

लौरिया स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने बताया कि 10 घायलों में दो महिलाओं और एक पांच वर्षीय बच्ची की हालत चिंताजनक है। कई लोगों के शरीर का बड़ा हिस्सा झुलस गया है। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायलों को बेतिया स्थित जीएमसीएच रेफर किया गया है। घायलों में योगापट्टी निवासी विनय कुमार, कटैया के गुलाब पटेल, लौरिया के ठेला संचालक गोविंद राय, मठिया के प्रेमनाथ कुमार, बरवासानी के अमरजीत कुमार, धांगड़ टोली के नीतेश कुमार, कृष्णा ठाकुर, धरमखत्ता की भूल देवी और उनकी पांच वर्षीय बेटी बेबी कुमारी तथा बिनटोली की सीता देवी शामिल हैं।

ठेला संचालक भी इस हादसे में गंभीर रूप से झुलस गया है। बताया जाता है कि वह कई वर्षों से इसी ठेले पर खाना बनाकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सिलेंडर के अवशेष कब्जे में ले लिए हैं और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में गैस लीकेज को हादसे का संभावित कारण माना जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सिलेंडर की स्थिति पहले से खराब थी और उससे गैस रिसने की शिकायत होती रही थी। सीओ नीतेश कुमार सेठ ने बताया कि मीट की दुकान पर गैस सिलेंडर ब्लास्ट की सूचना है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। थानाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा ने कहा कि घटना के कारणों की विस्तृत पड़ताल की जा रही है और पीड़ित परिवारों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

# चार साल से फरार एनडीपीएस एक्ट का आरोपी गिरफ्तार



**घर से दो अवैध पिस्टल बरामद**

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना**। नौबतपुर थाना क्षेत्र के चिरौरा गांव से पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के एक ऐसे अभियुक्त को गिरफ्तार किया है, जो पिछले चार वर्षों से फरार चल रहा था। गिरफ्तारी के दौरान उसके घर से दो अवैध पिस्टल भी बरामद की गई हैं। आरोपी के खिलाफ नौबतपुर के अलावा कंकड़बाग थाना क्षेत्र में भी गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान चिरौरा निवासी 27 वर्षीय राजकुमार सिंह के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 14 सितंबर 2021 को नौबतपुर के मोतीपुर गांव में एक ऑल्टो K10 कार से भारी मात्रा में शराब बरामद की गई थी। छापेमारी के दौरान राजकुमार सिंह मौके से फरार हो गया था। इस मामले में उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट सहित अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिसके बाद से वह लगातार पुलिस की पकड़ से बाहर था।

पुलिस को हाल ही में गुप्त सूचना मिली कि आरोपी अपने गांव चिरौरा स्थित घर में छिपा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसके घर पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान वह घर के अंदर बेड के नीचे छिपा मिला, जिसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तारी के बाद घर की गहन तलाशी लेने पर दो अवैध पिस्टल बरामद हुईं। दोनों हथियारों को जब्त कर लिया गया है और इस संबंध में आर्म्स एक्ट के तहत अलग से मामला दर्ज किया गया है।

फुलवारी शरीफ के एसडीपीओ-2 दीपक कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि आरोपी लंबे समय से फरार था और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे थे। उन्होंने कहा कि आरोपी के खिलाफ दर्ज अन्य मामलों की भी जांच और सत्यापन किया जा रहा है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध शराब, नशीले पदार्थों और अवैध हथियारों के खिलाफ सख्त अभियान जारी रहेगा तथा फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष कार्रवाई की जा रही है।

### पूर्णिया में अमित शाह की उच्चस्तरीय बैठक

# सीमांचल में नशा तस्करी और घुसपैठ रोकने की रणनीति

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पूर्णिया**। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को बिहार के पूर्णिया में करीब ढाई घंटे तक चली उच्चस्तरीय बैठक में सीमांचल क्षेत्र की आंतरिक सुरक्षा, मादक पदार्थों की तस्करी और घुसपैठ जैसे मुद्दों की गहन समीक्षा की। बैठक के साथ ही उनका तीन दिवसीय बिहार दौरा संपन्न हो गया और वे दोपहर बाद पूर्णिया से दिल्ली रवाना हो गए। बैठक में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, बिहार के गृह मंत्री सम्राट चौधरी, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, डीजीपी विनय कुमार सहित गृह विभाग, एसएसबी, नारकोटिक्स कंट्रोल, आईबी और अन्य एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। सूत्रों के अनुसार सीमावर्ती जिलों में नशा तस्करी पर रोक लगाने के लिए समन्वित अभियान चलाने और खुफिया तंत्र को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। गृह मंत्री 25 फरवरी को सीमांचल के तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे थे। पहले दिन किशनगंज में कार्यक्रमों में भाग लिया, जबकि 26 फरवरी को अररिया में सशस्त्र सीमा बल की दो सीमा चौकियों का उद्घाटन और 175 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ किया। उन्होंने सीमावर्ती जिलों के अधिकारियों के साथ अलग से समीक्षा बैठक भी की। दौरे के दौरान सीमांचल में घुसपैठ के मुद्दे पर भी रणनीति बनाई गई। अररिया में आयोजित कार्यक्रम में अमित शाह ने कहा कि सीमांचल में घुसपैठ रोकने की योजना जल्द लागू की जाएगी। सीमांचल में पूर्णिया,




अररिया, किशनगंज और कटिहार जिले आते हैं, जिन्हें सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील माना जाता है। यह क्षेत्र सिलीगुड़ी कॉरिडोर, जिसे 'चिकन नेक' भी कहा जाता है, के प्रवेश द्वार के रूप में जाना जाता है। बैठक में डेमोग्राफिक बदलाव, अवैध निर्माण और सीमा प्रबंधन से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई। गृह मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सीमावर्ती इलाकों में निगरानी बढ़ाई जाए और अवैध गतिविधियों पर सख्ती से कार्रवाई की जाए। नेपाल सीमा से सटे क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और सीमा से 10 किलोमीटर के दायरे में किसी भी तरह का अवैध कब्जा न रहे। तीन दिवसीय दौरे के दौरान आंतरिक सुरक्षा को लेकर केंद्र और राज्य एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया गया। अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया गया कि सीमांचल क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और सीमा सुरक्षा से समझौता नहीं किया जाएगा।

# मसौढ़ी में ब्राह्मण युवा सेना का होली मिलन समारोह

## सामाजिक एकता पर दिया गया जोर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**मसौढ़ी**। ब्राह्मण युवा सेना की ओर से शुक्रवार को शहर के एक सामुदायिक स्थल पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के युवाओं, बुद्धिजीवियों और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। समारोह की अध्यक्षता मृत्युंजय पाण्डे ने की, जबकि संचालन युवा सदस्यों ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक होली गीतों के साथ हुई। इसके बाद उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं और सामाजिक सौहार्द तथा आपसी भाईचारे का संदेश दिया। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह और पारिवारिक वातावरण देखने को मिला। अध्यक्षीय संबोधन में मृत्युंजय पाण्डे ने कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, प्रेम और एकता का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे समाज को संगठित रखने, शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सामाजिक एकजुटता को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

संजीव महाराज ने समाज को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने के लिए एकजुट रहने की जरूरत पर बल दिया और युवाओं को अपनी संस्कृति, परंपरा और संस्कारों से जुड़े रहने की प्रेरणा दी। राज कुमार तिवारी ने कहा कि किसी भी समाज की उन्नति शिक्षा और संगठन की मजबूती से ही संभव है, इसलिए युवाओं को




सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

रवि पांडे और निरंजन पांडे ने आपसी मतभेद भुलाकर प्रेम और सद्भाव के साथ होली मनाने की अपील की। अखिल कुमार उपाध्याय ने सामाजिक जिम्मेदारियों को समझते हुए विकास की दिशा में ठोस पहल करने और युवाओं के लिए नियमित बैठकें तथा रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। सभा के दौरान समाज के समग्र विकास, शिक्षा के प्रसार, जरूरतमंद परिवारों की सहायता, युवाओं के मार्गदर्शन और सांस्कृतिक गतिविधियों के नियमित आयोजन जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि सहयोग, अनुशासन और सामूहिक एकता से ही समाज मजबूत और सशक्त बन सकता है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने शांति, भाईचारे और सामाजिक समरसता बनाए रखने का संकल्प लिया।

## पटना विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव को लेकर अभाविप ने जारी किया घोषणा पत्र

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना**। पटना विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने शुक्रवार को छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास, सुरक्षा और पारदर्शी प्रशासन को केंद्र में रखते हुए अपना विस्तृत घोषणा पत्र जारी किया। घोषणा पत्र में छात्र कल्याण, शैक्षणिक गुणवत्ता तथा परिसर विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों को प्राथमिकता दी गई है। घोषणा पत्र जारी करते हुए अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि परिषद हमेशा से छात्र



हितों के लिए संघर्ष करती रही है। उन्होंने कहा कि यह घोषणा पत्र केवल चुनावी वादों तक सीमित नहीं है, बल्कि पटना विश्वविद्यालय को शैक्षणिक उत्कृष्टता, सुरक्षित वातावरण और आधुनिक सुविधाओं से युक्त संस्थान बनाने का संकल्प है। उन्होंने भरोसा जताया कि विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ सकारात्मक संवाद स्थापित कर सभी प्रस्तावों को धरातल पर उतारा जाएगा। इस मौके पर आयोजित प्रेस वार्ता में अभाविप के प्रांत मंत्री सुमित कुमार सिंह, क्षेत्रीय मीडिया संयोजक रविकरण कुमार सहित छात्रसंघ चुनाव में अभाविप समर्थित उम्मीदवार मौजूद रहे।

अध्यक्ष पद की उम्मीदवार अनुष्का कुमारी, उपाध्यक्ष पद के उम्मीदवार गुंजेश कुमार, महासचिव पद की उम्मीदवार प्रिया सिंह, संयुक्त सचिव पद के उम्मीदवार अभिषेक कुमार तथा कोषाध्यक्ष पद के उम्मीदवार हर्षवर्धन ने संयुक्त रूप से घोषणा पत्र जारी किया। अभाविप के नेताओं एवं उम्मीदवारों ने छात्र-छात्राओं से समर्थन की अपील करते हुए कहा कि छात्र हित, पारदर्शिता, सुरक्षा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को आधार बनाकर तैयार किया गया ।

## रेल पुलिस की शराब तस्करों, नशाखुरानी गिरोह पर पैनी नजर

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना**। होली के मद्देनजर बिहार में रेल यात्रियों की सुरक्षा के लिए रेल पुलिस ने व्यापक तैयारियां की हैं। त्योहार के दौरान बड़ी संख्या में यात्रियों की घर वापसी होती है, जिसके कारण ट्रेनों और स्टेशनों पर अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। पटना रेल एसपी अनंत कुमार राय ने बताया कि अवैध शराब की तस्करी और नशाखुरानी गिरोह पर अंकुश लगाने के लिए विशेष रणनीति बनाई गई है। रेल एसपी के अनुसार, होली पर ट्रेनों के माध्यम से शराब तस्करी की आशंका बढ़ जाती है। इसे रोकने के लिए दो विशेष टीमें गठित कर रवाना की गई हैं। इन टीमों का कार्य ट्रेनों में



गश्त करना, संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखना और यात्रियों को जागरूक करना होगा।

त्योहार के समय नशाखुरानी गिरोह भी सक्रिय हो जाते हैं। ये गिरोह यात्रियों को खाने-पीने की चीजों में नशीला पदार्थ मिलाकर बेहोश कर देते हैं और उनका सामान चुरा लेते हैं। ऐसी घटनाओं पर नियंत्रण के लिए सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। आरपीएफ और जीआरपी के जवान ट्रेनों और स्टेशनों पर 24 घंटे संयुक्त रूप से ड्यूटी करेंगे।

**नशाखुरानी गिरोह से यात्रियों को बचने की अपील**: रेल एसपी ने जानकारी दी कि विशेष टीमों को यात्रियों में बांटने के लिए पंपलेट दिए गए हैं। इन पंपलेट में नशाखुरानी गिरोह से बचने के उपाय और सतर्क रहने की सलाह दी गई है। यात्रियों से अपील की गई है कि वे अनजान लोगों से कोई भी खाने-पीने की वस्तु न लें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत रेलवे पुलिस को दें।

**स्टेशन पर पुलिस बल तैनात**: स्टेशनों पर भी अतिरिक्त बल तैनात किया गया है। प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय और प्रवेश-निकास द्वारों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया गया है ताकि यात्रियों की यात्रा सुरक्षित और सुगम हो सके। रेल पुलिस का कहना है कि सख्त निगरानी और जागरूकता अभियान से होली के दौरान ट्रेनों में आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जाएगा।

## नगर निगम की 20वीं सशक्त स्थायी समिति की बैठक, 63 से अधिक एजेंडों पर होगी चर्चा



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**पटना**। पटना नगर निगम की 20वीं सशक्त स्थायी समिति की बैठक आज है। मेयर सीता साहू की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में शहर के विकास और जनता की सुविधाओं से जुड़े 63 से अधिक एजेंडों पर चर्चा होगी। इस बैठक के एजेंडे में सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा जलापूर्ति का है। गर्मी के मौसम की आहट को देखते हुए शहर के कई वार्डों में पानी की किल्लत दूर करने के लिए दर्जनों योजनाओं को मंजूरी दी जा सकती है।

**टैक्स एसेसमेंट, रेवन्यू कलेक्शन के लिए एजेंसी का चयन**: इस बैठक में निगम क्षेत्र के अंतर्गत भवनों के नए सिरे से टैक्स एसेसमेंट और रेवन्यू कलेक्शन के लिए एक नई एजेंसी का चयन किया जाएगा। इसके अलावा शहर में शौचालयों के बेहतर संचालन और रखरखाव को लेकर एक ठोस नीतिगत निर्णय लिया जाएगा। पिछली बैठकों में स्वीकृत मॉडल शौचालयों के निर्माण की प्रगति रिपोर्ट भी पेश की जाएगी।

**छठ महापर्व को लेकर कार्यों पर होगी चर्चा**: विशेष रूप से साल 2025 के चैती और कार्तिक छठ महापर्व के दौरान कई घाटों पर कराए गए कार्यों की प्रशासनिक स्वीकृति दी जाएगी। बांकीपुर अंचल के विभिन्न घाटों जैसे काली घाट, कदम घाट, मिश्री घाट और पथरी घाट पर बालू भराई, रेलिंग पेंटिंग और पहुंच पथ की मरम्मत जैसे कार्यों पर भी चर्चा होगी। आज 1 बजे मेयर के चेम्बर में आयोजित बैठक में सभी विषयों पर चर्चा होगी।

**नई बोरिंग और पाइपलाइन विस्तार पर होगी चर्चा**: शहर के कई वार्डों में नई बोरिंग और पाइपलाइन विस्तार पर बड़ा फैसला होने की उम्मीद है। वार्ड संख्या 1, 7, 22, 25, 26, 29, 42, 43, 46, 49, 52, 61 और 72 जैसे क्षेत्रों में उच्च प्रवाह वाले बोरिंग लगाने और पेयजल आपूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाने के प्रस्ताव कार्यसूची में शामिल हैं। इसके अलावे कई मोहल्लों में नई सड़कों और आरसीसी नालों के निर्माण की योजना भी तैयार है।

## संक्षिप्त समाचार

### खूंटी नगर पंचायत चुनाव : रानी टूटी ने रचा इतिहास, दूसरी बार बनीं अध्यक्ष



**खूंटी।** नगर पंचायत चुनाव में मतदाताओं ने एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) समर्थित प्रत्याशी रानी टूटी के सिर पर नगर पंचायत अध्यक्ष का ताज पुनः सजा दिया है। रानी टूटी ने कांग्रेस समर्थित मनोनीत बोदरा को 3879 मतों से पराजित किया। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) समर्थित सोनम बागे तीसरे स्थान पर रहीं। अंतिम परिणामों के अनुसार रानी टूटी को 9177 मत प्राप्त हुए हैं। उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी मनोनीत बोदरा को 5298 मत मिले। वहीं झामुमो समर्थित प्रत्याशी सोनम बागे को 2476 मतों से संतोष करना पड़ा। रानी टूटी की इस जीत को शहर के विकास कार्यों पर जनता की मुहर के रूप में देखा जा रहा है। इससे पूर्व, शहर के कदमा स्थित कृषि बाजार समिति के गोदाम में बनाए गए मतगणना केंद्र पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुक्रवार की सुबह सात बजे से मतगणना शुरू हुई। पूरे परिसर में प्रशासनिक और पुलिस बल की तैनाती रही। शांतिपूर्ण ढंग से मतगणना संपन्न कराई गई। उल्लेखनीय है कि खूंटी नगर पंचायत में अध्यक्ष पद के साथ-साथ 19 वार्ड पार्षदों के लिए भी मतदान हुआ था। अध्यक्ष पद के लिए रानी टूटी, मनोनीत बोदरा और सोनम बागे सहित वार्ड पार्षदों के 77 उम्मीदवारों ने अपनी किस्मत आजमाई थी। परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में उत्साह का माहौल दिखा और विजयी प्रत्याशी को बधाइयों का तांता लग गया। इधर, केंद्र और राज्य की राजनीति में इंडी गठबंधन के तहत साथ चल रहे कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) को खूंटी नगर पंचायत अध्यक्ष पद के चुनाव में अलग-अलग प्रत्याशी को समर्थन देना महंगा पड़ गया। दोनों दलों के बीच तालमेल नहीं होने का सीधा लाभ भाजपा समर्थित प्रत्याशी रानी टूटी को मिला, जिन्होंने एकतरफा मुकाबले में शानदार जीत दर्ज की। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि कांग्रेस और झामुमो संयुक्त रूप से एक उम्मीदवार पर सहमति बनाते, तो मुकाबला कड़ा हो सकता था। लेकिन दोनों दलों के अलग-अलग चुनाव मैदान में उतरने से विपक्षी मतों का बंटवारा हो गया। इसका सीधा फायदा भाजपा समर्थित उम्मीदवार को मिला।

### विधानसभा में उठा बायो मेडिकल वेस्ट निष्पादन का मुद्दा, धनबाद की एजेंसी पर कार्रवाई के निर्देश



**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के आठवें दिन शुक्रवार को राज्य के विभिन्न जिलों, विशेषकर धनबाद में बायो मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट की कमी और कचरे के समय पर निष्पादन नहीं होने का मामला सदन में जोर-शोर से उठाया गया। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन के विधायक चंद्रदेव महतो ने प्रश्न उठाते हुए कहा कि जिन जिलों में बायो मेडिकल वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित हैं, वहां भी कचरे का समय पर निष्पादन नहीं हो रहा है। उन्होंने विशेष रूप से धनबाद का उल्लेख करते हुए आरोप लगाया कि वहां कार्यरत एजेंसी अपनी जिम्मेदारी सही ढंग से नहीं निभा रही है। उन्होंने मेडिकल कॉलेज अधीक्षक द्वारा एजेंसी के खिलाफ शिकायत किए जाने की जानकारी भी सदन में दी। इस पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने बताया कि राज्य के छह जिलों में बायो मेडिकल वेस्ट निष्पादन प्लांट संचालित हैं और आने वाले समय में अन्य प्रमुख अस्पतालों में भी ऐसे प्लांट स्थापित किए जाएंगे। मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विधायक चंद्रदेव महतो ने धनबाद की संबंधित एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की मांग दोहराई। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी हस्तक्षेप करते हुए कहा कि जब मामला सदन में उठ चुका है तो सरकार को ठोस कदम उठाना चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने सदन को आश्वस्त किया कि धनबाद में बायो मेडिकल वेस्ट निष्पादन का कार्य कर रही एजेंसी की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### मलूका स्थित केनरा बैंक शाखा में लगी आग, लाखों का नुकसान



**पश्चिमी सिंहभूम।** जनपद के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत मलूका स्थित केनरा बैंक शाखा में शुक्रवार की भोर करीब 3 से 4 बजे के बीच आग लगने की घटना सामने आई है। सुबह लगभग 7 बजे आसपास के लोगों ने बैंक भवन से धुआं निकलते देखा, जिसके बाद मकान मालिक और पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी टिंकू कुमार दास पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। बैंक कर्मियों द्वारा शटर खोलते ही अंदर से तेज धुआं और आग की लपटें निकलने लगीं। स्थानीय लोगों ने पाइप से पानी का छिड़काव कर आग बुझाने में सहयोग किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने से बैंक के चार कंप्यूटर,एक प्रिंटिंग मशीन, एक कैश काउंटिंग मशीन तथा कई आवश्यक फाइलें जलकर नष्ट हो गईं। शाखा प्रबंधक अशोक कुमार सुंडी ने बताया कि बैंक का कैश लॉकर में सुरक्षित है और किसी प्रकार की नकदी की क्षति नहीं हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्राथमिक तौर पर शॉर्ट सर्किट को आग लगने का कारण माना जा रहा है।

### सड़क हादसे में जीजा- साले की मौत





**खूंटी।** खूंटी थाना क्षेत्र के पिपरा टोली में गुरुवार देर रात हुई सड़क दुर्घटना में जीजा- साले की मौत हो गई। मृतकों में बिरहु मोड़ निवासी प्रदीप महतो तथा रांची के नगड़ी थाना क्षेत्र के कुली गांव निवासी संदीप प्रजापति शामिल हैं। जानकारी के अनुसार दोनों मुंडन समारोह में शामिल होकर डोड़मा से स्कूटी से खूंटी लौट रहे थे। प्रदीप महतो के घर से लगभग एक किलोमीटर पहले उनकी स्कूटी पिपरा टोली के पास सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर की ट्राली से टकरा गई, जिससे दोनों की घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। मृतक प्रदीप महतो के बड़े भाई संदीप महतो ने बताया कि प्रदीप अपने जीजा संदीप प्रजापति के साथ डोड़मा में रहनेवाली बहन के घर मुंडन समारोह में गया था। लौटने के दौरान दोनों हादसे का शिकार हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को सदर अस्पताल में दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

# कड़ी सुरक्षा में जुगसलाई, मानगो और चाकुलिया की मतगणना शुरू





एजेंसी । पूर्वी सिंहभूम

परसूडीह स्थित ब्लॉक सह अंचल कार्यालय में शुक्रवार को जुगसलाई नगर परिषद, मानगो नगर निगम और चाकुलिया नगर पंचायत के मतों की गिनती कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुरू हो गई। सुबह से ही मतगणना केंद्र के बाहर प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की हलचल देखी गई। मतगणना शुरू होते ही प्रत्याशियों की धड़कनें तेज हो गई हैं और सभी की निगाहें परिणामों पर टिकी हुई हैं। प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। मतगणना स्थल पर सिटी एसपी कुमार शिवा आशीष सहित अन्य वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे और पूरी प्रक्रिया की निगरानी कर रहे हैं। केंद्र के भीतर और बाहर पुलिस बल की तैनाती की गई है ताकि मतगणना शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो सके। मिली जानकारी के अनुसार चाकुलिया नगर पंचायत की मतगणना दो राउंड में, जुगसलाई नगर परिषद की तीन राउंड में और मानगो नगर निगम की चार राउंड में पूरी की जाएगी। इस बार मतदान बैलट पेपर के माध्यम से हुआ है, जिसके कारण मतगणना की प्रक्रिया अपेक्षाकृत धीमी है। फिलहाल सभी मतपत्रों का बंडल तैयार किया जा रहा है, जिसके बाद विधिवत गिनती का कार्य शुरू होगा। जुगसलाई नगर परिषद के 22 वार्डों के लिए हुए मतदान में कुल 26,367 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। चाकुलिया नगर पंचायत के 12 वार्डों में 9,179 मत पड़े हैं, जबकि मानगो नगर निगम के 36 वार्डों के लिए 99,857 मतदाताओं ने मतदान किया था। इन सभी मतों की गिनती पूरी होने के बाद ही अंतिम परिणाम घोषित किए जाएंगे। संभावना जताई जा रही है कि मतों की संख्या कम होने के कारण चाकुलिया नगर पंचायत का परिणाम सबसे पहले घोषित किया जाएगा। इसके बाद जुगसलाई नगर परिषद और अंत में सर्वाधिक मतों वाले मानगो नगर निगम का परिणाम सामने आ सकता है। फिलहाल पूरे जिले की नजरें मतगणना केंद्र पर टिकी हुई हैं और सभी को अंतिम नतीजों का इंतजार है।

## निकाय चुनाव मेयर पद के लिए रोशनी खलखो 11 हजार मतों से आगे

एजेंसी । रांची



रांची नगर निकाय चुनाव के मतों की गिनती राजधानी रांची के मनातु स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में प्रत्याशियों और उनके एजेंटों की मौजूदगी में कड़ी सुरक्षा के बीच की जा रही है। मेयर पद के लिए भाजपा समर्थित प्रत्याहशी रोशनी खलखो, 11495 मतों से आगे चल रही हैं। डेढ़ घंटे की देरी से शुरू हुई मतगणना में पहले राउंड में रोशनी को 41278 मत मिले हैं, जबकि कांग्रेस पार्टी की ओर से समर्थित पूर्व मेयर रमा खलखो को 29783 मत ही मिले हैं। पहले राउंड में वार्ड संख्या 01 में नकुल तिर्की, वार्ड 02 से सबिता कच्छप, वार्ड 07 मीनू देवी, वार्ड 19 में मेयर प्रत्याशी रौशनी खलखो की ननद गीता कुमारी, वार्ड 20 में सुनील यादव, वार्ड 25 से सुषमा राज, वार्ड 26 में प्रदीप कुमार अग्रवाल, वार्ड 31 में नीरज कुमार, वार्ड 37 से परमेश्वर सिंह, वार्ड 38 अवधेश ठाकुर, वार्ड 48 में प्रदीप मिंज और वार्ड 49 से जमीला खातून ने जीत दर्ज कर ली है। हालांकि अभी आधिकारिक पुष्टि होनी बाकी है। वहीं मतगणना केंद्रों के बाहर जीतने वाले प्रत्याशियों और समर्थकों में जश्न का माहौल है। वहीं अन्य प्रत्याशी और उनके समर्थक लगातार रुझानों पर नजर बनाए हुए हैं। पहले राउंड की गिनती के बाद अब दूसरे राउंड की गिनती शुरू हो गई है। वार्ड 2, 3, 8, 9, 10, 14, 15, 20, 21, 26, 27, 28, 32, 33, 39, 40, 43, 45, 49 और 50 की मतों की गिनती की जा रही है।

## चाईबासा और चक्रधरपुर नगर परिषद चुनाव की मतगणना शुरू, उपायुक्त ने किया निरीक्षण

एजेंसी । पश्चिमी सिंहभूम



पश्चिमी सिंहभूम जिला में नगर पालिका (आम) निर्वाचन के तहत शुक्रवार को मतगणना की प्रक्रिया शुरू हो गई। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगर पालिका)-सह-उपायुक्त चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक अमित रेणु, सामान्य प्रेक्षकगण, सभी निर्वाची पदाधिकारी तथा प्रत्याशी और उनके अभिकर्ताओं की उपस्थिति में चाईबासा एवं चक्रधरपुर नगर परिषद क्षेत्र का स्ट्रांग रूम खोला गया। सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच स्ट्रांग रूम खोले जाने की प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद मतगणना कार्य प्रारंभ करने से पूर्व उपायुक्त चंदन कुमार ने मतगणना कक्ष में की गई। सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मतगणना कार्य पूरी पारदर्शिता, स्वच्छता और निष्पक्ष माहौल में संपन्न कराया जाए। पुलिस अधीक्षक अमित रेणु ने भी सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और मतगणना स्थल पर तैनात पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों को सतर्कता बरतने का निर्देश दिया। मतगणना केंद्र के बाहर और अंदर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो। मतगणना को लेकर प्रत्याशियों एवं उनके समर्थकों में उत्सुकता बनी हुई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पूरी प्रक्रिया निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न कराई जाएगी और परिणामों की घोषणा भी निर्धारित नियमों के तहत की जाएगी।

## टाटा–बक्सर–टाटा होली स्पेशल ट्रेन चलेगी, पांच–पांच ट्रिप में मिलेगी राहत

एजेंसी । पूर्वी सिंहभूम




होली के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने टाटानगर से बक्सर के बीच होली स्पेशल टीओडी ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह विशेष ट्रेन 08183/08184 टाटा–बक्सर–टाटा होली स्पेशल टीओडी के रूप में संचालित की जाएगी और कुल पांच–पांच फेरे लगाएगी। ट्रेन संख्या 08183 टाटा–बक्सर होली स्पेशल 3 मार्च 2026 से 31 मार्च 2026 तक प्रत्येक मंगलवार को टाटानगर से चलेगी। वहीं ट्रेन संख्या 08184 बक्सर–टाटा होली स्पेशल 4 मार्च 2026 से 1 अप्रैल 2026 तक प्रत्येक बुधवार को बक्सर से प्रस्थान करेगी। दोनों दिशाओं में पांच–पांच ट्रिप निर्धारित किए गए हैं। निर्धारित समय के अनुसार 08183 टाटा–बक्सर होली स्पेशल शाम 17:10 बजे टाटानगर से प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन चांडिल, पुरुलिया, बोकारो स्टील सिटी, राजाबेड़ा, चंद्रपुरा, धनबाद, पाथरडीह, चिरकुंडा, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, किऊल, मोकामा, बख्तियारपुर, पटना जंक्शन, दानापुर और आरा होते हुए अगले दिन सुबह 08:15 बजे बक्सर पहुंचेगी। वापसी में 08184 बक्सर–टाटा होली स्पेशल दोपहर 12:00 बजे बक्सर से खुलेगी और आरा, दानापुर, पटना जंक्शन, बख्तियारपुर, मोकामा, किऊल, झाझा, जसीडीह, मधुपुर, धनबाद, चंद्रपुरा, बोकारो स्टील सिटी, पुरुलिया और चांडिल होते हुए अगले दिन सुबह 04:30 बजे टाटानगर पहुंचेगी। शुक्रवार को रेलवे अधिकारियों ने बताया कि होली पर्व के दौरान झारखंड और बिहार के बीच यात्रियों की भारी भीड़ को नियंत्रित करने तथा यात्रियों को सुगम यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह विशेष ट्रेन चलाई जा रही है। यात्रियों से अनुरोध किया गया है कि वे समय सारिणी की जानकारी लेकर अग्रिम आरक्षण कराएं और यात्रा के दौरान रेलवे के नियमों का पालन करें।

## छह साल से फरार माओवादी समर्थक गिरफ्तार



एजेंसी । पश्चिमी सिंहभूम

जनपद स्थित कराईकेला थाना क्षेत्र के इंदुरुआं गांव निवासी कारमेल बोदरा (34) को पुलिस ने गिरफ्तार कर शुक्रवार को चाईबासा जेल भेज दिया है। वह बीते करीब छह वर्षों से फरार चल रहा था। पुलिस के अनुसार कारमेल बोदरा पर अगस्त 2020 में नक्सली गतिविधियों में शामिल रहने तथा माओवादी नक्सलियों को सहयोग करने का आरोप है। इस मामले में उसके खिलाफ कराईकेला थाना में मामला दर्ज किया गया था। घटना के बाद से वह लगातार फरार था और पुलिस उसे लंबे समय से तलाश कर रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर कराईकेला थाना प्रभारी प्यारे हसन पुलिस बल के साथ इंदुरुआं गांव पहुंचे और उसके घर से ही उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे चाईबासा जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि अगस्त 2020 में दर्ज मामले में कारमेल बोदरा के साथ अन्य माओवादी नक्सलियों के खिलाफ भी विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया था। मामले में आगे की कार्रवाई जारी है।

## चाईबासा में बच्चों को संक्रमित खून चढ़ाने और धनबाद मेडिकल कॉलेज की ऑक्सीजन व्यवस्था पर विधानसभा में चर्चा


एजेंसी । रांची



झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के आठवें दिन शुक्रवार को स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े गंभीर मुद्दों पर सदन में चर्चा हुई। पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में बच्चों को कथित रूप से संक्रमित खून चढ़ाए जाने के मामले तथा धनबाद स्थित शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल की ऑक्सीजन व्यवस्था को लेकर सरकार को विपक्ष के तीखे सवालों का सामना करना पड़ा। विधायक अरूप चटर्जी ने चाईबासा में बच्चों को संक्रमित रक्त चढ़ाने की शिकायत का मामला उठाते हुए सरकार से जांच समिति की रिपोर्ट और अब तक की कार्रवाई की जानकारी मांगी। विभाग की ओर से लिखित जवाब में कहा गया कि बच्चों को एचआईवी पॉजिटिव रक्त नहीं चढ़ाया गया था। इस पर विधायक ने स्वास्थ्य मंत्री पर दोषियों को बचाने का आरोप लगाया। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने सदन को बताया कि पूरे मामले की जांच जारी है और जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों को संक्रमित रक्त चढ़ाए जाने की आशंका जताई गई थी, उनके परिजनों को दो-दो लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई है। विधायक ने पीड़ित बच्चों का संपूर्ण इलाज सरकारी खर्च पर कराने की मांग की, जिस पर विधानसभा अध्यक्ष ने सरकार को उपचार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने जांच रिपोर्ट चालू सत्र में ही सदन के पटल पर रखने को कहा। मंत्री द्वारा जांच में अधिक समय लगने की बात कहे जाने पर अध्यक्ष ने 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का स्पष्ट निर्देश दिया। इसके बाद मंत्री ने शीघ्र जांच पूरी कराने का आश्वासन दिया। इसी दौरान धनबाद के शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ऑक्सीजन आपूर्ति का मुद्दा भी सदन में गूंजा। विधायक राज सिन्हा ने बताया कि वर्ष 2020-21 में पीएम केयर फंड से लगाए गए तीन ऑक्सीजन प्लांट में से दो वर्तमान में खराब पड़े हैं, जिससे मरीजों को परेशानी हो रही है। इस पर स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने स्वीकार किया कि तीन में से दो प्लांट बंद हैं, लेकिन मरीजों को सिलेंडर के माध्यम से ऑक्सीजन उपलब्ध कराई जा रही है और किसी प्रकार की कमी नहीं होने दी जा रही। उन्होंने बताया कि मरम्मत के लिए कई बार टेंडर निकाले गए, लेकिन एजेंसियों की रुचि नहीं मिलने के कारण कार्य लंबित है। सरकार ने जल्द प्लांट दुरुस्त कराने का आश्वासन दिया। सदन में विधायकों के नए आवास से जुड़ा मुद्दा भी उठा। विधायक राज सिन्हा ने फर्नीचर मद में वर्तमान तीन लाख रुपये की राशि को अपर्याप्त बताते हुए इसे बढ़ाकर 10 लाख रुपये करने की मांग की। अधिकांश विधायकों ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया, जबकि विधायक जयराम महतो ने इसका विरोध किया। स्वास्थ्य व्यवस्था और जनप्रतिनिधियों से जुड़े इन मुद्दों को लेकर सदन में दिनभर गंभीर बहस और राजनीतिक तकरार का माहौल बना रहा।

# झारखंड में मौसम का बदलेगा मिजाज, शनिवार से आंशिक बादल छाने के आसार

एजेंसी । रांची



झारखंड की राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में मौसम का उतार-चढ़ाव फिलहाल जारी रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार से राज्य के कई हिस्सों में एक बार फिर आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है, जिससे तापमान में हल्की गिरावट दर्ज की जा सकती है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को बताया कि रांची समेत राज्य के अधिकांश जिलों में शनिवार और रविवार को आसमान में आंशिक बादल रहेंगे। हालांकि, सोमवार से मौसम के पुनः साफ होने की संभावना जताई गई है। बादलों के प्रभाव से अधिकतम तापमान में कमी आने के संकेत हैं, जिससे लोगों को दिन के समय गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है। विभाग के अनुसार, पश्चिमी राजस्थान और पाकिस्तान क्षेत्र के आसपास एक निम्न दबाव का क्षेत्र सक्रिय है। इसके साथ ही पश्चिमी विक्षोभ की स्थिति भी बनी हुई है, जो धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है। इसका प्रभाव झारखंड सहित देश के कई राज्यों के मौसम पर आने वाले दिनों में देखने को मिलेगा। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान चाईबासा में 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान लोहरदगा में 9.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। शुक्रवार को रांची और आसपास के क्षेत्रों में दिनभर मौसम साफ रहा तथा मध्यम गति से हवा चलती रही। हवा के कारण दोपहर में गर्मी का असर कम महसूस हुआ, जबकि सुबह के समय हल्की ठंड बनी रही। शुक्रवार को राज्य के विभिन्न जिलों में तापमान में अंतर देखने को मिला। राजधानी रांची में अधिकतम तापमान 27.2 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 31.7 डिग्री और न्यूनतम 14.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। डाल्टनगंज में अधिकतम तापमान 32.8 डिग्री तथा न्यूनतम 12.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि बोकारो में अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री और न्यूनतम 12.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक मौसम में बदलाव की स्थिति बने रहने की संभावना जताई है और लोगों को बदलते मौसम के अनुसार सतर्क रहने की सलाह दी है।

## झारखंड के 48 नगर निकायों में मतों की गिनती शुरू, सुरक्षा के कड़े इंतजाम




एजेंसी । रांची

झारखंड के 48 नगर निकाय चुनाव के मतों की गिनती शुक्रवार सुबह आठ बजे से शुरू हो गई है। 1,309 काउंटिंग टेबल पर एक साथ मतगणना हो रही है। वहीं, रांची नगर निगम चुनाव की मतगणना सुकुरहुटू स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हो गई है। अधिकांश निकायों के नतीजे देर शाम तक घोषित कर दिए जाएंगे। बड़े निकायों में मतों की संख्या अधिक होने के कारण कुछ स्थानों पर अंतिम परिणाम शनिवार तक आ सकते हैं। राज्य चुनाव आयोग के सचिव राधेश्याम प्रसाद ने शुक्रवार को बताया कि मतों की गिनती कड़ी सुरक्षा के बीच जारी है। उल्लेखनीय है कि 23 फरवरी को झारखंड के 48 नगर में निकायों में मतदान हुआ था।

## संक्षिप्त समाचार

### हनुमान मंदिर में हुई चोरी और तोड़फोड़ की घटना

**हैदराबाद, एजेंसी।** हैदराबाद शहर के चंद्रायणगुट्टा थाना क्षेत्र में स्थित एक मंदिर में हनुमान जी की मूर्ति को नुकसान पहुंचाने और तांबे का बर्तन चोरी करने के आरोप में



तीन रोहिंग्या नाबालिगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस के अनुसार 24 फरवरी को बरकास इलाके के हनुमान मंदिर में तोड़फोड़ और चोरी की शिकायत दर्ज कराई गई थी। अज्ञात लोगों द्वारा मंदिर का ताला तोड़कर अंदर घुसने और तांबे का बर्तन चोरी करने की बात सामने आई थी। जांच के दौरान पुलिस की विशेष टीमों ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की। फुटेज में कुछ बच्चे संदिग्ध तरीके से पालीथिन बैग लेकर जाते हुए दिखाई दिए। इसके बाद पुलिस ने तीन नाबालिगों को बालापुर इलाके में उनके घरों से पकड़ लिया। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में नाबालिगों ने पत्थर से ताला तोड़कर मंदिर में प्रवेश करने, तांबे का बर्तन चोरी करने और मूर्ति को नुकसान पहुंचाने की बात स्वीकार की है। ये सभी म्यांमार मूल के रोहिंग्या बताए गए हैं। पुलिस के अनुसार, नाबालिग गलत गतिविधियों में लिप्त थे और खर्च के लिए चोरी करने की योजना बनाई थी। तीनों को बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। भाजपा की राज्य इकाई के अध्यक्ष एन. रामचंद्र राव ने इस घटना की निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

### आईपीएस बी सुमति की रणनीति ने पाई सफलता

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना में कई कुख्यात माओवादियों को सरेंडर कराने में आइपीएस अधिकारी बी सुमति ने अहम भूमिका निभाई। शीर्ष माओवादी कमांडर थिप्पिरी तिरुपति उर्फ देवूजी और अन्य माओवादियों ने मंगलवार को हथियार डाल दिए। तेलंगाना पुलिस की विशेष खुफिया शाखा (एसआइबी) की प्रमुख के रूप में सुमति ने माओवादियों को मुख्यधारा में वापस लाने के लिए लंबी बातचीत की देखरेख की। देवूजी ने एक अन्य सदस्य मल्ला राजी रेड्डी और दो अन्य वरिष्ठ माओवादी कार्यकर्ताओं के साथ मंगलवार को डीजीपी बी शिवधर रेड्डी की उपस्थिति में आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण के दौरान रेड्डी ने सुमति और उनकी टीम का विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने कहा, विशेष खुफिया शाखा की आइजी सुमति और एसआइबी टीम के उत्कृष्ट प्रयासों के कारण ही देवूजी और अन्य माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है। टीम ने उन्हें मौजूदा परिस्थितियों को समझने और मुख्यधारा में शामिल होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने आइजीपी इंटेलिजेंस विजय कुमार के प्रयासों की भी सराहना की।

### ममता बनर्जी के सीधे मुख्यमंत्री अभियान का इंस्टाग्राम पेज हुआ हैक

**कोलकाता, एजेंसी।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की महत्वाकांक्षी जनसंपर्क अभियान सरासरी मुख्यमंत्री (सीधे मुख्यमंत्री) अभियान का आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज हैक हो गया है। नागरिकों की शिकायतों को सीधे सुनने के लिए शुरू किए गए इस डिजिटल प्लेटफार्म पर हुए इस साइबर हमले ने राज्य प्रशासन के शीर्ष गलियारों में चिंता पैदा कर दी है। देखते हुए नवान्न (राज्य सचिवालय) ने सख्त रुख अपनाया है और दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सूत्रों के मुताबिक, इस डिजिटल पेज का प्रबंधन करने वाली एजेंसी ने बिधाननगर साइबर क्राइम थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

# पीएम मोदी के आगमन से पहले अजमेर में सुरक्षा का कड़ा कवच

**अजमेर , एजेंसी।** राजस्थान के अजमेर में 28 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दौरा प्रस्तावित है। शहर की कायड़ विश्रामस्थली में आयोजित होने वाली विशाल जनसभा को लेकर प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री के आगमन को देखते हुए पूरे क्षेत्र में अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम स्थल के आसपास लगभग 6 किलोमीटर के दायरे को सीज किया जाएगा और आम आवाजाही पर नियंत्रण रखा जाएगा। प्रधानमंत्री की सुरक्षा के लिए बहुस्तरीय इंतजाम किए गए हैं। कार्यक्रम की निगरानी के लिए 10 आईपीएस और 15 आईएएस अधिकारियों सहित करीब 70 वरिष्ठ अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा 5000 से अधिक पुलिसकर्मी और सुरक्षा जवान तैनात रहेंगे। शहर के प्रमुख मार्गों, चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

प्रधानमंत्री की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाली स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी) की टीम अजमेर पहुंच चुकी है। मंच, हेलीपैड और सभा स्थल के सभी महत्वपूर्ण स्थानों को एसपीजी ने अपने नियंत्रण में ले लिया है। कार्यक्रम से पहले पूरे क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया गया है।

### आसमान से भी निगरानी

प्रधानमंत्री किशनगढ़ से हेलीकॉप्टर के माध्यम से कायड़ विश्रामस्थली पहुंचेंगे। भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर द्वारा हेलीपैड का परीक्षण भी किया जा चुका है। सुरक्षा एजेंसियां ड्रोन और अन्य तकनीकी साधनों से भी निगरानी रखेंगी। आसपास की ऊंची इमारतों और छतों पर भी सुरक्षा बल तैनात किए जाएंगे, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। यातायात में रहेगा बदलाव



प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान नेशनल हाईवे और स्टेट हाईवे सहित कई प्रमुख सड़कों पर यातायात व्यवस्था में अस्थायी परिवर्तन किया जाएगा। प्रशासन आमजन को वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की सलाह देगा। ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष योजना तैयार की गई है।

जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक सहित प्रशासनिक अधिकारी लगातार कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर रहे हैं और तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं।

### दो लाख लोगों की संभावित भीड़

सभा में बड़ी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों सहित करीब 2 लाख लोगों के पहुंचने का अनुमान है। इतनी बड़ी संख्या को ध्यान में रखते हुए 8000 से अधिक वाहनों की पार्किंग की विशेष व्यवस्था की गई है।

सभा स्थल पर पेयजल, चिकित्सा सुविधा, आपातकालीन सेवाएं और शौचालय जैसी मूलभूत व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जा रही हैं। प्रशासन का दावा है कि भीड़ प्रबंधन के लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं।

### 23 हजार करोड़ के विकास कार्य

प्रधानमंत्री के इस दौरे के दौरान 23 हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाले विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया जाएगा। साथ ही 21 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाएंगे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अजमेर की इस जनसभा से कोई महत्वपूर्ण घोषणा भी हो सकती है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

### प्रशासन ने किया दावा

अजमेर प्रशासन का कहना है कि सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर सभी तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम को सफल और सुरक्षित बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। कुल मिलाकर 28 फरवरी को अजमेर शहर हाई अलर्ट पर रहेगा। जमीन से लेकर आसमान तक कड़ी निगरानी के बीच प्रधानमंत्री की जनसभा आयोजित होगी। प्रशासन का फोकस साफ है–कार्यक्रम शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो।

**मुझसे बात नहीं कर रही थी प्रियंका...**

## राहुल गांधी ने सुनाया बहन की नाराजगी का किस्सा

**वायनाड , एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को अपनी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा के बारे में एक बेहद दिलचस्प किस्सा शेयर किया। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि वायनाड ने उनके बीच की नाराजगी को किसी भी 'शांति वार्ता' से ज्यादा तेजी से सुलझा दिया। राहुल गांधी 2024 के वायनाड भूस्खलन पीड़ितों के लिए कांग्रेस द्वारा बनाए जा रहे घरों के शिलान्यास समारोह में हिस्सा लेने पहुंचे थे। इसी दौरान उन्होंने राजनीति और अपने निजी जीवन को लेकर कुछ खास बातें साझा कीं।

वायनाड की जनता को अपना 'बड़ा परिवार' बताते हुए, राहुल ने अपनी और प्रियंका के बीच हुई हालिया अनबन का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वह और उनकी बहन अक्सर छोटी-छोटी बातों पर झगड़ते हैं। राहुल गांधी ने बताया- 'कल मेरी बहन मुझसे बात नहीं कर रही थी।' बात इतनी बढ़ गई थी कि इसका जिक्र उन्हें अपनी मां सोनिया गांधी से भी करना पड़ा। राहुल ने बताया- जब मेरी मां ने पूछा कि प्रियंका कैसी है, तो मैंने उन्हें बताया कि वह मुझसे नाराज है और बात नहीं कर रही है। इसके बाद राहुल ने इस नाराजगी को दूर करने के लिए अपनाई गई अपनी तरकीब का खुलासा किया। राहुल ने कहा- मैंने अपनी मां से कहा कि मैंने उसे (प्रियंका को) जाल में फंसा लिया है। एक बार जब वह वायनाड आ जाएगी, तो वह मुझसे बात किए बिना नहीं रह पाएगी। हालांकि, उनकी यह तरकीब तुरंत काम नहीं आई और फ्लाइट में भी प्रियंका उनसे खफा ही रहीं। राहुल ने आगे कहा- लेकिन जैसे ही हम वायनाड पहुंचे, उसने मुझसे फिर से बात करना शुरू कर दिया। यही वायनाड का जादू है। आपको बता दें कि राहुल गांधी ने 2024 के लोकसभा चुनावों में केरल के वायनाड और उत्तर प्रदेश के रायबरेली, दोनों ही सीटों से जीत हासिल की थी। बाद में उन्होंने वायनाड सीट खाली कर दी थी, जिसके बाद हुए उपचुनाव में जीत दर्ज कर अब उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। अपने 22 साल के राजनीतिक सफर को याद करते हुए राहुल ने कहा कि नेताओं को अपने बारे में अधिक खुला और पारदर्शी होना चाहिए। उन्होंने मंच से कहा- मैं 2004 से राजनीति में हूं, लगभग 22 साल हो गए हैं। जैसे-जैसे आप आगे बढ़ते हैं, चीजों के बारे में आपके सोचने का नजरिया बदलने लगता है।

## मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के सामने इमाम का तीखा प्रहार, हुमायूं कबीर की बाबरी योजना को बताया साजिश

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता की शोलआना मस्जिद के इमाम अब्दुल हामिद ने गुरुवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की मौजूदगी में बिना किसी का नाम लिए तृणमूल कांग्रेस के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर द्वारा



मुर्शिदाबाद जिले में कराए जा रहे बाबरी मस्जिद के निर्माण को लेकर निशाना साधा। कोलकाता नगर निगम द्वारा पार्क सर्कस मैदान में आयोजित सालाना इफ्तार पार्टी के दौरान इमाम ने अपने संबोधन में कहा कि यह अफसोस की बात है कि मुर्शिदाबाद में मस्जिद बनाकर मुसलमानों में फूट डालने की कोशिश की जा रही है। यह सही नहीं है। मैं इसका विरोध करता हूं। उन्होंने यह भी दावा किया कि इस मस्जिद निर्माण के पीछे कोई इमाम शामिल नहीं है। हालांकि उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया। उन्होंने बाबरी शब्द का भी इस्तेमाल नहीं किया। हालांकि उनके बयान से साफ है कि इमाम का निशाना मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद का निर्माण करा रहे निलंबित तृणमूल विधायक व नवगठित जनता उन्नयन पार्टी के अध्यक्ष हुमायूं कबीर की ओर था। मुर्शिदाबाद के भरतपुर से विधायक कबीर ने पिछले साल छह दिसंबर को इस मस्जिद की नींव रखी थी। हाल में इसका निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया है। इधर, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी हर साल की तरह कोलकाता नगर निगम द्वारा आयोजित इफ्तार पार्टी में शामिल हुईं। इस इफ्तार पार्टी में इमामों के अलावा दूसरे धर्मों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। इस दौरान इमाम अब्दुल हामिद ने ममता की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी के राज में सिर्फ अल्पसंख्यक ही नहीं, बल्कि सभी धर्मों के लोगों का जो विकास हुआ है, वैसा पहले कभी नहीं देखा गया। इमाम हामिद ने कहा कि इमाम भत्ता और स्वास्थ्य सेवाओं समेत कई सरकारी परियोजनाएं बंगाल को देखकर दूसरे राज्यों ने भी लागू किए हैं। इमाम हामिद ने ममता के शासनकाल में कोलकाता के इस्लामिया अस्पताल के विकास का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि पहले, अगर कोई जिंदा इंसान इस्लामिया अस्पताल आता था, वे मरे हुए निकलते थे। लेकिन अब तस्वीर बदल गई है। अब बिहार, झारखंड, त्रिपुरा, मणिपुर से मरीज वहां आ रहे हैं।

## राजस्थान में सनसनीखेज खुलासा: रिश्तेदारों ने की थी चार साल के प्रिंस की हत्या, एक्सप्रेसवे के किनारे दफनाया शव

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के दौसा जिले में छह साल पहले लापता हुए चार वर्षीय मासूम प्रिंस उर्फ टिल्लू के मामले में अब एक बेहद दर्दनाक और चौंकाने वाली सच्चाई सामने आई है। पुलिस जांच में पता चला है कि बच्चे की हत्या उसके ही रिश्तेदार अनिल और कृष्णा ने कथित तौर पर आपसी रंजिश के चलते की और शव को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के किनारे दफना दिया। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उन्होंने पूछताछ में जुर्म कबूल कर लिया है।

मामला 16 अगस्त 2020 का है, जब ऊनबड़ा गांव की रामदेवा ढाणी में प्रिंस अपने घर के आंगन में खेलते-खेलते अचानक लापता हो गया था। परिवार ने गांव-गांव, रिश्तेदारी और दिल्ली-जयपुर तक खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

2021 में परिवार ने राजस्थान हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की, जिसके बाद जांच तेज हुई। वर्षों में सात जांच अधिकारी बदले गए, लेकिन मामला अनसुलझा रहा। हाईकोर्ट के सख्त निर्देश पर पुलिस ने गहन जांच की और आखिरकार आरोपी टूट गए।

पुलिस के अनुसार, अनिल और कृष्णा ने रंजिश (कुछ रिपोर्टों में आरोपी की मां के सुसाइड



से जुड़ी बात बताई गई) के कारण बच्चे को घर से उठाया, चाकू से गोदकर हत्या की और शव को कट्टे में बंद कर अगले दिन रात दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के पास (निर्माणाधीन इलाके में) दफना दिया। आरोपी ने निशानदेही पर पुलिस ने खुदाई शुरू की।

दिल्ली से मंगाई गई ग्राउंड पेनिट्रेटिंग रडार मशीन ने जमीन के लगभग 9 मीटर (30 फीट) नीचे संदिग्ध संकेत दिए। इसके आधार पर जेसीबी मशीनों से तीन दिनों से 24 घंटे लगातार खुदाई चल रही है। अब तक 15 फीट से अधिक गहराई तक खोदा जा चुका है, लेकिन शव या कंकाल नहीं मिला है। कुछ रिपोर्टों में 180-300 फीट तक के इलाके में खुदाई का जिक्र है। पुलिस एनएचएआई से सड़क तोड़ने की अनुमति मांग रही है और मौसम विभाग से भी सहायता ली जा रही है।

प्रिंस के पिता जगमोहन बैरवा, जो दुबई में काम करते थे, 21 फरवरी को खबर मिलते ही भारत लौट आए। एनडीटीवी को दिए इंटरव्यू में उन्होंने भावुक होकर कहा कि अगर मेरा बेटा मिल जाए, चाहे उसकी हालत कैसी भी हो, मुझे खुशी होगी। मुझे पुलिस और न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है कि न्याय मिलेगा।

प्रिंस की बहन अर्चना और भाई समर सदमे में हैं।

## नागौर में 9 साल की मासूम दिव्या को खेलते वक्त आया हार्ट अटैक, इलाके में शोक की लहर

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के नागौर जिले में एक बेहद दुखद और दिल दहला देने वाली घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है। यहां एक 9 साल की मासूम छात्रा दिव्या को स्कूल के खेल मैदान में खेलते समय अचानक हार्ट अटैक (कार्डियक अरेस्ट) आया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। यह घटना 23 फरवरी 2026 की सुबह गोटन कस्बे के गोटन इंटरनेशनल स्कूल में हुई, जहां दिव्या पांचवीं कक्षा में पढ़ती थी।

गोटन इंटरनेशनल स्कूल में दिव्या (तालनपुर निवासी राजेंद्र बापेडिया की बेटी) रोज की तरह सुबह करीब 7ः48 बजे पहुंची थी। प्रार्थना सभा शुरू होने से पहले वह अन्य बच्चों के साथ स्कूल ग्राउंड में खेल रही थी। अचानक वह लड़खड़ाकर गिर पड़ी और बेहोश हो गई। स्कूल स्टाफ ने तुरंत उसे गोटन के राजकीय अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जांच में डॉक्टरों ने मौत का कारण कार्डियक अरेस्ट (हार्ट अटैक) बताया है। बच्ची के शरीर पर कोई बाहरी चोट नहीं थी और न ही कोई पूर्व ज्ञात बीमारी का इतिहास था। घटना के सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं, जिसमें दिव्या खेलते हुए अचानक गिरती दिख रही है। यह घटना परिवार के लिए और भी अधिक पीड़ादायक है क्योंकि महज 4 महीने पहले दिव्या के बड़े भाई की भी इसी तरह हार्ट अटैक से मौत हो चुकी थी। एक ही परिवार में इतने कम समय में दो बच्चों का इस तरह जाना पूरे क्षेत्र में शोक की लहर पैदा कर रहा है। परिजनों ने पोस्टमॉर्टम कराने से मना कर दिया, जिसके बाद शव सौंप दिया गया। यह घटना बच्चों में बढ़ते हृदय संबंधी जोखिमों पर सवाल खड़े कर रही है। चिकित्सक इसे गंभीर मानते हुए जागरूकता की जरूरत बता रहे हैं। पूरा इलाका इस दर्दनाक हादसे से सदमे में है।

# शंकराचार्य के समर्थन में उतरीं राजा भैया की बेटी राघवी, बोलीं- सनातन और आस्था पर चोट स्वीकार नहीं

**प्रतापगढ़ , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बाहुबली नेता और प्रतापगढ़ की कुंडा सीट से विधायक राजा भैया की बेटी राघवी कुमारी भी शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को लेकर चल रहे विवादों पर कूद गई हैं। राघवी ने न केवल शंकराचार्य का पुरजोर समर्थन किया, बल्कि इस विवाद को सनातन परंपरा को कमजोर करने की एक गहरी साजिश करार दिया। राघवी कुमारी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में आज होने वाली सुनवाई से ठीक पहले अपनी बात रखते हुए कहा कि 'शंकराचार्य का पद किसी व्यक्ति विशेष तक सीमित नहीं होता। यह चार वेदों की जीवित परंपरा का सबसे उच्च आध्यात्मिक स्थान है।' शंकराचार्य पर आशुतोष ब्रह्मचारी ने दो किशोरों का यौन शोषण करने का सनसनीखेज आरोप लगाया है। कोर्ट के निर्देश पर पिछले रविवार शंकराचार्य के खिलाफ प्रयागराज में एफआईआर भी दर्ज की गई थी। इसके बाद से मामला सुर्खियों में छाया हुआ है। इसे लेकर शंकराचार्य इलाहाबाद हाईकोर्ट पहुंचे हैं। शुक्रवार को शंकराचार्य की अग्रिम जमानत याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई होनी है। राघवी ने सोशल मीडिया





प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि शंकराचार्य पद की मर्यादा केवल एक मठ या पीठ की प्रतिष्ठा नहीं है, बल्कि यह पूरे सनातन समाज की पहचान का प्रतीक है। राघवी के अनुसार, जिस तरह से इस पद को विवादों में घसीटने का प्रयास किया जा रहा है, वह करोड़ों हिंदुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ है। माघ मेले के दौरान उपजे तनाव और शंकराचार्य से पुलिस की पूछताछ पर चिंता व्यक्त करते हुए राघवी ने राज्य सरकार और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने ट्वीट में स्पष्ट किया कि 'राज्य की जिम्मेदारी केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं होती, बल्कि धार्मिक भावनाओं का सम्मान करना और सामाजिक संतुलन बनाना भी सरकार का अनिवार्य कर्तव्य है।' उन्होंने इसे केवल एक व्यक्ति पर लगाया गया 'तथाकथित आरोप' नहीं, बल्कि आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित सनातन आध्यात्मिक परंपरा को कमजोर करने की कोशिश बताया। राघवी ने अपने पोस्ट में कड़े शब्दों का इस्तेमाल करते हुए लिखा कि सदियों से वेदों की ज्योति जलाने वाली इस महान परंपरा को बदनाम करने की हर कोशिश पहले भी असफल रही है और आगे भी होगी। उन्होंने कहा कि 'आस्था पर आघात स्वीकार नहीं किया जा सकता और अंततः सत्य की ही विजय होगी।' उन्होंने न्यायपालिका के प्रति अपना पूर्ण विश्वास जताते हुए अपने संदेश का अंत 'हर हर महादेव' के उद्घोष के साथ किया। जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया की बेटी राघवी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। कई मामलों में वह मुखर रही हैं। राजा भैया और उनकी पत्नी भानवी सिंह के साथ चल रहे विवादों में भी अक्सर मां की तरफ से सोशल मीडिया पर मोर्चा भी संभाला है।

## आप नेता के करीबी की प्री वेडिंग शूट में नजर आई पंजाब पुलिस, सोशल मीडिया पर उठे सवाल

**गुरुदासपुर , एजेंसी।** एक वीडियो को लेकर पंजाब पुलिस की खूब आलोचना हो रही है। इस वीडियो में पंजाब पुलिस, आम आदमी पार्टी नेता के परिजन की प्री-वेडिंग शूट में शामिल हुई है। यह मामला बटाला का है। विवाद तब शुरू हुआ जब शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता, बिक्रम सिंह मजीठिया ने एक्स पर यह मुद्दा उठाया। उन्होंने एक ऐसे वक्त में जबकि अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर गुरुदासपुर जिले में पंजाब पुलिस के जवान मारे जा रहे हैं, प्राथमिकताएं तय की जानी चाहिए। तीखे बयानों की सिरीज में, मजीठिया ने आरोप लगाया कि पुलिस अभी तक यह पता लगाने में लगी है कि दो अधिकारियों की हत्या के पीछे कौन था। घटना कैसे घटी। इन सबके बीच अधिकारियों को इंजीनियर मानिक मेहता के 'प्री-वेडिंग शूट' में देखा गया। मानिक हाल ही में बटाला मार्केट कमेटी के अध्यक्ष नियुक्त हुए हैं और कथित तौर पर सत्तारूढ़ आप नेतृत्व के करीब हैं। एक्स पर 11 प्वॉइंट्स वाली पोस्ट में मजीठिया ने लिखा कि एक तरफ पंजाब पुलिस के दो जवान गुरुदासपुर जिले में



अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर मारे जानते हैं। पंजाब पुलिस अभी तक यह पता लगाने में जुटी है कि हत्या कैसे हुई। वहीं, दूसरी तरफ पंजाब पुलिस के सेवारत जवान, बटाला मार्केट कमेटी के नवनियुक्त चेयरमैन इंजीनियर मानिक मेहता के प्री वेडिंग शूट में नजर आ रहे हैं। मजीठिया ने पूछा कि क्या पंजाब में यही सुरक्षा के इंतजाम हैं? मजीठिया ने आगे लिखा कि क्या एडहॉक वाले डीजीपी बताएंगे कि साथी जवानों की सुरक्षा के बजाए पुलिस के जवान प्री वेडिंग शूट के लिए क्यों तैनात किए गए थे। क्या आम आदमी पार्टी नेता का प्री वेडिंग सेलिब्रेशन पुलिस की सुरक्षा से बढ़कर है। केवल भगवान ही पंजाब को सुरक्षित रख सकते हैं। डीजीपी या मुख्यमंत्री कम गृहमंत्री से तो कोई उम्मीद ही नहीं है। मजीठिया का कहना है कि यह पहली बार हुआ है जब पंजाब पुलिस के जवानों का इस्तेमाल प्री-वेडिंग शूट के लिए हो रहा है। जब पुलिस जिंदगी बचाने की जगह सेलिब्रेशंस में तैनात होने लगती है तो प्राथमिकताएं खुद-ब-खुद सामने आ जाती हैं।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# विचार-मंथन

## संपादकीय

### बढ़ते हादसे और गिरता भरोसा

झारखंड में चतरा जिले के कर्माटाड जंगल में सोमवार शाम एक चार्टर्ड एअर एंबुलेंस के हादसे का शिकार होने और उसमें सभी सात लोगों की मौत ने एक बार फिर इस सवाल को गहरा किया है कि क्या दिनोंदिन विमान सेवाएं असुरक्षित होती जा रही हैं। गौरतलब है कि एक मरीज और उनके परिजनों को दिल्ली ले जा रही एअर एंबुलेंस मौसम खराब होने की वजह से मार्ग बदलने की कोशिश कर रही थी। मगर थोड़ी देर बाद यह विमान रडार से गायब हो गया और कुछ समय बाद उसका मलबा घने जंगल में मिला।यह हादसा पिछले कुछ समय से लगातार सामने आ रही वैसी घटनाओं की एक कड़ी है, जिनसे विमान यात्रा के पूरी तरह सुरक्षित होने की धारणा कमजोर होती है। झारखंड में हुए हादसे के अगले ही दिन मंगलवार को दिल्ली से लेह जा रही स्पाइसजेट की एक उड़ान को तकनीकी खराबी के कारण वापस उतारना पड़ा।इसके अलावा, सरकारी कंपनी पवन हंस के एक हेलिकाप्टर को अंडमान क्षेत्र में उड़ान के दौरान तकनीकी कारणों से समुद्र में आपात अवस्था में उतारना पड़ा। गनीमत रही कि इसमें सवार सभी सात लोगों को बचा लिया गया। दो दिन के भीतर होने वाली ये घटनाएं बताती हैं कि हाल के वर्षों में यात्रा के एक बेहतर विकल्प के रूप में उभर रही विमान सेवा अब कई स्तर पर जोखिम से गुजर रही है। जबकि विमान यात्रा को कहीं आने-जाने का सबसे सुरक्षित जरिया माना जाता रहा है।आखिर क्या वजह है कि पिछले कुछ समय से लगातार विमानों के हादसे का शिकार होने से लेकर उड़ान के बाद तकनीकी खराबी के कारण वापस उतारने की घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है? विमान सेवाओं के मामले में एक आम स्थिति यह है कि समय-समय पर तकनीकी स्तर पर हर पहलू से उच्च स्तरीय जांच होती है और हर कसौटी पर खरा उतरने के बाद ही उसे उड़ान के लिए तैयार माना जाता है।हर उड़ान के पहले सुरक्षा जांच की एक सघन प्रक्रिया पूरी की जाती है, ताकि बीच रास्ते में कोई अड़चन न आए। मगर हाल के समय में कई विमानों की उड़ान के बाद रास्ते में तकनीकी खराबी का पता चलने पर वापस उतारने की घटनाएं यह बताती हैं कि या तो तकनीकी स्तर पर उसमें कोई खराबी थी या फिर सुरक्षा जांच में किसी स्तर पर कमी की गई।इसी महीने के शुरू में सरकार ने लोकसभा में बताया था कि भारतीय विमान सेवा के जिन विमानों की तकनीकी जांच हुई, उनमें से लगभग आधे में बार-बार खराबी पाई गई।

### क्या डिजिटल दुनिया और बढ़ता दबाव बच्चों को हिंसक बना रहा है?

आधुनिक दौर में जीवन की आपाधापी के बीच हर जगह प्रतिस्पर्धा, निजी स्वार्थ और व्यक्तिगत आजादी की चाह में पारिवारिक मूल्य का महत्त्व कम होता जा रहा है। बच्चों और अभिभावकों के बीच समझ एवं समन्वय तथा स्नेह और सम्मान की भावना से जुड़े धागे कमजोर पड़ने लगे हैं। कई बार तो हालात ऐसे हो जाते हैं कि औलाद अपने माता-पिता को ही दुश्मन मान बैठती है और उनकी जान तक लेने को तैयार हो जाती है।उत्तर प्रदेश में लखनऊ के आशियाना इलाके में एक ऐसी ही दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है, जहां एक बेटे ने अपने पिता की गोली मारकर हत्या कर दी और उसके शव को टुकड़ों में काटकर एक हिस्से को ड्रम में छिपा दिया। हालांकि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, मगर सवाल है कि किसी सामान्य परिवार के बच्चे में इस तरह की आपराधिक मानसिकता आ कहां से रही है?क्या वजह है कि जिस समस्या को संवाद के जरिए आसानी से सुलझाया जा सकता है, वह इतनी जटिल हो जाती है कि संवेदनाएं सुन्न पड़ जाती हैं और आक्रामकता रिश्तों का भी खून कर देती है। इसमें दोराय नहीं कि आज बच्चों की परवरिश पर परिवार के अलावा डिजिटल जगत का प्रभाव भी साफ देखा जा रहा है। स्मार्टफोन और इंटरनेट की सुलभ उपलब्धता से बच्चों की ऐसी सामग्री तक पहुंच आसान हो गई है, जो उनके कोमल मन पर विपरीत प्रभाव डाल सकती है।मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि हिंसा और अपराध से जुड़ी सामग्री बार-बार देखने-सुनने से बच्चों में हिंसक प्रवृत्ति का बढ़ना स्वाभाविक है। लखनऊ में हुई वारदात में प्रारंभिक जांच-पड़ताल के आधार पर पुलिस ने दावा किया है कि आरोपी का पिता उसे मेडिकल प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होने का दबाव बना रहा था। इसको लेकर कई बार पिता-पुत्र की आपस में बहसबाजी भी हुई थी।यह बात सही है कि माता-पिता को बच्चों पर अनावश्यक दबाव नहीं बनाना चाहिए, लेकिन वे अगर किसी बात पर जोर दे रहे हैं।

*यह अवसर है कि हम एआई को केवल आर्थिक लाभ का साधन न मानें, बल्कि उसे सामाजिक परिवर्तन और मानव कल्याण के माध्यम के रूप में देखें। आज जब दुनिया में मानवीय मूल्यों का क्षरण चिंता का विषय है, तब भारत के पास अवसर है कि वह तकनीक और नैतिकता के समन्वय का उदाहरण प्रस्तुत करे। एआई का विकास यदि करुणा, समावेशन और सतत विकास के आदर्शों के साथ हो तो यह मानवता के लिए वरदान सिद्ध होगा।*

## भारत का एआई नेतृत्व तकनीक एवं मानवीय मूल्यों का संगम बने

**(ललित गर्ग)**

भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी युवा आबादी है। यदि इस ऊर्जा को गणित, भौतिकी, कंप्यूटर विज्ञान और डाटा विज्ञान जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया जाए तो भारत एआई अनुसंधान और नवाचार में विश्व की अग्रिम पंक्ति में खड़ा हो सकता है। विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों की भूमिका यहाँ अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। दिल्ली इन दिनों केवल भारत की राजनीतिक राजधानी भर नहीं, बल्कि उभरती तकनीकी चेतना का वैश्विक केंद्र बनी हुई है। 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता अब प्रयोगशालाओं या कॉरपोरेट दफ्तरों तक सीमित तकनीक नहीं रही, बल्कि वह विकास की नई परिभाषा गढ़ने की दिशा में अग्रसर है। दुनिया के विभिन्न देशों, तकनीकी कंपनियों, शोध संस्थानों और नीति-निर्माताओं की उपस्थिति ने इस सम्मेलन को वैश्विक विमर्श का मंच बना दिया है। यह आयोजन इस तथ्य का उद्घोष है कि भारत केवल उपभोक्ता राष्ट्र नहीं, बल्कि एआई युग का नेतृत्वकर्ता बनने की तैयारी में है। आज विश्व जिस तकनीकी संक्रमण से गुजर रहा है, उसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता निर्णायक भूमिका निभा रही है। स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, व्यापार, प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन, शासन और आर्थिक विकास-हर क्षेत्र में एआई समाधान की नई संभावनाएँ खोल रहा है। ऐसे समय में भारत का दृष्टिकोण केवल तकनीकी उन्नति तक सीमित नहीं, बल्कि वह इसे मानव-केंद्रित विकास के साथ जोड़ने का प्रयास कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने बार-बार यह स्पष्ट किया है कि तकनीक का अंतिम लक्ष्य मानवता की सेवा होना चाहिए, न कि केवल लाभ और वर्चस्व की दौड़। भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी युवा आबादी है। यदि इस ऊर्जा को गणित, भौतिकी, कंप्यूटर विज्ञान और डाटा विज्ञान जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया जाए तो भारत एआई अनुसंधान और नवाचार में विश्व की अग्रिम पंक्ति में खड़ा हो सकता है। विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों की भूमिका यहाँ अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। हमें ऐसे संस्थानों की आवश्यकता है जो वास्तविक शोध और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें, न कि केवल झूठे दावों और विज्ञापन के बल पर प्रतिष्ठा अर्जित करने का प्रयास करें। शिक्षा में पारदर्शिता और गुणवत्ता ही उस आधारशिला को मजबूत करेगी जिस पर भारत का एआई भविष्य खड़ा होगा। यह सवाल उठाया जा रहा है कि भारत आज व्यवहार में एआई व रोबोटिक्स के अनुसंधान में कहां खड़ा है? आखिर गलगोटिया यूनिवर्सिटी के नीति-नियंताओं ने यह क्यों नहीं सोचा कि चीन निर्मित एक रोबोट को अपनी उपलब्धि बताने से देश की प्रतिष्ठा को आंच आएगी? अब यूनिवर्सिटी की तरफ से सफाई दी जा रही है कि उसने रोबोट के निर्माण का दावा नहीं किया। वहीं दूसरी ओर उन सरकारी अधिकारियों की भी जवाबदेही तय की जानी चाहिए, जिन्होंने बिना जांच-पड़ताल के विश्वविद्यालय को एआई समिट में स्टॉल लगाने की अनुमति क्यों दी। निश्चित रूप से भारत ने पिछले कुछ वर्षों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित तकनीक व रोबोटिक उत्पादन के क्षेत्र में ऊंची छलांग लगाई है। युवा शक्ति के देश भारत ने एआई के क्षेत्र में अमेरिका व चीन के बाद अपना तीसरा स्थान बनाया है। जिसकी पुष्टि अंतर्राष्ट्रीय मानक संस्थाओं ने भी की है। लेकिन एक विरोधाभासी हकीकत यह है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ी आबादी का देश है, जहां श्रम शक्ति प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई की भूमिका क्रांतिकारी सिद्ध हो सकती है। रोगों की प्रारंभिक पहचान, सटीक निदान, दवाओं के शोध और ग्रामीण क्षेत्रों में टेलीमेडिसिन सेवाओं के विस्तार में एआई नई संभावनाएँ लेकर आया है। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में जहाँ स्वास्थ्य संसाधनों का असमान वितरण है, वहाँ एआई आधारित समाधान दूरस्थ क्षेत्रों तक बेहतर सेवाएँ पहुँचाने में सहायक हो सकते हैं। इसी प्रकार कृषि क्षेत्र में मौसम पूर्वानुमान, मृदा विश्लेषण, फसल प्रबंधन और आपूर्ति श्रृंखला के अनुकूलन में एआई किसानों की आय बढ़ाने और जोखिम कम करने का माध्यम बन सकता है। जलवायु परिवर्तन की चुनौती भी आज मानवता के सामने विकराल रूप में उपस्थित है। चरम मौसम की घटनाएँ, जल संकट और पर्यावरणीय असंतुलन विकास की गति को प्रभावित कर रहे हैं। एआई आधारित मॉडलिंग और डेटा विश्लेषण से प्राकृतिक आपदाओं का पूर्वानुमान, संसाधनों का बेहतर प्रबंधन और टिकाऊ नीतियों का निर्माण संभव है। यदि भारत इन क्षेत्रों में एआई का प्रभावी उपयोग करता है तो वह वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए एक मार्गदर्शक मॉडल प्रस्तुत कर सकता है। शासन और आर्थिक विकास के क्षेत्र में भी एआई पारदर्शिता, जवाबदेही और दक्षता बढ़ाने का माध्यम बन सकता है। सार्वजनिक सेवाओं के डिजिटलीकरण, भ्रष्टाचार पर अंकुश, नीति निर्माण में डेटा-आधारित निर्णय और वित्तीय समावेशन के विस्तार में एआई की महत्वपूर्ण भूमिका है। इससे न केवल प्रशासनिक प्रक्रियाएँ सरल होंगी, बल्कि नागरिकों का विश्वास भी मजबूत होगा। आर्थिक दृष्टि से एआई नवाचार, स्टार्टअप संस्कृति और विनिर्माण क्षेत्र में नई ऊर्जा भर सकता है, जिससे रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। किन्तु इस उजाले के साथ कुछ गहरी छायाएँ भी हैं। एआई के बढ़ते प्रभाव से रोजगार संरचना में परिवर्तन स्वाभाविक है। अनेक पारंपरिक नौकरियाँ समाप्त हो सकती हैं और नई कौशल-आधारित नौकरियों की माँग बढ़ेगी। यदि कौशल विकास और पुनर्प्रशिक्षण पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो असमानता और बेरोजगारी की समस्या गहरा सकती है। इसी प्रकार डेटा गोपनीयता, साइबर सुरक्षा, डीपफेक और निगरानी जैसे प्रश्न लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए चुनौती बन सकते हैं। तकनीक का दुरुपयोग सामाजिक विभाजन और सूचना के दुष्प्रचार को बढ़ा सकता है। इसलिए आवश्यक है कि एआई के विकास के साथ नैतिक ढाँचे और नियामक व्यवस्था भी सुदृढ़ हो। भारत को ऐसा मॉडल विकसित करना होगा जिसमें नवाचार की स्वतंत्रता और सामाजिक उत्तरदायित्व का संतुलन बना रहे। मानवता केंद्र में का सिद्धांत केवल नारा न बने, बल्कि नीति और व्यवहार में परिलक्षित हो। एआई का उपयोग यदि समावेशी विकास, लैंगिक समानता और सामाजिक न्याय के लिए किया जाए तो यह तकनीक समाज के कमजोर वर्गों के लिए अवसरों का द्वार खोल सकती है। वैश्विक परिप्रेक्ष्य में देखें तो चीन और अमेरिका एआई के क्षेत्र में तीव्र प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। भारत के सामने चुनौती है कि वह इस दौड़ में अपनी विशिष्ट पहचान बनाए। भारत का लोकतांत्रिक ढाँचा, विविध सांस्कृतिक पृष्ठभूमि और विशाल बाजार उसे एक अलग सामर्थ्य प्रदान करते हैं। यदि वह अनुसंधान में निवेश, स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के सुदृढ़ीकरण और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को प्राथमिकता दे तो वह एआई के क्षेत्र में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह सम्मेलन केवल विचारों का आदान-प्रदान नहीं, बल्कि भविष्य की संरचना का प्रारूप है। यहाँ से निकले संकल्प यदि नीति और क्रियान्वयन में रूपांतरित होते हैं।

## नये भारत की नई प्रहार नीति, आतंक के हर रूप से अब ऐसे निपटेगा भारत

**(नीरज कुमार दुबे)**

दस्तावेज में यह भी कहा गया है कि भारत आतंकवाद को किसी विशेष धर्म, जाति या राष्ट्रीयता से नहीं जोड़ता। लेकिन यह भी उतनी ही स्पष्टता से दर्ज किया गया है कि सीमा पार से प्रायोजित जिहादी आतंकी संगठन और उनके सहयोगी भारत के खिलाफ लगातार साजिशें रचते रहे हैं। भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने सोमवार को देश की पहली समग्र आतंक विरोधी नीति जारी करते हुए स्पष्ट कर दिया है कि अब आतंक के खिलाफ संघर्ष एक संगठित और आक्रामक ढांचे के तहत लड़ा जाएगा। इस नीति का नाम रखा गया है प्रहार। नाम ही संकेत दे रहा है कि यह नीति रक्षात्मक नहीं बल्कि प्रतिघात और प्रतिकार की सोच पर आधारित है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी दस्तावेज में साफ कहा गया है कि भारत को सीमा पार प्रायोजित आतंकवाद के साथ-साथ साइबर हमलों, ड्रोन के दुरुपयोग और उभरती तकनीकों के जरिये हो रहे हमलों का भी सामना करना पड़ रहा है। दस्तावेज में यह भी उल्लेख है कि अपराधी हैकर और कुछ राष्ट्र लगातार साइबर हमलों के जरिये भारत को निशाना बना रहे हैं। यह खतरा अब केवल बंदूक और बारूद तक सीमित नहीं रहा, बल्कि की-बोर्ड, कोड और क्रिप्टो वॉलेट तक फैल चुका है। नीति में यह रेखांकित किया गया है कि भारत जल, थल और नभ तीनों मोर्चों पर आतंकी खतरों से जूझ रहा है। बिजली, रेल, विमानन, बंदरगाह, रक्षा, अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्जा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की सुरक्षा क्षमता को मजबूत किया गया है ताकि राज्य और गैर राज्य तत्वों की साजिशों को विफल किया जा सके। यह स्पष्ट संकेत है कि अब आतंक के खिलाफ केवल घटनाओं के बाद कार्रवाई नहीं होगी, बल्कि रणनीतिक तैयारी पहले से की जाएगी। दस्तावेज में यह भी कहा गया है कि भारत आतंकवाद को किसी विशेष धर्म, जाति या राष्ट्रीयता से नहीं जोड़ता। लेकिन यह भी उतनी ही स्पष्टता से दर्ज किया गया है कि सीमा पार से प्रायोजित जिहादी आतंकी संगठन और उनके सहयोगी भारत के खिलाफ लगातार साजिशें रचते रहे हैं। अल कायदा और आईएसआईएस जैसे वैश्विक आतंकी संगठनों का नाम लेते हुए नीति में कहा गया है कि ये संगठन स्लीपर सेल के जरिये भारत में हिंसा भड़काने की कोशिश करते रहे हैं। विशेष चिंता का विषय ड्रोन और रोबोटिक तकनीक का दुरुपयोग है, खासकर पंजाब और जम्मू-कश्मीर जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों में। हथियार और मादक पदार्थ गिराने से लेकर आतंकी हमलों की साजिश तक, तकनीक का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। सोशल मीडिया, एन्क्रिप्शन टूल, डॉर्क वेब और क्रिप्टो वॉलेट के जरिये फंडिंग और प्रचार का नेटवर्क खड़ा किया जा रहा है। नीति इस डिजिटल युद्ध को पहचानते हुए सीबीआरएनईडी यानी रासायनिक, जैविक, विकिरण, परमाणु, विस्फोटक और डिजिटल सामग्री तक आतंकी पहुंच को रोकने की चुनौती पर जोर देती है। गृह मंत्रालय ने जांच की प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए हर स्तर पर कानूनी विशेषज्ञों को जोड़ने की सिफारिश की है ताकि एफआईआर से लेकर अभियोजन तक केस मजबूत बन सके। यह कदम आतंक के खिलाफ अदालतों में निर्णायक सजा सुनिश्चित करने की दिशा में अहम माना जा रहा है। कट्टरपंथ के मुद्दे पर भी नीति स्पष्ट है। अक्सर देखने में आता है कि आतंकी संगठन भारतीय युवाओं को बरगलाने की कोशिश करते हैं। ऐसे मामलों में चरणबद्ध पुलिस प्रतिक्रिया, कानूनी कार्रवाई और पुनर्वास कार्यक्रमों का प्रावधान किया गया है। समुदाय और धार्मिक नेताओं की भूमिका को भी रेखांकित करते हुए कहा गया है।

## आज का राशिफल

### मेष

आज का दिन आपको खास तौर पर सोच-समझकर कदम बढ़ाने की सलाह दे रहा है, खासकर व्यापार से जुड़े मामलों में। कोई भी फैसला लेने से पहले हर पहलू को ध्यान से देखना जरूरी रहेगा, परिवार में चल रही किसी चिंता, खासकर संतान के विवाह से जुड़ी समस्या, धीरे-धीरे सुलझती नजर आ सकती है, जिससे घर का माहौल हल्का होगा।

### वृष

आर्थिक दृष्टि से दिन संतोषजनक रहेगा और आपकी मेहनत का फल आपको साफ-साफ दिखाई देगा। घर में धार्मिक या आध्यात्मिक माहौल बनाने की इच्छा जाग सकती है और आप किसी पूजा या कार्यक्रम का आयोजन कर सकते हैं। बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखना जरूरी रहेगा, क्योंकि गलत संगति भविष्य में परेशानी खड़ी कर सकती है।

### कर्क

आज का दिन लाभ के अवसर लेकर आएगा, लेकिन जल्दबाजी से बचना जरूरी होगा। नौकरी या रोजगार की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी खबर मिल सकती है और मन में नई उम्मीद जागेगी। अपने कामों को योजना के साथ करना आपको सफलता की ओर ले जाएगा। किसी नए काम की शुरुआत का विचार मजबूत हो सकता है।

### सिंह

आज समृद्धि और प्रगति के संकेत मिल रहे हैं। धन और संसाधनों में बढ़ोतरी आपको मानसिक संतोष देगी। प्रभावशाली लोगों से मुलाकात भविष्य के नए अवसर खोल सकती है। अपनी सकारात्मक सोच और संतुलित दृष्टिकोण से आप परिस्थितियों का पूरा लाभ उठाएंगे। संपत्ति खरीदने या निवेश की योजना बन सकती है।

### मिथुन

आज मन थोड़ा उलझन और तनाव महसूस कर सकता है, खासकर यदि कोई कानूनी या औपचारिक मामला चल रहा है। कोशिश करें कि महत्वपूर्ण कामों में दूसरों पर निर्भर न रहें, क्योंकि आत्मनिर्भरता ही सफलता दिलाएगी। भविष्य को लेकर थोड़ी चिंता स्वाभाविक है।

### कन्या

आज कुछ चुनौतियां सामने आ सकती हैं, लेकिन आपकी आस्था और सकारात्मक सोच आपको संभाल लेगी। धर्म-कर्म या आध्यात्मिक गतिविधियों में मन लगेगा, जिससे मानसिक शांति मिलेगी। सेहत को नजरअंदाज करना परेशानी बढ़ा सकता है,इसलिए समय पर ध्यान दें।

### तुला

आज आप दूसरों की मदद और सामाजिक कार्यों के माध्यम से सम्मान और पहचान पा सकते हैं। लंबे समय से चल रही रुकावटें धीरे-धीरे खत्म होती नजर आएंगी और तरक्की का रास्ता साफ होगा। नौकरी में अपनी वाणी पर नियंत्रण रखना बेहद जरूरी होगा, क्योंकि शब्द ही आपके रिश्तों को मजबूत या कमजोर बना सकते हैं।

### वृश्चिक

आज का दिन उत्साह और सकारात्मकता से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ नए बदलाव करने का विचार आपके मन में आएगा और ये बदलाव आगे चलकर लाभदायक साबित हो सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई और प्रतियोगी तैयारी में पूरी लगन से जुटे रहेंगे। मौसम का असर सेहत पर पड़ सकता है, इसलिए लापरवाही न करें। परिवार में किसी शुभ आयोजन से घर में खुशियों की रौनक बढ़ेगी।

### मकर

आज हर काम में धैर्य और विवेक की जरूरत होगी, क्योंकि जल्दबाजी नुकसान पहुंचा सकती है। आपका प्रभाव और प्रतिष्ठा बढ़ेगी, जिससे आत्मविश्वास भी मजबूत होगा। संतान के प्रति आपका सहयोग और मार्गदर्शन सराहनीय रहेगा। जीवनसाथी के साथ समय बिताने या छोटी यात्रा का मौका मिल सकता है, जिससे रिश्ते में नयापन आएगा। नौकरी में पद या सम्मान बढ़ने से खुशी होगी।

### कुंभ

आज का दिन समझदारी और संतुलन के साथ आगे बढ़ने का संकेत दे रहा है। यदि व्यापार में आपका पैसा कहीं अटका हुआ था, तो उसके वापस मिलने की संभावना है, जिससे राहत मिलेगी। संतान के करियर को लेकर थोड़ी चिंता रह सकती है, लेकिन सही मार्गदर्शन से स्थिति बेहतर होगी। पिता या परिवार के वरिष्ठ सदस्य से कोई उपहार या शुभ समाचार मिल सकता है। काम के प्रति लापरवाही बिल्कुल न करें।

### धनु

आज का दिन परिश्रम और समर्पण का है, और आपकी मेहनत आपको अच्छे परिणाम देगी। जरूरतों और सुविधाओं पर खर्च बढ़ सकता है, लेकिन यह खर्च आपको संतोष देगा। प्रेम जीवन में मधुरता रहेगी और साथी के साथ बिताया गया समय रिश्ते को और गहरा करेगा। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और आत्मविश्वास बढ़ेगा।

### मीन

आज धैर्य और संतुलन ही आपकी सबसे बड़ी ताकत रहेगा। जीवनसाथी का सहयोग आपको भावनात्मक मजबूती देगा और रिश्ते में अपनापन महसूस होगा। वाहन चलाते समय सावधानी बरतना जरूरी रहेगा। कुछ अनचाहे खर्च सामने आ सकते हैं, जिन्हें टालना मुश्किल होगा, इसलिए बजट संभालकर चलें। परिवार में चल रही किसी बहस या गलतफहमी का अंत हो सकता है।

### सुडोकू पहेली — क्रमांक- 6017

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 6 | 9 | | | | | |
| 2 | | | | 8 | | | | 5 |
| | | | 1 | | 6 | 8 | | |
| | 2 | 7 | 4 | | 1 | | 9 | |
| | 1 | | | | | | 4 | |
| | 4 | | 2 | | 8 | 7 | 3 | |
| | | 2 | 8 | | 5 | | | |
| 1 | | | | 3 | | | | 6 |
| | | | | | 9 | 2 | 8 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6016

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 2 | 3 | 1 | 9 | 4 | 8 | 5 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 6 | 3 | 4 | 9 | 7 | 5 | 1 | 2 | 8 |
| 1 | 9 | 7 | 8 | 3 | 2 | 5 | 6 | 4 |
| 2 | 5 | 8 | 4 | 6 | 1 | 3 | 7 | 9 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 1 | 9 | 6 | 4 | 3 | 2 | 5 | 7 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 9 | 3 | 1 |

### वर्ग पहेली 6017

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | ■ | 4 | 5 | 6 |
| 7 | | | ■ | 8 | | | |
| 9 | | | | | | | |
| ■ | 10 | | ■ | | ■ | 11 | 12 |
| 13 | ■ | 14 | 15 | | ■ | ■ | |
| 16 | 17 | ■ | 18 | | 19 | ■ | |
| 20 | | 21 | ■ | ■ | 22 | 23 | |
| 24 | | | ■ | 25 | ■ | 26 | |

**संकेत: बाएं से दाएं**

1. यह अंतरजाल पर स्थित एक निशुक्ल सामाजिक नेटवर्किंग सेवा है (4)
4. मुगल शासक शेरशाह का असली नाम यह था, उसे शेर खां की उपाधि बहार खां लोहानी ने दी थी (3)
7. आसमान, गगन, अंबर, आकाश (3)
8. पुरूषोत्तम मास, अधिमास (4)
9. स्वास्थ्य, तंदुरूस्ती (3)
10. कैदखाना, बंदीगृह, कारागृह (2)
11. फल आदि के अंदर का गुद्गुदा भाग, किसी चीज के अंदर का गोला गाढ़ा सार भाग, मज्जा (2)
14. मन प्रसन्न करने की क्रिया, क्रीड़ा, विलास (3)
16. दो की संख्या, निग्रह (2)
18. तनने की क्रिया, खिंचाव, द्वेष (3)
20. ग्राम, गांव (3)
22. मुर्गे आदि पक्षी के सिर पर निकला हुआ बालों का गुच्छा (3)
24. वन में उत्पन्न वस्तु (3)
25. संगीत का ऋषभ सूचक शब्द (1)
26. धातु को पीट और खींचकर बनाया गया तागा या तुंत, टेलीग्राम (2)

**ऊपर से नीचे**(2)

1. श्वसन तंत्र संबंधित एक अंग (3)
2. सिलवट, सिकुडन, ऐंठ (2)
3. पुस्तक विक्रेता को अंग्रेजी में यह कहते है (5)
4. नतीजा, परिणाम, कर्मो का भोग (2)
5. एक दिवंगत चरित्र अभिनेत्री (4)
6. दो अंकों की सबसे छोटी संख्या (2)
8. मतों की गिनती (5)
12. आंचल या पल्ला पकड़ने वाला (5)
13. सुप्रसिद्ध कृति गीत-गोविंद के रचयिता (4)
15. राय, दार्शनक प्रणाली, वोट, अभिप्रेत (2)
17. विशाल, श्रेष्ठ, बहुत बड़ा (3)
19. बगला नामक पक्षी को यह भी कहते है (2)
21. दारचीनी जाति का एक वृक्ष जिसकी छाल औषधि बनाने की काम आती है (2)
23. कोमल कांड, सुंदर स्त्री, सुप्रसिद्ध स्वर साम्राज्ञी (सिर्फ आरंभिक नाम) (2)

### वर्ग पहेली 6016 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्पे | न | ■ | अ | ज | ■ | ■ | ■ |
| श | म | क | ■ | ल | ह | रा | ना |
| ल | क | वा | ■ | ज | य | मा | ला |
| ■ | ह | य | शा | ला | ■ | नु | ■ |
| फौ | ला | द | ■ | ■ | मा | ज | रा |
| ज | ल | ■ | अ | म | न | ■ | शि |
| ■ | ■ | बा | जा | ■ | हा | थ | ■ |
| प्र | ज | न | न | ■ | नि | ल | य |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# वॉकिंग क्रिकेट, खिलाड़ियों को मिल रहा 'बैजबॉल' का मजा

- बैटर आउट होने के बाद भी खेलता रहता है, आधा रन लेने की छूट

### ब्रिटेन में 87 की उम्र तक के लोग खेल रहे

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने एक बार 'बैजबॉल' को परिभाषित करते हुए कहा था कि यह खेल को वैसे खेलने की कोशिश है, जैसा हमने बचपन में कल्पना की थी- रोमांचक, तेज और मजेदार। दिलचस्प बात यह है कि इस सोच की सबसे सजीव और भावुक झलक अब इंग्लैंड के लीजर सेंटरों और खेल के मैदानों पर दिख रही है, जहां 50 से 87 साल तक के लोग 'वॉकिंग क्रिकेट' के जरिए खेल का नया आनंद ले रहे हैं।



वॉकिंग क्रिकेट सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि अकेलेपन के खिलाफ प्रभावी हथियार है। केंट क्रिकेट कम्युनिटी ट्रस्ट की प्रोजेक्ट ऑफिसर एमी इलिज के अनुसार, हर काउंटी में इसकी टीमें फल-फूल रही हैं। लॉर्ड्स के इंडोर स्कूल में पहला इंटर-काउंटी वॉकिंग क्रिकेट फेस्टिवल आयोजित हुआ, जिसने इसकी बढ़ती लोकप्रियता पर मुहर लगा दी। केंट के फोकस्टोन स्थित थ्री हिल्स स्पोर्ट्स सेंटर में वॉकिंग क्रिकेट सिर्फ खेल नहीं, सामुदायिक जुड़ाव का मंच बन चुका है। यहां 87 वर्ष तक के खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं। सुनने में दिक्कत, डिमेंशिया या गतिशीलता संबंधी समस्याओं से जूझ रहे लोग भी बिना झिझक मैदान में उतरते हैं। आधा रन लेने जैसी छूट इसे और रोचक बनाती है। इस खेल ने कई जिंदगियों को नई दिशा दी है। 62 वर्षीय कप्तान मार्क कहते हैं कि यहां प्रतिभा से ज्यादा भागीदारी और खुशी मायने रखती है। साल 2022 में दोनों घुटनों के ऑपरेशन के बाद ग्राहम दो स्टिक के सहारे चलते थे।

### क्या है वॉकिंग क्रिकेट और नियम

जैसा कि नाम से ही स्पष्ट है, इस खेल में दौड़ने की सख्त मनाही है। यह क्रिकेट का एक धीमा, सुरक्षित और सरल प्रारूप है, जिसे विशेष रूप से बुजुर्गों और चलने-फिरने में परेशानी (मोबिलिटी इश्यूज) का सामना कर रहे लोगों के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें चोट के जोखिम को कम करने के लिए लेदर बॉल की जगह सॉफ्ट बॉल और अक्सर प्लास्टिक के उपकरणों का इस्तेमाल किया जाता है। गेंदबाज चलकर गेंद फेंकता है, फील्डर चलकर गेंद पकड़ते हैं और बल्लेबाज रन लेने के लिए दौड़ता नहीं, बल्कि चलता है। सबसे मजेदार नियम यह है कि बल्लेबाज आउट होने के बाद भी खेलता रहता है, बस गेंदबाज टीम को बोनस के रूप में पांच रन मिल जाते हैं।

# अर्शदीप सिंह ने टी20 विश्व कप में रचा इतिहास

### सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बने



**चेन्नई (तमिलनाडु) (एजेंसी)।** भारतीय तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह गुरुवार को जसप्रीत बुमराह को पीछे छोड़कर आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप इतिहास में देश के सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। अर्शदीप ने यह उपलब्धि (35 विकेट) चेन्नई में जिम्बाब्वे के खिलाफ अपनी टीम के करो या मरो वाले मैच के दौरान हासिल की और इस अहम मैच में अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन करते हुए चार ओवर में 3/24 विकेट लिए।

अर्शदीप ने 2022 टी20 वर्ल्ड कप में अपने डेब्यू के बाद से 19 मैचों में 14.25 के औसत और 7.33 के इकॉनमी रेट से 35 विकेट लिए हैं, जिसमें उनके नाम एक इनिंग में 4 विकेट भी शामिल हैं। बुमराह पहले भारत के लिए सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज़ थे जिन्होंने 23 मैचों में 14.00 के औसत से 33 विकेट लिए थे, जिसमें उनका बेस्ट प्रदर्शन 3/7 था। बांग्लादेश के शाकिब अल हसन (50 विकेट) टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

# सिकंदर रजा ने नया कीर्तिमान स्थापित किया

### ये डबल रिकॉर्ड बनाने वाले फुल मेंबर देश के पहले खिलाड़ी बने



**चेन्नई (एजेंसी)।** जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने टी-20 क्रिकेट मैचों में नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। रजा 3000 रन और 100 विकेट पूरे करने वाले फुल-मेंबर देश के पहले क्रिकेटर बन गए हैं। रजा ने गुरुवार को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में टी20 वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ सुपर आठ मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। ??इस अनुभवी ऑलराउंडर ने मैच में अपना 15वां रन बनाते ही 3000 रन का आंकड़ा पार कर लिया, और टी-20 में यह आंकड़ा पार करने वाले कुल 14वें खिलाड़ी बन गए। इस 39 वर्षीय खिलाड़ी ने 2013 में अपना टी-20 डेब्यू किया था और 132वें मैच में यह उपलब्धि हासिल की। उनके नाम अब 132 मैचों (127 पारियों) में 26.22 की औसत और 136 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 3016 रन हैं। उनके नाम एक शतक और 16 अर्धशतक शामिल हैं। गेंद के साथ रजा ने 23.94 की औसत से 104 विकेट लिए हैं जिसमें 2 बार चार विकेट और एक बार पांच विकेट हॉल शामिल हैं। रजा टी-20 में 3000 रन और 100 विकेट का डबल हासिल करने वाले कुल मिलाकर दूसरे खिलाड़ी हैं उनसे पहले मलेशिया के वीरनदीप सिंह यह कमाल किया था।

# कर्नाटक पहली पारी में 293 रन पर ऑलआउट

### रणजी ट्रॉफी

**हुबली (एजेंसी)।** रणजी ट्रॉफी फाइनल में जम्मू-कश्मीर ने कर्नाटक पर मजबूत पकड़ बना ली है। दोनों टीमों के बीच 2025-26 सीजन का फाइनल हुबली क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जा रहा है। शुक्रवार को चौथे दिन के पहले सेशन में कर्नाटक की टीम 293 रन पर सिमट गई। जम्मू कश्मीर ने पहली पारी में 584 रन बनाए। इस तरह को 291 रन की बढ़त मिली।

**जम्मू-कश्मीर को 291 रन की बढ़त मिली**

**मयंक अग्रवाल ने 160 रन बनाए-** कर्नाटक ने आज सुबह 220/5 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टीम ने 73 रन बनाए और आखिरी 5 विकेट गंवा दिए। टीम के लिए इस पारी में मयंक अग्रवाल ने शतक लगाया है। वे तीसरे दिन 130 रन बनाकर नाबाद थे। हालांकि चौथे दिन के खेल के दौरान वह 160 रन बनाकर आउट हो गए। उनके आउट होने के बाद कर्नाटक की बल्लेबाजी लड़खड़ा गई और पूरी टीम 293 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

**नबी ने 5 विकेट लिए-** जम्मू-कश्मीर की ओर से आकिब नबी ने सबसे ज्यादा 5 विकेट लिए। उन्होंने 23 ओवर में 54 रन देकर 5 विकेट झटके। नबी ने केएल राहुल (13), करुण नायर (0), स्मरण रविचंद्रन (0), मयंक अग्रवाल (160) और शिखर शेट्टी (0) के विकेट लिए।

**तीसरे दिन जम्मू 584 पर ऑलआउट-** रणजी ट्रॉफी फाइनल के तीसरे दिन जम्मू-कश्मीर ने कर्नाटक पर मजबूत पकड़ बना ली है। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक कर्नाटक ने 220 रन बनाने में 5 विकेट गंवा दिए। जम्मू कश्मीर ने पहली पारी में 584 रन बनाए। इस तरह कर्नाटक अब भी 364 रन से पीछे है।



**दूसरे दिन जम्मू-कश्मीर का स्कोर 527/6-** बुधवार को दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक जम्मू-कश्मीर ने 6 विकेट खोकर 527 रन बना लिए। साहिल लोत्रा 57 रन और आबिद मुश्ताक 20 रन पर नाबाद। कर्नाटक के लिए प्रसिद्ध कृष्णा ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए।

**पहले दिन शुभम पुंदीर ने शतक लगाया-** पहले दिन जम्मू-कश्मीर के लिए शुभम पुंदीर ने शतक लगाया था। उन्होंने 121 रन की पारी खेली। उनके अलावा ओपनर यावर हसन ने 88 रन बनाए थे। पहले दिन टीम ने 2 विकेट के नुकसान पर 284 रन बनाए थे। दोनों विकेट प्रसिद्ध ने झटके थे। यावर हसन और शुभम पुंदीर (दाएं) के बीच दूसरे विकेट के लिए 139 रन की साझेदारी हुई।

# टी-20 वर्ल्ड कप के बीच क्रिकेटर रिंकू सिंह पर टूटा दुखों का पहाड़, पिता का हुआ निधन

### हुआ अंतिम संस्कार, बड़े भाई ने दी मुखाग्नि

**अलीगढ़ (एजेंसी)।** क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता खानचंद सिंह का शुक्रवार सुबह करीब 4.36 बजे निधन हो गया। वे 60 साल के थे। उन्हें फोर्थ स्टेज लिवर कैंसर था। कुछ दिन पहले उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई थी, जिसके बाद उन्हें अलीगढ़ से ग्रेटर नोएडा के प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था।

वहां उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया था। पार्थिव शरीर को अलीगढ़ ले आया गया। रिंकू टी-20 वर्ल्ड कप छोड़कर चेन्नई से अलीगढ़ अपने घर पहुंचे। पिता की अर्थी को कंधा दिया। अंतिम यात्रा के बाद शंकर विहार स्थित श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। बड़े बेटे सोनू ने पिता को मुखाग्नि दी।

भारतीय क्रिकेट के उभरते हुए सितारे रिंकू सिंह के लिए यह समय बेहद कठिन साबित हो रहा है। एक तरफ जहां पूरा देश टी20 वर्ल्ड कप 2026 के रोमांच में डूबा है, वहीं रिंकू के घर से एक हृदयविदारक खबर सामने आई है।

भारतीय क्रिकेट के उभरते हुए सितारे रिंकू



सिंह के लिए यह समय बेहद कठिन साबित हो रहा है। एक तरफ जहां पूरा देश टी20 वर्ल्ड कप 2026 के रोमांच में डूबा है, वहीं रिंकू के घर से एक हृदयविदारक खबर सामने आई है। लंबे समय से गंभीर बीमारी से जूझ रहे उनके पिता, खानचंद्र सिंह, अब इस दुनिया में नहीं रहे। लिवर कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से लड़ते हुए उन्होंने ग्रेटर नोएडा के यथार्थ अस्पताल में आखिरी सांस ली।

- **मैदान और अस्पताल के बीच झूलते रहे रिंकू** – रिंकू सिंह के लिए यह वर्ल्ड कप केवल बल्ले की जंग नहीं, बल्कि एक भावनात्मक संघर्ष भी था। उनके पिता स्टेज-4 लिवर कैंसर से पीड़ित थे और उनकी हालत काफी नाजुक बनी हुई थी। अस्पताल में उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया था। जब रिंकू को उनकी बिगड़ती सेहत की जानकारी मिली, तो वह तुरंत वर्ल्ड कप का कैंप छोड़कर अपने परिवार के पास पहुंचे थे। हालांकि, अपने पेशेवर कर्तव्य और पिता के सपनों को पूरा करने के जुनून के बीच, वह जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच से ठीक पहले वापस टीम के साथ जुड़ गए थे।
- **जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच से दूरी और टीम में बदलाव** – जिम्बाब्वे के साथ हुए मुकाबले में रिंकू सिंह मैदान पर नजर नहीं आए। मानसिक तनाव और अभ्यास की कमी के चलते उन्हें प्लेइंग इलेवन में शामिल नहीं किया गया था। उनकी जगह संजू सैमसन को मौका मिला, जिन्होंने 22 रनों की उपयोगी पारी खेलकर टीम की जीत में योगदान दिया। भारत ने यह मैच जीतकर सेमीफाइनल की अपनी उम्मीदों को बरकरार रखा है, लेकिन टीम की इस खुशी के बीच रिंकू के पिता के निधन की खबर ने खिलाड़ियों और फैंस को गमगीन कर दिया है।

# ऑस्ट्रेलिया को लगा झटका, कप्तान सोफी मोलिनक्स भारत के खिलाफ सीरीज से बाहर

**होबार्ट (ऑस्ट्रेलिया) (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया महिला टीम की सभी प्रारूपों की कप्तान सोफी मोलिनक्स पीठ की दिक्कत की वजह से भारत के खिलाफ



बाकी बहु-प्रारूप सीरीज से बाहर हो गई हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार 28 साल की ऑलराउंडर होबाट में दूसरे महिला एकदिवसीय मैच में पीठ के निचले हिस्से में दर्द के कारण नहीं खेल पाई। मोलिनक्स ब्रिस्बेन में सीरीज के पहले मैच में खेली थीं, जिसमें उन्होंने पांच ओवर गेंदबाजी की और 17 रन देकर एक विकेट लिया था।

इस चोट की वजह से अगले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में उनका खेलना मुश्किल हो सकता है, क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने इशारा किया है कि सीरीज से पहले उनकी फिटनेस पर नजर रखी जाएगी। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने, मोलिनक्स को ऑस्ट्रेलिया का ऑल-फॉर्मेट कैप्टन बनाया गया था, जो एलिसा हीली की जगह लेंगी, जो भारत सीरीज के आखिर में संन्यास लेने वाली हैं।

मोलिनक्स ने भारत के खिलाफ तीन टी-20 में टीम की अगुवाई की थी, जिसमें हीली नहीं खेली थीं, और वह ऑस्ट्रेलिया की इस महान खिलाड़ी की जगह उनके आखिरी इंटरनेशनल मैच, एकमात्र टेस्ट में लेंगी। टॉस के समय, हीली ने फॉक्स क्रिकेट से कहा, सोफी मोलिनक्स की आज की खबर सबके लिए थोड़ी चौंकाने वाली और उनके लिए निराशाजनक थी। उम्मीद है कि हम उन तीनों (एलिस पेरी और किम गार्थ भी घायल हैं) को संभाल पाएंगे और उन्हें आगे बढ़ने के लिए जरूरी प्यार दे पाएंगे।

उनकी गैरमौजूदगी में ऑस्ट्रेलिया के पास दो उप-कप्तानों एश्ले गार्डनर और ताहलिया मैकग्रा में से किसी एक को कमान सौंपने का विकल्प है। उल्लेखनीय है कि मोलिनक्स को पहले भी कई चोटें लगी हैं, वह पैर की चोट के कारण 2022 एशेज और एकदिवसीय विश्वकप से बाहर रहीं और उस साल कॉमनवेल्थ गेम्स में भी नहीं जा सकीं।

# भारत ने दूसरा सबसे बड़ा टोटल बनाया

- एक इनिंग में हाईएस्ट सिक्स भी लगाए, दोनों टीमों ने मिलकर 440 रन बनाए

**चेन्नई (एजेंसी)।** गुरुवार को टीम इंडिया ने टी-20 वर्ल्ड कप का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया। इसी के साथ एक पारी में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम दर्ज कर लिया। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेले गए इस हाई-स्कोरिंग मुकाबले में दोनों टीमों ने मिलकर 440 रन बनाए। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 256 रन बनाए। जवाब में जिम्बाब्वे ने भी दम दिखाया, लेकिन टीम 20 ओवर में 6 विकेट पर 184 रन ही बना सकी। भारत ने मैच 72 रन से अपने नाम किया।

**भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप का दूसरा सबसे बड़ा टोटल बनाया-** भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप



का दूसरा सबसे बड़ा टोटल बना दिया। टीम ने 4 विकेट खोकर 256 रन बना डाले। भारत से आगे सिर्फ श्रीलंका है, जिसने 2007 में केन्या के खिलाफ 260 रन बनाए थे।

**भारत ने एक टी-20 वर्ल्ड कप इनिंग में 17 सिक्स लगाए-** भारत ने 17 सिक्स लगाए, जो किसी एक वर्ल्ड कप पारी में टीम के सबसे ज्यादा सिक्स हैं। इससे पहले भारत ने 2024 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 15 सिक्स लगाए थे। मौजूदा टूर्नामेंट में भारत अब तक 63 छक्के लगा चुका है, जो किसी एक एडिशन में उसका बेस्ट प्रदर्शन भी है। इस मामले में सिर्फ वेस्टइंडीज (66) भारत से आगे है।

# भारतीय मूल के पूर्व हॉकी खिलाड़ी फारूक मैरिकन का निधन

**सिंगापुर (एजेंसी)।** सिंगापुर के भारतीय मूल के पूर्व हॉकी खिलाड़ी और मैनेजर फारूक मैरिकन अली का निधन हो गया। वह 80 बरस के थे। देश के खेल समुदाय ने अली के निधन पर दुख जताया जो हॉकी को 'जीते थे' और अपने खिलाड़ियों का बहुत ख्याल रखते थे। फारूक के परिवार में 68 साल की पत्नी जैसिंटा एरियोला और 42 साल की बेटी शाईन मैरिकन हैं। मीडिया खबर के मुताबिक उनके परिवार ने मौत का कारण नहीं बताया। दिग्गज पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ फारूक डिफेंडर की भूमिका में खेलते थे और 1968 से 1971 तक राष्ट्रीय टीम के लिए खेले। उन्होंने 1982 से 2000 के दशक तक सिंगापुर की पुरुष टीम के मेनेजर की भूमिका निभाई। इस समाचार पत्र से जुड़े रहे पूर्व पत्रकार हकीकत राय ने कहा कि फारूक हमेशा अपने जानने वाले लोगों के साथ दरियादिल रहते थे और वह अपने खिलाड़ियों की बहुत परवाह करते थे। राय ने कहा, फारूक इस खेल के अच्छे जानकार थे। वह क्लब और राष्ट्रीय स्तर पर खेले। उन्हें खेल और नवीनतम ट्रेनिंग तरीकों की गहरी समझ थी।

# अर्जेंटीना में होगी संग्राम सिंह की एमएमए फाइट, फ्रांस के युवा फाइटर से मुकाबला

**नई दिल्ली** (एजेंसी)।एमएमए खेल आइकन संग्राम सिंह के अर्जेंटीना की जमीन पर अपनी अगली फाइट की खबर के साथ ही वहां समुराई फाइट हाउस के अध्यक्ष मार्टिन पाकसियार्ज का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स के टाइग्रे इलाके में रविवार, पांच अप्रैल को उनका फ्रांस के युवा फाइटर मौटेऊ मोंटेइरो से होने वाला मुकाबला मुख्य आकर्षण रहने वाला है, जहां युवा जोश और जुनून के बीच कड़ी टक्कर होने की उम्मीद है। संग्राम सिंह इस दिन एमएमए के समुराई फाइट हाउस 28 (एसएफएच 28) के मुख्य मुकाबले में उतरने वाले हैं। किसी भारतीय एमएमए फाइटर का अर्जेंटीना की धरती पर फाइट करने का यह पहला मौका होगा।

**अर्जेंटीना से आया संग्राम पर बड़ा बयान** –मार्टिन पाकसियार्ज ने कहा कि जॉर्जिया और नीदरलैंड के एम्सटडर्म में संग्राम ने एमएमए की कला में जो जलवा दिखाया है, उससे अर्जेंटीना के लोगों में उनको लेकर जबरदस्त उत्साह है। वहां के लोग यह भी जानने को उत्सुक हैं कि जहां मिट्टी और गद्दे की कुश्ती खूब चर्चा का विषय बनती हो, वहां से इन दोनों तरह की कुश्ती करने वाले संग्राम सिंह ने एमएमए में कैसे अपनी विशिष्ट पहचान बनाई



और उम्र के 40 के पड़ाव को पार करने के बाद भी कोई कैसे एमएमए में सफलता के झंडे गाड़ सकता है। वह भारत में इस खेल के एम्बेसडर हैं। उनकी इस फील्ड में कामयाबी से भारत में भी इस खेल को अलग पहचान मिली है। अर्जेंटीना में संग्राम सिंह की मौजूदगी मील का पत्थर साबित होने वाली है।

**मैट का अनुभव काम आया** -- पूर्व प्रोफेशनल रेसलर से मिक्स्ड मार्शल आर्ट के फाइटर बने संग्राम सिंह ने कहा कि जब उन्होंने एमएमए की शुरुआत की तो हर किसी ने इस बात को लेकर हैरानगी जाहिर की थी कि रेसलिंग और एमएमए अलग दुनिया हैं लेकिन उन्हें विश्वास था कि मैट पर सीखा गया अनुशासन, फिटनेस और योद्धा की तरह जुझारूपन से वह एमएमए के मंच पर भी खुद को साबित करने में सफल रहेंगे। उनके हर मुकाबले से उनकी खेल कौशल (स्किल) में सुधार हुआ है।

**अब तक का सबसे बड़ा मंच** – संग्राम सिंह ने कहा कि नीदरलैंड और जॉर्जिया की फाइट ने उन्हें पहले से ज़्यादा मैच्योर और संपूर्ण फाइटर बनाने में मदद की है और अब अर्जेंटीना उनके सफर का अगला पड़ाव है, जहां वह अर्जेंटीनावासियों के दिल जीतने के अलावा अपने जीत के क्रम को बरकरार रखने के प्रति कृतसंकल्प हैं।

## न्यूज बाइट्स

### 1084 छात्र-छात्राओं को खिलाई गई फाइलेरिया की दवा

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** अरथुआ इंजीनियरिंग कॉलेज में शुक्रवार को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान चलाया गया, जिसके तहत कॉलेज के 1084 छात्र-छात्राओं को फाइलेरिया से बचाव की दवा की खुराक दी गई। यह कार्यक्रम कॉलेज प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त सहयोग से आयोजित किया गया। अभियान कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रशांत मणि और असिस्टेंट प्रोफेसर विजेता सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। पिरामल जिला कोऑर्डिनेटर जितेंद्र कुमार और सृष्टि मालाकार की देखरेख में आशा कार्यकर्ताओं ने सभी छात्र-छात्राओं को फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराया। अभियान के दौरान विद्यार्थियों को फाइलेरिया रोग के कारण, लक्षण और बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि नियमित रूप से दवा सेवन और स्वच्छता बरतने से इस बीमारी की रोकथाम संभव है। इस अवसर पर सुपरवाइजर सुनील कुमार दीप, आशा फैसिलिटेटर सावित्री कुमारी और प्रतिमा देवी उपस्थित रहीं। इनके साथ आशा कार्यकर्ता मीना देवी, रंजू कुमारी, कंचन कुमारी, रीना देवी, आशा देवी, सुमित्रा देवी, कलावती कुमारी, सोनी कुमारी और मालती देवी सहित कई अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए सामूहिक दवा सेवन अभियान बेहद महत्वपूर्ण है और इससे जिले को इस बीमारी से मुक्त करने में मदद मिलेगी।

### होलिका दहन को लेकर अग्निशमन विभाग की बैठक

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** औरंगाबाद जिले के रफीगंज में आगामी होलिका दहन को सुरक्षित और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से अग्निशमन विभाग ने जागरूकता अभियान चलाया। इसी क्रम में शुक्रवार को रफीगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रखंड प्रमुख कार्यालय में जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में होलिका दहन के दौरान बरती जाने वाली सुरक्षा सावधानियों, संभावित अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। विभाग की ओर से अपील की गई कि होलिका दहन खुले एवं सुरक्षित स्थानों पर ही किया जाए, ताकि आग फैलने की आशंका न रहे। बड़े स्थलों पर अग्निशमन वाहन की गश्ती व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए विभागीय आपातकालीन नंबर और आवश्यक सुरक्षा दिशा-निर्देश साझा किए गए। बैठक में अग्निशमन प्रभारी मुन्ना कुमार, अग्निक अभय कुमार निराला, सौरभ कुमार, अग्निक चालक नीरज कुमार, रामनाथ कुमार, प्रखंड प्रमुख गीता सिंह, सुनैना देवी, अंजू देवी, मुकेश कुमार, महेंद्र यादव, उपेंद्र यादव, दीपक कुमार, रामचंद्र प्रसाद, लक्ष्मी साव तथा उप प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अग्निशमन विभाग ने आमजन से अपील की है कि होलिका दहन के दौरान सतर्कता बरतें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत विभाग से संपर्क करें।

# पांच केंद्रों पर इंटर कॉपियों की जांच शुरू, दो मार्च से मैट्रिक मूल्यांकन

- केंद्रों के 200 गज में धारा 144 लागू

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**




जिले में इंटरमीडिएट परीक्षा की उत्तर-पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुक्रवार से शुरू हो गया है। शहर के पांच केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कॉपियों की जांच की जा रही है। इंटर का मूल्यांकन 10 मार्च तक चलेगा, जबकि 2 मार्च से जिले के छह केंद्रों पर मैट्रिक परीक्षा की उत्तर-पुस्तिकाओं की जांच भी प्रारंभ होगी। मूल्यांकन कार्य बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जा रहा है। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में कॉपियों की जांच हो रही है। मूल्यांकन कक्ष में मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। केवल डायरेक्टर और स्टैटिक मजिस्ट्रेट को ही मोबाइल रखने की अनुमति दी गई है।

केंद्रों के 200 गज की परिधि में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 लागू कर दी गई है। अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक है। विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंडाधिकारी के साथ पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। बोर्ड ने स्टेप-वाइज मार्किंग का निर्देश दिया है, ताकि परीक्षार्थियों को प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के अनुसार उचित अंक मिल सके। उत्तर-पुस्तिकाएं पूरी तरह बारकोडेड हैं, जिससे परीक्षार्थियों की पहचान गोपनीय बनी रहे। मार्क्स फाइल और अवार्ड शीट पर व्हाइटनर, ओवरराइटिंग या कटिंग पूरी तरह वर्जित है।

शहर के एसएस सिन्हा कॉलेज, आरएलएसवाई कॉलेज और केएसएम कॉलेज को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। एसएस सिन्हा कॉलेज और केएसएम कॉलेज में दो-दो केंद्र संचालित हो रहे हैं। रोजाना सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक कॉपियों की जांच की जा रही है। निर्धारित कार्य पूरा नहीं होने की स्थिति में परीक्षकों को शाम 6 बजे तक रुकना होगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि इंटर और मैट्रिक का मूल्यांकन अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है। सभी परीक्षक, प्रधान परीक्षक, एमपीपी, मेकर, चेकर और सुपरवाइजर को 26 फरवरी को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

# डीएम के जनता दरबार में 62 परिवादियों की सुनी गई शिकायतें, समयबद्ध निष्पादन के निर्देश

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने "सबका सम्मान – जीवन आसान" पहल के तहत जनता दरबार का आयोजन किया, जिसमें कुल 62 परिवादियों की शिकायतें सुनी गईं। आम नागरिकों ने विभिन्न विभागों से जुड़े आवेदन प्रस्तुत कर अपनी समस्याओं के समाधान की मांग की। जनता दरबार में दाखिल-खारिज, अतिक्रमण हटाने, पैक्स से संबंधित मामले, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, जमाबंदी, शस्त्र स्थानांतरण, इंदिरा आवास, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, भूमि मापी, अवैध कब्जा, विद्यालय भवन निर्माण, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, अनुग्रह अनुदान तथा माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन सहित कई जनहित से जुड़े विषय सामने आए। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक परिवाद का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और न्यायसंगत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी मामलों की नियमित समीक्षा की जाएगी और परिवादियों को प्रगति की जानकारी समय पर दी जाएगी।

प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि शिकायतों का निपटारा निर्धारित समय-सीमा के भीतर हो और किसी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो। प्रमुख मामलों में सत्येंद्र यादव द्वारा भूमि विवाद, सुनीता कुमारी द्वारा अनुग्रह अनुदान भुगतान, हरेंद्र यादव द्वारा भूमि मापी, जयराम पांडे द्वारा भूमि दखल-कब्जा, बबन राम द्वारा विद्यालय भवन निर्माण, सकलदीप राम द्वारा नल-जल योजना की मरम्मत, सुनील कुमार खेसारी द्वारा अतिक्रमण मुक्त कराने, राजू रंजन सहाय द्वारा इंदिरा आवास, प्रमोद कुमार द्वारा शस्त्र स्थानांतरण तथा विनोद चौधरी द्वारा नाली-गली निर्माण से संबंधित आवेदन शामिल रहे। जिला प्रशासन ने दोहराया कि जनता दरबार का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है।

### शिव मंदिर में शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा के लिए गाजे-बाजे के साथ निकली जलयात्रा

**रफीगंज(औरंगाबाद)(नि.सं.)।** रफीगंज के कासमा थाना क्षेत्र में ढुग्गुल पंचायत के ढुआरी गांव मे नवनिर्मित शिव मंदिर में शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा के लिए शुक्रवार को गाजे-बाजे के साथ जलयात्रा निकाली गई। जलयात्रा ढुआरी गांव से कासमा-मदनपुर पथ होते हुए कासमा बाजार के पास जयकारा लगाती धावा नदी के महादेव स्थान पहुंची।

## उत्पाद कोर्ट ने दो अवैध शराब कारोबारियों को सात वर्ष सश्रम कारावास की सज़ा सुनाई




**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद के स्पेशल उत्पाद कोर्ट-2 ने शुक्रवार को जम्होर थाना कांड संख्या-170/21, जीआर-1547/21, एटीआर-2900/22 में सुनवाई पूरी करते हुए दो अभियुक्तों को बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद (संशोधित) अधिनियम के तहत दोषी ठहराया। अदालत ने दोनों को सात वर्ष के सश्रम कारावास तथा एक-एक लाख रुपये अर्थदंड की सज़ा सुनाई। जुर्माना अदा नहीं करने की स्थिति में छह माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

स्पेशल पीपी कुमार योगेंद्र नारायण सिंह ने बताया कि अभियुक्त विपिन कुमार यादव (जहुरी बिगहा, दाउदनगर) और नंदकिशोर कुमार (करमाकला, दाउदनगर) को बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम की धारा 30(ए) के तहत दोषी पाया गया। सज़ा सुनाए जाने के बाद दोनों के बंधपत्र विखंडित कर उन्हें जेल भेज दिया गया। उत्पाद विभाग के सरकारी अधिवक्ता राजीव रंजन सिंह ने बताया कि 5 नवंबर 2021 को पुलिस ने बड़वा मोड़ के पास वाहन जांच के दौरान एक फोरव्हीलर से 352 लीटर अवैध देशी शराब और 18.75 लीटर विदेशी शराब बरामद की थी। इसी मामले में दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया था।

अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर अदालत ने अभियोजन पक्ष की दलीलों को स्वीकार करते हुए दोष सिद्ध किया। निर्णय को शराबबंदी कानून के कड़ाई से अनुपालन की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## आईजी ने देवजरा मॉडल थाना भवन का किया उद्घाटन अतिनक्सल प्रभावित क्षेत्र में मिलेगी मजबूती

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



अतिनक्सल प्रभावित रहे देवजरा क्षेत्र में बहुप्रतीक्षित मॉडल थाना भवन का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद उसे औपचारिक रूप से जिला पुलिस को हस्तांतरित कर दिया गया। मगध रेंज की आईजी क्षत्रनिल ने फीता काटकर, नारियल फोड़कर और पूजा-अर्चना के साथ नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। पूजा विधि पंडित मिथलेश पाठक ने संपन्न कराई। करीब चार करोड़ रुपये की लागत से बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम द्वारा निर्मित इस आधुनिक थाना भवन को सहायक अभियंता शुभम कुमार और कनीय अभियंता गोरे लाल राजवंश ने जिला पुलिस प्रशासन को हैंडओवर किया। उद्घाटन के दौरान आईजी को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। आईजी क्षत्रनिल ने कहा कि जिले के नवस्थापित आंजन थाना, देवजरा थाना और देव प्रखंड के कंचनपुर थाना में अब विधिवत पुलिसिंग शुरू हो सकेगी। उन्होंने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से लैस यह भवन पुलिस व्यवस्था को सशक्त करेगा और कानून-व्यवस्था को बनाए रखने में सहायक होगा।

एसपी अंबरीष राहुल ने बताया कि देवजरा क्षेत्र पूर्व में नक्सल प्रभावित रहा है और यहां जघन्य नरसंहार की घटनाएं हो चुकी हैं। वर्ष 2000 में बबन सिंह की हत्या कर दी गई थी। इसके बाद 2006 में घोड़ाडीहरी पंचायत के पूर्व मुखिया एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य अशोक कुमार सिंह समेत सात लोगों की नक्सलियों ने हत्या कर दी थी। घटना के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार स्वयं देवजरा पहुंचे थे और थाना निर्माण की घोषणा की थी। थाना निर्माण के लिए देवजरा निवासी स्वर्गीय बबन सिंह के वंशज एवं पूर्व मुखिया प्रतिनिधि पवन कुमार सिंह उर्फ बाबू सिंह ने दो बीघा से अधिक भूमि दान में दी थी। पवन कुमार सिंह ने कहा कि थाना बनने से क्षेत्र के लोगों में खुशी है और अब विधि-व्यवस्था से जुड़े कार्यों के लिए मदनपुर थाना नहीं जाना पड़ेगा। थाना तक सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के लिए बाईपास सड़क निर्माण का प्रस्ताव भी सरकार को भेजे जाने की बात कही गई है। कार्यक्रम में एसडीपीओ सदर-2 चंदन कुमार, प्रशिक्षु डीएसपी ज्योति कुमारी, प्रशिक्षु डीएसपी अभिषेक कुमार, थाना अध्यक्ष राजेश कुमार, एसआई रोहित कुमार सहित कई पुलिस अधिकारी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। गौरतलब है कि स्थानीय विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने थाना भवन निर्माण पूर्ण होने के बावजूद संचालन शुरू नहीं होने का मुद्दा विधानसभा में उठाया था। इसके बाद प्रशासनिक प्रक्रिया तेज हुई और अब विधिवत हस्तांतरण के साथ थाना संचालन का मार्ग प्रशस्त हो गया है। पुलिस अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि थाना शुरू होने से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ होगी और विकास कार्यों को भी गति मिलेगी।

## ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस का रंगोत्सव एक मार्च को

### चित्रगुप्त सभागार में होगा होली मिलन समारोह

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

शहर के कर्मा रोड स्थित चित्रगुप्त सभागार-सह-लोकनायक जयप्रकाश नारायण सांस्कृतिक भवन में एक मार्च को ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस के तत्वावधान में रंगोत्सव सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

जीकेसी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमल किशोर एवं जिला महासचिव अजय वर्मा ने बताया कि रंगोत्सव के अवसर पर समाज के प्रबुद्धजन, गणमान्य नागरिक, युवा और महिलाएं बड़ी संख्या में शामिल होंगे। समारोह के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, पारंपरिक होली गीत और आपसी सौहार्द का संदेश दिया जाएगा। इस मौके पर नवनियुक्त लोक अभियोजक अजय कुमार संतोष को सम्मानित भी किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन सामाजिक एकता, भाईचारे और सांस्कृतिक परंपराओं को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

समारोह में जिले के विभिन्न प्रखंडों से कायस्थ समाज के प्रतिनिधियों के भाग लेने की संभावना है। आयोजकों ने सभी सदस्यों से समय पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### विधिज्ञ संघ चुनाव : कोषाध्यक्ष पद से एक अभ्यर्थी ने लिया नाम वापस

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** जिला विधिज्ञ संघ, औरंगाबाद के सत्र 2026-28 के लिए चल रहे चुनाव प्रक्रिया के तहत नाम वापसी के अंतिम दिन शुक्रवार को कोषाध्यक्ष पद के एक अभ्यर्थी ने अपना नाम वापस ले लिया। पूर्व उपाध्यक्ष सुदर्शन यादव द्वारा नाम वापसी का आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिसे चुनाव समिति के अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद सिंह ने स्वीकार कर लिया। नाम वापसी के बाद कोषाध्यक्ष पद की चुनावी स्थिति में बदलाव आया है। चुनाव समिति द्वारा आगे की प्रक्रिया नियमानुसार जारी रखी जाएगी।

## स्कूल की छत से गिरीं दो छात्राएं, वॉशरूम जाने के दौरान दूसरी मंजिल पर पहुंचीं, हायर सेंटर रेफर

- तेज आवाज सुनकर शिक्षक और छात्राएं मौके पर पहुंचे, अफरा-तफरी का माहौल

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



शहर के अनुग्रह कन्या मध्य विद्यालय में शुक्रवार को दो मंजिला भवन की छत से गिरकर सातवीं कक्षा की दो छात्राएं घायल हो गईं। घायलों की पहचान गांधी नगर वार्ड संख्या-33 निवासी ओम प्रकाश सोनी की पुत्री पलक कुमार और गया जिले के डेल्हा निवासी छोटू साव की पुत्री सृष्टि कुमारी के रूप में हुई है। सृष्टि का परिवार फिलहाल सिन्हा कॉलेज मोड़ के पास किराए के मकान में रहता है। परिजनों के अनुसार दोनों छात्राएं नियमित रूप से स्कूल गई थीं। क्लास के दौरान वे वॉशरूम के लिए निकली थीं। इसी क्रम में वे भवन की दूसरी मंजिल पर पहुंच गईं। बताया जा रहा है कि छत पर उनका पैर फिसल गया और वे नीचे गिर पड़ीं। तेज आवाज सुनकर शिक्षक और अन्य छात्राएं मौके पर पहुंचे, जिसके बाद स्कूल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल हो गया।

विद्यालय के शिक्षकों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायल छात्राओं को इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे और दोनों को आगे के उपचार के लिए अन्य अस्पताल ले गए। सदर अस्पताल में परिजनों ने विद्यालय प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना था कि जब क्लास चल रही थी तो दोनों छात्राएं दूसरी मंजिल की छत तक कैसे पहुंच गईं। विद्यालय में निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए उन्होंने इसे प्रबंधन की चूक बताया। विद्यालय की प्राचार्य पूनम कुमारी ने बताया कि दोनों छात्राएं प्रथम तल पर शौचालय गई थीं। इसके बाद वे दूसरी मंजिल पर कैसे पहुंचीं, इसकी जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि घटना के तुरंत बाद छात्राओं को अस्पताल पहुंचाया गया। प्रशासनिक स्तर पर मामले की जांच की संभावना जताई जा रही है।

## फाइलेरिया की दवा खाने से 25 बच्चों की तबीयत बिगड़ी, सभी बच्चे खतरे से बाहर

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



ओबरा प्रखंड के करसावा स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में शुक्रवार को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत बच्चों को सामूहिक दवा सेवन कराया गया। दवा लेने के लगभग एक घंटे बाद 20 से 25 बच्चों ने पेट में जलन, चक्कर, सिरदर्द और उल्टी की शिकायत की, जिससे विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी मच गई। स्थिति को गंभीरता से लेते हुए शिक्षकों ने तुरंत स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी। सभी प्रभावित बच्चों को आनन-फानन में ओबरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उनका उपचार किया। प्राथमिक इलाज के बाद अधिकांश बच्चों की हालत में सुधार हुआ। चार बच्चों की स्थिति थोड़ी गंभीर होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद रेफर किया गया। वहां चिकित्सकों ने स्लाइन चढ़ाकर उपचार किया, जिसके बाद उनकी स्थिति भी स्थिर हो गई। फिलहाल सभी बच्चे खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं।

मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए औरंगाबाद के सिविल सर्जन सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कृष्ण कुमार ने बताया कि किसी भी दवा के कुछ संभावित दुष्प्रभाव हो सकते हैं और इसका असर सभी व्यक्तियों पर समान रूप से नहीं पड़ता। फाइलेरिया रोधी दवाएं—डीईसी, आइवरमेक्टिन और एलबेंडाजोल—के सेवन के बाद कुछ लोगों को मितली, उल्टी, पेट में जलन, चक्कर और सिरदर्द जैसी शिकायत हो सकती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन व्यक्तियों के शरीर में पहले से फाइलेरिया के कीटाणु मौजूद होते हैं, उनमें दवा असर करने पर इस प्रकार के लक्षण दिखाई दे सकते हैं। कई बार सामूहिक दवा सेवन के दौरान मनोवैज्ञानिक प्रभाव के कारण अन्य बच्चे भी समान लक्षण की शिकायत करने लगते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की शिकायतें सामान्य हैं और घबराने की आवश्यकता नहीं है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को सफल बनाने के लिए निर्भीक होकर दवा का सेवन करें और किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लें।

### होली से पहले डीजे सिस्टम थाना में जमा करने का निर्देश

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से हसपुरा थाना परिसर में शुक्रवार को डीजे संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने की। बैठक में थाना प्रभारी ने सभी डीजे संचालकों को निर्देश दिया कि वे होलिका दहन से पूर्व 28 फरवरी तक अपना डीजे सिस्टम थाना परिसर में जमा कर दें। यह भी स्पष्ट किया गया कि जमा किए गए सभी डीजे सिस्टम होली के बाद 7 मार्च तक थाना में ही रखे जाएंगे। निर्देश का पालन नहीं करने वाले संचालकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। थानाध्यक्ष के निर्देश पर एसआई राहुल कुमार ने भी सभी संचालकों को सख्त हिदायत दी कि होली के दौरान किसी भी कीमत पर डीजे नहीं बजाया जाएगा। चाहे होली मिलन समारोह हो या झूमटा कार्यक्रम, डीजे का प्रयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। थाना प्रभारी ने बताया कि पिछले वर्ष होली के दौरान डीजे बजाने को लेकर 50 से अधिक मारपीट की घटनाएं सामने आई थीं।

## दो दिवसीय विष्णुधाम महोत्सव आरंभ, इंडियन आइडल फेम कपिल थापा ने बांधा समां

**निज संवाददाता | जम्होर (औरंगाबाद)**



बिहार सरकार के पर्यटन विभाग और औरंगाबाद जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में बारुण प्रखंड के जम्होर-रढुआ स्थित विष्णुधाम मंदिर प्रांगण में शुक्रवार से दो दिवसीय विष्णुधाम महोत्सव का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत बिहार गीत के सामूहिक गायन से की गई, जिसके बाद अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर महोत्सव का विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज, बारुण के प्रखंड विकास पदाधिकारी नीरज कुमार तथा आयोजन समिति के अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह मौजूद रहे। अतिथियों को पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम स्थल पर जूनियर रेडक्रॉस एवं मिश्रीलाल लक्ष्मी नारायण कन्या उच्च विद्यालय, जम्होर की छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत किया।

वरीय उप समाहर्ता रितेश कुमार यादव ने कहा कि विष्णुधाम क्षेत्र की धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां श्रीहरि की परंपरागत विधि से पूजा-अर्चना की जाती है। सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह ने कहा कि पुनपुन और बटाने नदी के पावन संगम पर स्थित यह प्राचीन मंदिर आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि पुनपुन नदी को धर्मशास्त्रों में 'आदि गंगा' का दर्जा प्राप्त है और कार्तिक पूर्णिमा पर यहां विशाल मेला आयोजित होता है, जो इसकी धार्मिक महत्ता को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष से इस महोत्सव का आयोजन पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से हो रहा है, जिससे इसे व्यापक और सुव्यवस्थित स्वरूप मिला है। महोत्सव के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जो स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करते हैं और बाहरी कलाकारों की प्रस्तुतियों से कार्यक्रम की गरिमा बढ़ती है।

## होली को लेकर शांति समिति की बैठक



- संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल, डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध

**निज संवाददाता | गोह (औरंगाबाद)**

होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से उपहारा थाना परिसर में शुक्रवार दोपहर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता अंचल अधिकारी संजय कुमार और थाना प्रभारी आकाश कुमार ने की। बैठक में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। थाना प्रभारी आकाश कुमार ने स्पष्ट किया कि होली के दौरान किसी भी प्रकार की अशांति या अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही हुड़दंगियों और शराब के नशे में उपद्रव करने वालों पर विशेष निगरानी रखने की बात कही।

उन्होंने उपस्थित लोगों से अपील की कि होली का त्योहार आपसी भाईचारे और प्रेम के साथ मनाएं तथा किसी भी परिस्थिति में शांति व्यवस्था भंग न होने दें। क्षेत्र में किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को देने का आग्रह भी किया गया।

## ओबरा-अरंडा मेन रोड पर बालू लदा ट्रक गड्ढे में गिरा, ड्राइवर-खलासी सुरक्षित

- ट्रक का स्टेरिंग अचानक फेल होने से चालक नियंत्रण खो बैठा।

**निज संवाददाता | ओबरा (औरंगाबाद)**



औरंगाबाद जिले के ओबरा-अरंडा मुख्य मार्ग पर शुक्रवार दोपहर बालू लदा एक हाइवा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरा। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार वाहन का स्टेरिंग अचानक फेल हो गया, जिसके कारण चालक नियंत्रण खो बैठा। हालांकि इस दुर्घटना में ड्राइवर और खलासी बाल-बाल बच गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रक दाउदनगर से ओबरा की ओर जा रहा था। ओबरा-अरंडा मार्ग पर पहुंचते ही अचानक स्टेरिंग ने काम करना बंद कर दिया। तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

स्थानीय लोगों—अभय यादव, विजय यादव, मुन्ना शर्मा और मिथलेश कुमार—ने तत्परता दिखाते हुए चालक और खलासी को सुरक्षित बाहर निकाला। ग्रामीणों ने बताया कि यदि ट्रक पलट जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था, लेकिन वाहन गड्ढे में फंसकर रुक गया, जिससे जान-माल का नुकसान टल गया। घटना के बाद ग्रामीणों ने बालू लदे भारी वाहनों की नियमित तकनीकी जांच और ओवरलोडिंग पर सख्ती की मांग की है। उनका कहना है कि ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रशासन को वाहनों की फिटनेस और ओवरलोडिंग की सख्त निगरानी करनी चाहिए।